

निर्वाचन आयोग ने एनआईए से कहा- देसी बमों का उपयोग रोका जाए-12



एटीएफ कीमतों पर जल्द राहत दे सरकार, एयरलाइंस संगठनों की मांग-12



ट्रंप को झटका, न्यूयॉर्क में एनपीटी समीक्षा सम्मेलन में ईरान को चुना गया उपाध्यक्ष-13



प्रभसिमरन सिंह व मार्कस स्टोइनिस के अर्धशतकों से पंजाब ने चार विकेट पर 222 रन बनाए-14


आज का मौसम
36.0° अधिकतम तापमान
24.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.36
सूर्यास्त 06.40

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष त्रयोदशी 07:51 उपरांत चतुर्दशी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 29 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 26, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## गंगा एक्सप्रेसवे का आज पीएम मोदी करेंगे लोकार्पण

नई दिल्ली/हरदोई

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर में आज एक नया स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को प्रदेश के सबसे लंबे और महत्वाकांक्षी 'गंगा एक्सप्रेसवे' का लोकार्पण करेंगे। लगभग 36,230 करोड़ रुपये की लागत से बना यह 594 किमी लंबा एक्सप्रेसवे पश्चिमी उत्तर प्रदेश को सीधे पूर्वी उत्तर प्रदेश से जोड़ेगा।

लोकार्पण का मुख्य कार्यक्रम हरदोई जिले के मल्लावां में आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री यहाँ एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे और एक्सप्रेसवे के एक हिस्से का पैदल भ्रमण भी कर सकते हैं।




● मेरठ से प्रयागराज का सफर मात्र 6 घंटे में, हरदोई में होगा भव्य समारोह

प्रशासन ने सुरक्षा और तैयारियों के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं।

**आर्थिक क्रांति का आधार :** माना जा रहा है कि यह एक्सप्रेसवे न केवल सफर को आसान बनाएगा, बल्कि इसके किनारे इंडस्ट्रियल क्लस्टर विकसित होने से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के लाखों नए अवसर पैदा होंगे। उद्घाटन के तुरंत बाद आम जनता के लिए इसे खोल दिया जाएगा और वाहनों का संचालन शुरू हो जाएगा।

### 12 जिलों और 519 गांवों को सीधा लाभ

यह एक्सप्रेसवे मेरठ के बिजौली गांव से शुरू होकर प्रयागराज के जूदापुर दांडू गांव तक जाता है। यह मार्ग हापुड़, बुलंदशहर, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली और प्रतापगढ़ समेत कुल 12 जिलों से होकर गुजरता है। इसके शुरू होने से मेरठ से प्रयागराज की दूरी, जो पहले 12-14 घंटे में तय होती थी, अब घटकर मात्र 6 से 7 घंटे रह जाएगी।

### खासियतें जो बनाती हैं इसे 'सुपर हाईवे'

**इमरजेंसी एयरस्ट्रिप :** शाहजहांपुर में 3 .5 किमी लंबी हवाई पट्टी बनाई गई है, जहाँ युद्ध की स्थिति में वायुसेना के लड़ाकू विमान उतर सकेंगे।

**हाई-स्पीड सफर :** इस 6-लेन (जिसे 8-लेन तक बढ़ाया जा सकता है) एक्सप्रेसवे पर वाहनों के लिए 120 किमी/घंटा की रफ्तार तय की गई है।

**आधुनिक सुविधाएं :** यात्रियों के लिए रास्ते में ट्रॉमा सेंटर, फूड कोर्ट और इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन की सुविधा मिलेगी।

## बंगाल चुनावः दूसरे चरण का मतदान आज

**नई दिल्ली/कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए बुधवार को 142 सीटों पर मतदान हो रहा है। चुनाव आयोग ने इस चरण को आपराधिक तत्वों से मुक्त रखने और बमबाजी की घटनाओं पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी की सेवाएं लेने का बड़ा फैसला किया है। चुनाव आयोग के सूत्रों के अनुसार, राज्य में चुनावी हिंसा के पुराने इतिहास को देखते हुए सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। बड़ी संख्या में केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ-साथ इस बार विशेष रूप से एनआईए को तैनात किया गया है ताकि बमों के इस्तेमाल और किसी भी आतंकी या आपराधिक साजिश को नाकाम किया जा सके। राज्य की 294 सदस्यीय विधानसभा के लिए हो रहे इस चुनाव के पहले चरण (23 अप्रैल) में 93 प्रतिशत रिकॉर्ड मतदान हुआ था, हालांकि कुछ जगहों पर पथराव और हिंसा की छिटपुट घटनाएं भी हुई थीं। इसी को देखते हुए दूसरे चरण के लिए आयोग अधिक सतर्क है। आज हो रहे मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां कल ही केंद्रों पर पहुँच चुकी थीं। इस पूरे चुनाव की मतगणना 4 मई को होगी।

## पुलिस में एक लाख नई भर्ती इसी साल: योगी



● उप्र पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित 936 प्रधान परिचालक को मिले नियुक्ति पत्र

● मुख्यमंत्री बोले, नौ वर्षों में यूपी पुलिस में हुई भर्ती कई राज्यों की कुल ताकत से अधिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को युवाओं के लिए बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में इस वर्ष पुलिस बल में एक लाख नई भर्तियां की जाएंगी। उन्होंने कहा कि योग्य और सक्षम युवा बड़ी संख्या में पुलिस सेवा से जुड़ना चाहते हैं और भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड उन्हें निष्पक्ष अवसर उपलब्ध करा रहा है।

मुख्यमंत्री इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग के 936 प्रधान परिचालक व प्रधान परिचालक (यांत्रिक) को नियुक्ति पत्र वितरित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिन में यूपी होमगार्ड में भी 41 हजार भर्ती के लिए परीक्षा हुई। सिविल पुलिस, एसआई, होमगार्ड आदि की भर्ती प्रक्रिया तेजी से बढ़ी है। प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और ईमानदारी के साथ संपन्न हुई है। अब नवचयनित अभ्यर्थियों का दायित्व है कि वे भी उसी निष्ठा और साफ नीयत से अपनी सेवाएं दें।

उन्होंने बताया कि हाल ही में प्रदेश के 112 केंद्रों पर 60 हजार आरक्षियों की दीक्षांत परेड आयोजित हुई, जिसके बाद ये सभी जवान फील्ड में तैनात हो चुके हैं। पिछले नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश पुलिस में 2.20 लाख से अधिक कार्मिकों की भर्ती की जा चुकी है, जो कई राज्यों की कुल पुलिस क्षमता से भी अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की सबसे बड़ी सिविल पुलिस का प्रदेश है, जहां 25 करोड़ की आबादी को सुरक्षा देने की जिम्मेदारी पुलिस बल पर है।

### पहले होती थी सिफारिश और लेनदेन

मुख्यमंत्री ने कहा कि नौ वर्ष पहले भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव था और लेनदेन व भेदभाव की शिकायतें आम थीं। लेकिन अब पूरी व्यवस्था बदल चुकी है, जहां बिना किसी सिफारिश या धन के योग्य अभ्यर्थियों को अवसर मिल रहा है। उन्होंने नवचयनितों से अपेक्षा की कि वे भी ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभाएं। योगी ने कहा कि पुलिस अब केवल कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के साथ ही प्रदेश को सिर्फ माफिया-दंगा मुक्त प्रदेश ही नहीं बना रही है, बल्कि भारत की इकॉनमी ग्रोथ में भी अप्रत्यक्ष रूप में योगदान दे रही है।

### नियुक्ति पत्र पाकर युवा उत्साहित

मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र प्राप्त कर युवा अभ्यर्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। मऊ की पूजा गुप्ता, लखनऊ की वैशाली, झांसी की शालिनी आनंद, मेरठ के अमन त्यागी सहित विभिन्न जिलों के अभ्यर्थियों को मंच पर सम्मानित किया गया। सभी ने इसे अपने जीवन का गौरवपूर्ण क्षण बताया।

### न्यूज ब्रीफ

**आरटीई दाखिले में देरी मौलिक अधिकार का हनन : सुप्रीम कोर्ट**

**नई दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने पूर्व-प्राथमिक शिक्षा को 'राष्ट्रीय मिशन' बताते हुए कहा है कि आरटीई के तहत गरीब बच्चों को दाखिला देना निजी स्कूलों की संवैधानिक जिम्मेदारी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सरकार द्वारा आवंटित छात्रों को प्रवेश देने से मना करना अनुच्छेद 21ए के तहत शिक्षा के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। यह आदेश लखनऊ के एक मामले में आया, जहाँ लखनऊ पब्लिक स्कूल ने सरकारी सूची में नाम होने के बावजूद एक छात्र को 'पात्रता में अनिश्चितता' का हवाला देकर प्रवेश नहीं दिया था। न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने कहा कि स्कूलों के पास आवंटन के बाद देरी करने का कोई कानूनी आधार नहीं है और उन्हें समाज के वंचित वर्गों के लिए आरक्षित 25% सीटों का नियम सख्ती से मानना होगा।

**पंजाब में विस्फोट, रेलवे ट्रैक उड़ाने की कोशिश**

**चंडीगढ़।** पटियाला के शंभू इलाके के पास सोमवार देर रात एक मालगाड़ी कॉरिडोर की रेलवे पटरी पर विस्फोट की घटना सामने आई है। पुलिस ने मंगलवार को इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चार संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी वरुण शर्मा ने बताया कि यह रेलवे पटरी को क्षति पहुंचाने का प्रयास था। विस्फोट से पटरी को आंशिक नुकसान पहुँचा है और घटनास्थल पर एक छोटा गड्ढा बन गया है। पुलिस को मौके से एक शव भी बरामद हुआ है, जिसकी पहचान की जा रही है। पिछले तीन महीनों में क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी यह दूसरी बड़ी घटना है।

**डिजिटल अरेस्ट वाले 9,400 वॉट्सएप ब्लॉक**

**नई दिल्ली।** देश में बढ़ते 'डिजिटल अरेस्ट' घोटाले पर नकेल कसते हुए केंद्र सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। भारत के अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि वर्ष 2026 में अब तक वॉट्सएप ने लगभग 9,400 संदिग्ध अकाउंट्स को ब्लॉक कर दिया है। इन खातों का इस्तेमाल लोगों से अवैध वसूली के लिए किया जा रहा था। **विस्तृत देश-दुनिया पर**

# परिवारवादी दल देश की बहनों-बेटियों को संसद नहीं आने देना चाहते : मोदी

## काशी में जन आक्रोश महिला सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ परिवारवादी दल नारी शक्ति से भयभीत हैं और नहीं चाहते कि महिलाएं विधानसभा और संसद तक पहुंचें। उन्होंने कहा कि विपक्ष को डर है कि यदि महिलाएं बड़ी संख्या में राजनीति में आईं, तो उनकी पारंपरिक राजनीति समाप्त हो जाएगी।

पीएम मोदी मंगलवार दोपहर दो दिवसीय दौरे पर काशी आने के बाद शाम को बरेका में आधी आबादी से खचाखच भरे जन आक्रोश महिला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। यहां महिलाओं के बीच से होकर पीएम मंच पर पहुंचे। उन्होंने जैसे ही 6332 करोड़ रुपये की 163 योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया, पूरा पंडाल "हर-हर महादेव" और "मां गंगा" के जयघोष से गूंज उठा। पीएम ने बनारस-पुणे व अयोध्या-मुंबई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी भी दिखाई। प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मेलन में "हर-हर महादेव" के उद्घोष के साथ संबोधन की शुरुआत की। काशी की आध्यात्मिक महत्ता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नगरी माता श्रृंगार गौरी, माता अन्नपूर्णा, माता विशालाक्षी, माता संकट मोचन की शक्ति और मां गंगा की पावन धारा से समृद्ध है। प्रधानमंत्री ने काशी की महिलाओं को नमन करते हुए कहा कि आज का यह अवसर नारी शक्ति के वंदन और विकास का उत्सव है। मोदी ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी और एनडीए की सोच "नारी शक्ति का सम्मान" और "नागरिक देवो भवः" की भावना पर आधारित है। प्रधानमंत्री ने महिलाओं से आह्वान किया कि वे देश को विकसित बनाने के इस अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करें।

पीएम ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में लंबे समय तक महिलाएं उपेक्षित रहीं। उन्होंने कहा कि कई बार महिलाओं से सवाल तक नहीं पूछे जाते थे और सीधे निर्णय थोप दिए जाते थे। यह स्थिति केवल काशी ही नहीं, बल्कि देश के अधिकांश हिस्सों में बहन-बेटियों का अनुभव रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह करीब 25 वर्ष पहले गुजरात के मुख्यमंत्री बने, तब उन्होंने इस सोच को बदलने का संकल्प लिया।



वाराणसी में महिला सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब, प्रधानमंत्री ने किया जनता का अभिवादन।

● 6332 करोड़ की परियोजनाओं का पीएम ने किया शिलान्यास व लोकार्पण

● बनारस-पुणे व अयोध्या-मुंबई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई

### उस मां को नमन जिन्होंने मोदी जैसे पुत्र को जन्म दिया : नितिन नबीन

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने अपने भावुक संबोधन में कहा कि वह उस मां को नमन करते हैं, जिन्होंने नरेंद्र मोदी जैसे पुत्र को जन्म दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए कार्य सराहना और गर्व के पात्र हैं। ट्रिपल तलाक पर लिए गए फैसले से मुस्लिम महिलाओं को सम्मान मिला है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है।

## 4 मई को किसानों को मिलेगी 122.28 करोड़ की फसल क्षतिपूर्ति

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रतिकूल मौसम से प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए राज्य सरकार द्वारा 4 मई को कुल 122 .28 करोड़ रुपये किसानों के खातों में भेजे जाएंगे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ 2025 और रबी 2025-26 सीजन की फसल क्षतिपूर्ति के रूप में रूपये किसानों को मिलेंगे। यह वितरण प्रदेश के सभी जिलों में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में होगा। कृषि सांख्यिकी एवं फसल बीमा निदेशक सुमिता सिंह ने बताया कि खरीफ 2025 की कुल देय क्षतिपूर्ति 730 .04 करोड़ रुपये में से 624 .88 करोड़ पहले ही वितरित किए जा चुके हैं, जबकि शेष 105 .16 करोड़ रुपये 4 मई को दिए जाएंगे। वहीं रबी 2025-26 के तहत 17 .11 करोड़ रुपये का भुगतान भी इसी दिन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 21 फरवरी 2026 को मुख्यमंत्री द्वारा 'वन क्लिक' के माध्यम से 2 .51 लाख किसानों को 285 करोड़ रुपये वितरित किए गए थे। वर्ष 2017-18 से अब तक 67 .86 लाख किसानों को 5755 .68 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति दी जा चुकी है। योजना के तहत धान, मक्का, बाजरा, दालें, तिलहन सहित रबी की फसलों को कवर किया गया है। किसानों के लिए प्रीमियम दरें कम रखी गई हैं और शेष प्रीमियम का भार केंद्र व राज्य सरकार उठाती है।

## 3.8 अरब रुपये सिक्योरिटी मनी लौटाने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) अमित कुमार घोष के सख्त हस्तक्षेप के बाद नीट काउंसलिंग में अभ्यर्थियों की सिक्योरिटी मनी वापस करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। उन्होंने मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए लगभग 30 हजार अभ्यर्थियों की करीब 3.8 अरब रुपये की राशि तत्काल लौटाने के निर्देश दिए हैं।

मामले में अनावश्यक देरी को गंभीरता से लेते हुए अपर मुख्य सचिव ने भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को संबंधित खाते बंद करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई करने को कहा गया है। अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) अमित कुमार घोष के निर्देश पर कार्यालय महानिदेशक चिकित्सा एवं प्रशिक्षण से संबद्ध आचार्य डॉ. राहुल और आशुलिपिक मोहम्मद इरफान अंसारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। अन्य दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।




● नीट काउंसलिंग: 30हजार अभ्यर्थियों की सिक्योरिटी मनी रिफंड में तेजी, एसीएस के सख्त रुख से कार्रवाई शुरु

### क्या है पूरा मामला

नीट काउंसलिंग में शामिल अभ्यर्थियों की सिक्योरिटी मनी लंबे समय से लंबित थी। लगभग 30 हजार छात्रों के 3 .8 अरब रुपये फंसे हुए थे। अपर मुख्य सचिव के हस्तक्षेप के बाद रिफंड प्रक्रिया में आई तेजी। लापरवाही पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरु

## बड़ी कार्रवाई: ईडी ने कुर्क किया अनिल अंबानी का फ्लैट और बेटे का फार्महाउस

नई दिल्ली, एजेंसी

● 3,034 करोड़ की संपत्ति पर कार्रवाई; कोकिलाबेन अंबानी की प्रॉपर्टी भी शामिल

● वित्तीय लेन-देन की तह तक जाने के लिए सबूतों को खंगाल रहीं जांच एजेंसियां

ईडी ने रिलायंस कम्युनिकेशंस (आरकॉम) से जुड़े बैंक धोखाधड़ी और धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) मामले में बड़ी कार्रवाई की है। जांच एजेंसी ने मंगलवार को उद्योगपति अनिल अंबानी के मुंबई स्थित फ्लैट और उनके बेटे जय अंशुल अंबानी के खंडाला स्थित फार्महाउस को कुर्क कर लिया। यह कार्रवाई 3,034 करोड़ रुपये के अस्थायी कुर्की आदेश के तहत की गई है।

ईडी ने एक आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई है। आरकॉम, अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस अनिल अंबानी समूह (आरएएजी) की प्रमुख कंपनी है। मनी लॉन्ड्रिंग का यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज की गई विभिन्न प्राथमिकियों पर आधारित है। यह शिकायतें भारतीय स्टेट बैंक, पीएनबी, बैंक ऑफ बड़ौदा और एलआईसी जैसे प्रमुख वित्तीय संस्थानों द्वारा आरकॉम और अनिल अंबानी के खिलाफ दर्ज कराई गई थीं। रिलायंस अनिल अंबानी समूह (आरएएजी) के प्रवक्ता ने इस कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि कुर्क की गई संपत्तियों में से कुछ अनिल अंबानी की मां कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी के नाम पर भी हैं। जांच एजेंसी अब इस मामले के वित्तीय लेन-देन की तह तक जाने के लिए सबूतों को खंगाल रही है।

## हर धार्मिक संस्था के लिए नियम जरूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी धार्मिक संस्था के प्रबंधन के अधिकार का अर्थ 'व्यवस्था का अभाव' नहीं हो सकता। नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने मंगलवार को कहा कि चाहे मंदिर हो या दरगाह, हर संस्थान के कामकाज के लिए एक व्यवस्थित ढांचा और नियम होना अनिवार्य है, ताकि अराजकता की स्थिति पैदा न हो।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला ने महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रबंधन के अधिकार का मतलब ढांचे का अभाव नहीं है। हर संस्था में धार्मिक क्रियाओं का एक तरीका और कार्यों के संपादन का क्रम होता है जिसे विनियमित करना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा नहीं हो सकता कि कोई भी व्यक्ति अपनी मर्जी से काम करे या द्वार बिना किसी नियंत्रण के खुले रहें। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह प्रबंधन और नियम संवैधानिक सीमाओं का उल्लंघन नहीं कर सकते। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ-सदस्यीय पीठ केरल के शबरिमला मंदिर सहित विभिन्न धर्मों में महिलाओं के साथ भेदभाव और धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। पीठ में न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना, न्यायमूर्ति एम. एम. सुंदरेश, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्ला सहित अन्य वरिष्ठ न्यायाधीश शामिल हैं।

हजरत ख्वाजा निजामुद्दीन औलिया की दरगाह से जुड़ी चिश्ती निजामी परंपरा की ओर से अधिवक्ता निजाम पाशा ने दलील दी कि दरगाह में प्रवेश को विनियमित करना प्रबंधन का हिस्सा है।



● सुप्रीम कोर्ट ने कहा- मंदिर हो या दरगाह, हर संस्थान के कामकाज के लिए व्यवस्थित ढांचा-नियम जरूरी

तकनीक | 73 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में लगी आधुनिक तकनीक ; लागत हुई आधी और एथनॉल उत्पादन में भी भारी उछाल दर्ज

## ड्रिप इरीगेशन से गन्ना उत्पादन में 25% तक बढ़ोतरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊः

उप्र की योगी सरकार द्वारा कृषि में आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग की 'ड्रिप इरीगेशन' (बूंद-बूंद सिंचाई) योजना के चलते राज्य में गन्ने के उत्पादन में 25 प्रतिशत तक की प्रभावशाली बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कम बारिश और सीमित संसाधनों वाले क्षेत्रों के लिए यह तकनीक वरदान साबित हो रही है।

**9 साल में 73 हजार हेक्टेयर क्षेत्र कवर :** विभागीय आंकड़ों के अनुसार, पिछले नौ वर्षों में प्रदेश के 73,078 हेक्टेयर गन्ना क्षेत्र में ड्रिप इरीगेशन संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इस तकनीक की सबसे बड़ी खूबी यह है कि इसमें पौधों की जड़ों तक सीधे बूंद-बूंद पानी पहुँचाया जाता है। इससे न केवल 50 प्रतिशत तक जल की बचत होती है, बल्कि उर्वरकों (खाद) को पानी में घोलकर सीधे पौधों तक पहुँचाने से खाद की खपत भी आधी रह गई है। लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि से किसानों की आय में सीधा सुधार हुआ है।



### एथनॉल उत्पादन में यूपी की लंबी छलांग

गन्ने की खेती के साथ-साथ प्रदेश में एथनॉल के मोर्चे पर भी बड़ी सफलता मिली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि :

**चीनी मिलों का विस्तार :** वर्ष 2017 तक केवल 37 चीनी मिलों में एथनॉल प्लांट थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर 53 हो गई है।

**उत्पादन में वृद्धि :** एथनॉल उत्पादन क्षमता 88 करोड़ लीटर से बढ़कर अब 258 करोड़ लीटर वार्षिक हो गई है।

**वास्तविक उत्पादन :** वास्तविक उत्पादन भी 42 करोड़ लीटर से बढ़कर 137 करोड़ लीटर तक पहुँच चुका है।

### कम बारिश वाले क्षेत्रों को मिला सहारा

कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि यह तकनीक उन इलाकों के लिए गेम-चेंजर साबित हुई है जहाँ भूमि क्षारयुक्त है या बारिश कम होती है। ड्रिप इरीगेशन और एथनॉल उत्पादन के इस दोहरे मॉडल से न केवल किसानों को उनके गन्ने का बेहतर मूल्य मिल रहा है, बल्कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिली है। सरकार का दावा है कि ये कदम किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य की ओर एक बड़ा कदम हैं।

अमृत विचार

मुरादाबाद, बुधवार, 29 अप्रैल 2026



## ब्रीफ न्यूज

### पंचायती राज मंत्री ओपी राजभर आज शहर में

**मुरादाबाद अमृत विचार :** प्रदेश के पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग के मंत्री ओम प्रकाश राजभर बुधवार की अलसुबह ट्रेन से मुरादाबाद पहुंचेंगे। यहां से सर्किट हाउस विश्राम के लिए आएंगे। सर्किट हाउस में उनके मंत्रालय के विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ सुबह 10 से 11:00 बजे तक बैठक के लिए समय आरक्षित किया गया है। इसके बाद वह अमरोहा के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां कई कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद शाम को रेलवे स्टेशन मुरादाबाद आएंगे। इसके बाद वह ट्रेन से लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे।

### नाबालिग की पिटाई मुकदमा दर्ज कराया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनपद के थाना गलशहीद क्षेत्र के गली नंबर चार में दंबगों द्वारा 25 अप्रैल को एक नाबालिग के साथ मारपीट करने का वीडियो वारयल हो रहा है। जिसमें कुछ दंबग एक नाबालिग को मारते हुए साफ दिखाई दे रहा हैं। पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने की बजाए पीड़ित पक्ष के लोगों पर मुकदमा दर्ज कर दिया है। 25 अप्रैल को असालतपुरा गली नंबर चार के निवासी अरमान और वहीं के रहने वाले भूड के चौराहे के रहने वाले मो. जैद के बीच शादी के कार्ड बांटने को लेकर कहासुनी हुई। आरोप है कि इसके बाद जैद की ओर आए पांच लोगों नाबालिग अरमान की जमकर पिटाई कर दी। इससे हंगामा हुआ। किसी व्यक्ति ने मारपीट की वीडियो बना ली। जो मंगलवार को वायरल हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार को नाबालिग के साथ मारपीट करने वाले उसी के परिजनों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया।

### वृद्धाश्रम में की बुजुर्गों की सेवा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपल परिवार के धार्मिक प्रकोष्ठ की सदस्य मंगलवार को सेवाभावना के साथ मिलन विहार स्थित वृद्धाश्रम में पहुंचीं। भीषण गर्मी में यहां रह रहे बुजुर्गों का हाल जाना। उनके साथ भोजन ग्रहण किया। संस्था की सदस्यों ने उनकी सेवा की। अध्यक्ष नेहा मेहरोत्रा ने कहा कि सेवा परमोधर्म के अंतर्गत आगे भी ऐसे कार्य किए जाएंगे। इस दौरान सोनिया, चांदनी, अनामिका, श्वेता, कविता, पूनम आदि मौजूद रहीं।

### अमरोहा के मंगरौला और संभल के लहरावन में देख सकेंगे प्रधानमंत्री के उद्घाटन का सीधा प्रसारण, प्रभारी मंत्री रहेंगे मुख्य अतिथि

# गंगा एक्सप्रेस-वे आज चालू होने से क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, संभल




वाहनों के फर्राटा भरने के लिए तैयार गंगा एक्सप्रेस वे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को हरदोई से गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करेंगे। इस मेगा परियोजना के शुरू होने से पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के बीच आवागमन बेहद सुगम हो जाएगा। वहीं संभल जनपद के आर्थिक और औद्योगिक विकास को भी नई गति मिलने की उम्मीद है। जनपद संभल में लहरावन इंटरचेंज के पास कार्यक्रम का सजीव प्रसारण होगा, जिसमें पांच हजार से अधिक लोगों की भागीदारी का लक्ष्य रखा गया है।

गंगा एक्सप्रेस-वे मेरठ से प्रयागराज तक लगभग 594 किलोमीटर लंबा सिक्स लेन एक्सप्रेस-वे है, जिसे भविष्य में आठ लेन तक विस्तारित किया जा सकता है। इस एक्सप्रेस-वे पर वाहनों की अधिकतम गति 120 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है, जबकि भारी वाहनों के लिए 80 किलोमीटर प्रति घंटा की सीमा तय की गई है। सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए पूरे एक्सप्रेस-वे पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और ओवरस्पीडिंग पर ऑटोमेटिक चालान की व्यवस्था की गई है। दोपहिया वाहनों का संचालन इस मार्ग पर पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। संभल जनपद में गंगा एक्सप्रेस-वे करीब 38.650 किलोमीटर लंबाई में चैनज 92 से 131 के बीच गुजर रहा है। इसके निर्माण के लिए जिले के 31 गांवों की भूमि अधिग्रहित की गई है। जनपद में दो प्रमुख इंटरचेंज बनाए गए हैं, जिनमें खिरनी मोहिद्दीनपुर (चैनज 102) और लहरावन (चैनज 123) शामिल हैं। लहरावन कट के समीप अचलपुर गांव में स्थानीय स्तर पर उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जहां बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की तैयारी है।

**घट जायेगी दिल्ली, लखनऊ व प्रयागराज की दूरी :** डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि एक्सप्रेस-वे के शुरू होने से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की दूरी लगभग 160 किलोमीटर रह जाएगी। इसके चलते नोएडा तक की दूरी लगभग डेढ़ घंटे, दिल्ली दो घंटे, लखनऊ करीब तीन घंटे और बरेली लगभग सवा घंटे में तय की जा सकेगी। इससे व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों तक पहुंच आसान होगी। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेस-वे के किनारे औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए खिरनी क्षेत्र में 239 हेक्टेयर भूमि पर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। भविष्य में 300 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण की योजना भी है। इस कॉरिडोर के विकसित होने से फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री सहित विभिन्न उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। एक्सप्रेस-वे को पूरी तरह पुलिस ने नियंत्रण में ले लिया है। कार्यक्रम संपन्न होने तक किसी भी प्रकार के वाहन संचालन पर रोक रहेगी। स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम संचालन होमगार्ड राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति द्वारा किया जाएगा।

## उद्घाटन का साक्षी बनने के लिए आज मंगरौला में उमड़ेगा जनसैलाब

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा



उद्घाटन की तैयारियों के संबंध में बैठक करते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के विकास को नई रफ्तार देने वाले गंगा एक्सप्रेस-वे का बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भव्य उद्घाटन करेंगे। इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने के लिए तहसील क्षेत्र के गांव मंगरौला में विशाल लाइव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की गरिमामयी उपस्थिति में होने वाले इस समारोह में करीब पांच हजार लोगों के जुटने की संभावना है। डीएम नितिन गौड़ ने बताया कि कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री केपी मलिक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे जबकि अति विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा सांसद चौधरी कवर सिंह तंवर रहेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष उदयगिरि गोस्वामी, जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर, सदस्य विधान परिषद डॉ हरि सिंह ढिल्लों, विधायक हसनपुर महेंद्र सिंह खड़गवंशी, विधायक धनौरा राजीव तरारा, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, एमएलसी सत्यपाल सिंह सैनी भी रहेंगे। प्रशासन ने जर्मन हैंगर, वॉटर स्प्रिंकलर और भोजन-पानी के व्यापक इंतजाम किए हैं। अमरोहा से प्रयागराज की 550 किलोमीटर की दूरी मात्र 6 घंटे में तय होगी। जिले में एक्सप्रेस-वे का 23.6 किमी हिस्सा है, जिसका मुख्य एंट्री-एग्जिट पॉइंट मंगरौला में बनाया है।

# बंदरों के उत्पात से नागरिकों की जान पर आफत, कई को काटा

### महानगर की कॉलोनियों में बंदरों के चलते लोग दरवाजे पर लगा रहे जाली

- विभागों की रस्साकसी में पिस रहे नागरिक, बंदर वन्यजीव नहीं कहकर वन विभाग के अधिकारियों ने झाड़ा पल्ला

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



बंदर के हमले से घायल वृद्ध।

**अमृत विचार:** बंदर शहरी आबादी में नागरिकों की जान पर आफत बने हैं। वेव ग्रीन कॉलोनी और आशियाना फेज एक और दो में बंदरों का झुंड उत्पात मचा रहा है। वह लोगों को काटकर जख्मी कर रहे हैं। साथ ही खाने की सामग्री को छीनने के लिए वह झपट्टा मार रहे हैं। जिससे हड़बड़ाहट में लोग गिरकर भी चोटिल हो जा रहे हैं।

पॉश इलाके की कॉलोनी वेव ग्रीन, एमडीए की कॉलोनी आशियाना फेज एक और दो के अलावा रामगंगा विहार, कांठ रोड की अन्य कॉलोनियों में बंदरों का उत्पात जारी है। बंदर झुंड में घरों की बालकनी, छत, दरवाजे, पार्क में पहुंचकर लोगों को जख्मी कर रहे हैं। लोग अपनी सुरक्षा के लिए घरों की बालकनी को जाली से ढक रहे हैं। जिससे बंदरों का झुंड उनके घर में आकर उत्पात न करे। बंदरों का झुंड कॉलोनियों के पार्क में भी सुबह और शाम को पहुंच रहे हैं। उनके घर से बच्चे और बुजुर्ग सार्वजनिक पार्क में जाने से कतरा रहे हैं। इसके अलावा कई बार मुख्य मार्ग भी अचानक बंदर दौड़ लगा देते हैं जिससे वाहन चालक असंतुलित होकर चोटिल हो रहे हैं। वेवग्रीन सोसाइटी में बंदरों के आतंक से लोग सहमे हैं। भूपेंद्र सिंह, ओमप्रकाश अग्रवाल आदि को बंदरों से काटकर जख्मी कर दिया है। जिससे उनके सहित कॉलोनी के अन्य लोग भी भयभीत हैं। वहीं वन विभाग और नगर निगम एक दूसरे पर जिम्मेदारी मढ़ रहे हैं। विभागों की रस्साकसी में लोग बंदरों के उत्पात से जख्मी हो रहे हैं।

> प्रमुख सचिव पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन के द्वारा स्पष्ट रुप से आदेश जारी किया गया था कि बंदरों के प्रबंधन की पूरी जिम्मेदारी उनके विभाग की है। इसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश का भी उल्लेख किया गया है। इसके आधार पर नगर विकास विभाग को इसमें केवल सहयोग प्रदान करना है। बंदरों को पकड़ने का काम वन विभाग का है। नगर निगम इसमें सहयोग करने को हमेशा तैयार है। लेकिन वन विभाग अपनी जिम्मेदारी से कैसे पीछे हट सकता है।
>
> **-अजीत कुमार सिंह**, अपर नगर आयुक्त

> बंदरों का झुंड कहीं से शहरी क्षेत्र में आ गया है। पेट भरने के लिए आबादी क्षेत्र में उन्हें रोटी, मूंगफली, चना आदि मिल जाता है। जिसके लालच में बंदर पहुंच रहे हैं। हालांकि अप्रैल 2023 से बंदर वन्यजीव नहीं माना गया है। इस संबंध में शासनादेश भी स्पष्ट है। इसमें वन विभाग का कोई हस्तक्षेप नहीं है। **-अविनाश पांडेय**, डीएफओ

## स्मार्ट मीटर से परेशान उपभोक्ताओं की विद्युत केंद्रों पर भीड़, हंगामा

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जिले के विभिन्न विद्युत केंद्रों और उपकेंद्रों पर स्मार्ट मीटर से परेशान उपभोक्ताओं की सुबह से ही भीड़ जुट रही है। उपभोक्ता समस्या समाधान के लिए अधिकारियों के चक्कर काटते रहे। विद्युत केंद्रों पर स्मार्ट मीटर लगाने वाली टेलीकॉम कंपनी के कर्मचारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के फायदे बताते हुए उन्हें लगाने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया।

हालांकि, कंपनी के कर्मचारियों के समझाने के बावजूद अधिकांश उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर को लेकर असहमति जताई है। सिविल लाइन के उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनकी समस्याएं बढ़ गई हैं। कुछ उपभोक्ता मीटर में यूनिट तेजी से बढ़ने की शिकायत कर रहे हैं और बिल का भुगतान करने के बावजूद कई दिनों तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनकर समाधान का आश्वासन दिया है।

## रेलवे ने चलाई दो जोड़ी और ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- गाड़ी संख्या 05579-80 पूर्णिया कोर्ट-आनंद विहार टर्मिनल-पूर्णिया कोर्ट तक चलेगी
- गाड़ी संख्या 05575 सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल 28 अप्रैल से 14 जुलाई तक 12 फेरे चलेगी

**अमृत विचार:** गर्मी के दौरान रेल यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन ने दो जोड़ी और ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों के संचालन की घोषणा की है। इसमें गाड़ी संख्या 05579-80 पूर्णिया कोर्ट-आनंद विहार टर्मिनल-पूर्णिया कोर्ट तक और गाड़ी संख्या 05575-76 शामिल है।

उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश यादव ने बताया कि गाड़ी संख्या 05579 पूर्णिया कोर्ट से आनंद विहार टर्मिनस के लिए शुक्रवार और रविवार को 26 अप्रैल से 12 जुलाई तक ( 22 मई को छोड़कर ) कुल 22 फेरे संचालित की जाएगी। जबकि गाड़ी संख्या 05580आनंद विहार टर्मिनल से पूर्णिया कोर्ट तक रविवार व मंगलवार को 26 अप्रैल से 14 जुलाई तक (24 मई को छोड़कर) कुल 22 फेरे संचालित की जाएगी। गाड़ी संख्या 05579 पूर्णिया कोर्ट से चलकर गोरखपुर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, हापुड़ होते हुए आनंद विहार टर्मिनस तक जाएगी। वह गाड़ी संख्या 05580 आनंद विहार टर्मिनल से निर्धारित शेड्यूल के अनुसार इन्हीं स्टेशनों से होते हुए पूर्णिया कोर्ट तक जाएगी।

इसके अलावा गाड़ी संख्या 05575 सहरसा-आनंद विहार टर्मिनल 28 अप्रैल से 14 जुलाई तक कुल 12 फेरे मंगलवार को संचालित होगी। जबकि गाड़ी संख्या 05576 आनंद विहार टर्मिनल से सहरसा के लिए गुरुवार को 30 अप्रैल से 16 जुलाई तक कुल 12 फेरे संचालित होगी।

# सरकारी भूमि जेसीबी से की कब्जा मुक्त

- रामपुर के सदर तहसील क्षेत्र में राजस्व विभाग और पालिका टीम ने की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता रामपुर



रामपुर के सदर तहसील क्षेत्र में सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाती जेसीबी।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार जिले में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान जारी है। मंगलवार को तहसील सदर क्षेत्र के मोहल्ला मदरसा कोहना में स्थित खसरा संख्या 384 पर अवैध कब्जे को हटाया गया। चाहरदीवारी को जेसीबी से ध्वस्त कराई गई।

ये भूमि नगर पालिका के अभिलेखों में नजूल भूमि के रूप में दर्ज है। अवैध कब्जे की शिकायत प्राप्त होने पर प्रशासन द्वारा त्वरित संज्ञान लिया गया। नजूल भूमि पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से कब्जा करते हुए पक्की चहारदीवारी का निर्माण किया था, जिससे सार्वजनिक भूमि का दुरुपयोग हो रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित राजस्व विभाग एवं नगरपालिका रामपुर की टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच की गई, जिसमें भूमि के नजूल होने की पुष्टि हुई। पुष्टि के आधार पर विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए मौके पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। नगरपालिका रामपुर की उपस्थिति में अवैध रूप से निर्मित चहारदीवारी को ध्वस्त कराया गया। अतिक्रमण हटाए जाने के बाद नजूल भूमि को पूर्ण रूप से कब्जा मुक्त कराकर पुनः सरकारी नियंत्रण में ले लिया गया। प्रशासन द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया कि भविष्य में पुनः इस भूमि पर कोई अवैध कब्जा न हो, इसके लिए निगरानी बढ़ाई जाएगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिले में किसी भी सरकारी अथवा नजूल भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए अवैध कब्जों की पहचान कर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई के निर्देश दिए।

## 8 लाख के जेवर व नकदी रखा बैग बदला, महिला यात्री परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद




बैग वापस करते स्टेशन प्रभारी।

**अमृत विचार:** पीतल नगरी डिपो के बस परिचालक को महिला यात्री का आठ लाख रुपये के जेवर, कपड़े व नकदी से भरा बैग मिला। जिसे ईमानदारी दिखाते हुए महिला यात्री को बैग वापस कर दिया गया। इससे पहले भी पीतल नगरी डिपो के स्टेशन प्रभारी ने यात्रियों का सामान वापस किया था।

मंगलवार को अमरोहा के काला कुंआ मोहल्ला की रहने वाली सभ्यता शर्मा पत्नी विमान शर्मा अलीगढ़ में एक शादी समारोह से वापस आ रही थी। चंदौसी डिपो के बस से उतर रहे एक यात्री ने सभ्यता शर्मा का बैग धोखे से उठाया और चल दिया। बैग में आठ लाख रुपये के आभूषण, 1800 नगदी व कपड़े सहित अन्य सामान रखा हुआ था। कटघर पहुंचने पर महिला यात्री को जब बैग का ध्यान आया तो उन्होंने शोर मचाया, जिससे बस में हड़कंप मच गया और तत्काल खोजबीन शुरू की गई। पता चला कि चंदौसी में उतरे किसी यात्री ने बैग उतार लिया है। स्टेशन प्रभारी चंद्रभान सिंह ने तत्काल चंदौसी के एआरएम से संपर्क कर बैग बरामद कर लिया गया। घटना के समय बस में चालक सतेंद्र व परिचालक सोहन सिंह मौजूद थे। महिला यात्री को बैग और उसमें रखे आभूषण, नकदी और कपड़े मिल गए तो वह खुश हो गई।

# गो-संरक्षण का संकल्प तोड़ रहा दम इलाज न मिलने से बीमार गाय की मौत




चंद्रनगर के पीयूष कौशिक के द्वारा मिलाए गए नगर निगम के अधिकारियों के फोन नंबर।




पीयूष कौशिक के द्वारा सिविल लाइन पुलिस को दी गई तहरीर की पर्ची।

- लोगों ने किया फोन, नगर निगम के कर्मचारियों ने नहीं दिया रिस्पांस
- नगर निगम पर लगाया लापरवाही का आरोप
- गो सेवकों में अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर रोष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गो- वंशीय पशुओं के संरक्षण का संकल्प जिले में दम तोड़ रहा है। चंद्र नगर इलाके में एक बीमार गाय की मौत इलाज के अभाव में हो गई। इससे लोगों में नगर निगम के खिलाफ नाराजगी है। लोगों नगर निगम कर्मियों के खिलाफ सिविल लाइन थाने में तहरीर दी है।

चंद्रनगर के रहने वाले पीयूष कौशिक के घर के सामने सोमवार को एक बीमार गाय आकर लेट गई थी। गाय की हालत गंभीर देखकर पीयूष के अलावा मोहल्ले के लोगों ने नगर निगम को सूचना देने के लिए कई बार संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। बताया जा रहा है कि बाद में कंट्रोल रूम से संपर्क होने पर भी कर्मचारियों ने अभद्रता करने के साथ ही मौके पर सहायता भेजने से इंकार कर दिया। स्थिति बिगड़ती देख 112 नंबर पर कॉल किया गया। 112 टीम के पहुंचने के बाद भी कोई मदद न मिलने पर गाय ने दम तोड़ दिया। इसके बाद पीयूष कौशिक ने सिविल लाइन थाने में नगर निगम के संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि समय पर उपचार या सहायता मिल जाती, तो गाय की जान बच सकती थी।

# भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते से निर्यात-निवेश बढ़ेगा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कारीगरों के लिए नए बाजार खुलने की उम्मीद, 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच से बढ़ेगा व्यापार

**अमृत विचार :** नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) का असर अब मुरादाबाद के हस्तशिल्प उद्योग पर भी दिखाई देने की उम्मीद है। निर्यात संवर्धन परिषद (हस्तशिल्प) (ईपीसीएच) ने इसे कारीगरों और निर्यातकों के लिए बड़ा अवसर बताया है। एफटीए के तहत भारतीय उत्पादों को न्यूजीलैंड में सभी टैरिफ लाइनों पर 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी, जिससे मुरादाबाद के पीतल व अन्य हस्तशिल्प उत्पादों के निर्यात में तेजी आने की संभावना है। साथ ही, 20 अरब डॉलर निवेश और कुशल पेशेवरों के लिए वीज़ा प्रावधान से उद्योग को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के मंत्री टॉड मैक्ले की मौजूदगी में बिजनेस फोरम आयोजित हुआ, जिसमें व्यापारिक संभावनाओं पर चर्चा की गई।

ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि यह समझौता भारत के हस्तशिल्प निर्यात को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाएगा और मुरादाबाद जैसे प्रमुख क्लस्टरों को सीधा लाभ पहुंचाएगा। उपाध्यक्ष सागर मेहता के अनुसार, इससे श्रम-प्रधान क्षेत्रों में उत्पादन और रोजगार दोनों बढ़ेंगे। ईपीसीएच के महानिदेशक डॉ. राकेश कुमार ने इसे भारत के लिए वैश्विक व्यापार में बड़ी छलांग बताते हुए कहा कि इससे भारतीय हस्तशिल्प की अंतरराष्ट्रीय मांग में वृद्धि होगी।

**आयोजन** | नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट प्रतियोगिता

# मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के खिलाड़ियों की शानदार जीत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में चल रही ब्लाइंड क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में महाराष्ट्र के बॉलर की गेंद पर शॉट लगाता पंजाब का बल्लेबाज। ● अमृत विचार

- दिल्ली को हराकर मध्य प्रदेश ने दर्ज की जीत, सेमीफाइनल में महाराष्ट्र ने पंजाब को 10 विकेट से हराकर फाइनल में बनाई जगह

**अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनकपुर स्पोर्ट्स स्टेडियम में ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में राष्ट्रीय ब्लाइंड क्रिकेट प्रतियोगिता कराई जा रही है। इसमें दूसरे दिन मंगलवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव डॉ. अजय पाठक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। दिन का पहला मैच दिल्ली और मध्य प्रदेश के बीच खेला गया। दिल्ली की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 127 रन बनाए।

टीम की ओर से अनुज ने सर्वाधिक 20 रन बनाए, जबकि मध्य प्रदेश की ओर से वेदांत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके। श्रीराम और अखिलेश ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में मध्य प्रदेश की टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मात्र 11 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम की ओर से मानिक लाल ने 24 और वेदान्त ने 21 रन बनाए। दिल्ली की ओर से जितेंद्र ने दो विकेट लिए।

इसके बाद खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में महाराष्ट्र और पंजाब की टीमें आमने-सामने रहीं। महाराष्ट्र ने टॉस जीतकर पंजाब को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। पंजाब की टीम 15 ओवरों में 78 रन बनाकर ऑलआउट हो गई, जिसमें शिवम ने सर्वाधिक 28 रन बनाए। महाराष्ट्र की ओर से प्रणव ने चार विकेट और राजकुमार ने दो विकेट हासिल किए।

लक्ष्य का पीछा करते हुए महाराष्ट्र की टीम ने मात्र पांच ओवर में ही बिना कोई विकेट खोए 78 रन बनाकर मैच 10 विकेट से जीत लिया। टीम की ओर से प्रशांत जगताप ने शानदार 51 रन और नीलेश ने 11 रन बनाए। निर्णायक मंडल में मोहम्मद बाकर अली जैदी रोहित कुमार, चंद्र प्रताप सिंह, जतिन कुमार और अजय कुमार शामिल रहे।

# अधिवक्ताओं ने अफसरों के खिलाफ खोला मोर्चा

- बिलासपुर में 30 अप्रैल तक बढ़ाया हड़ताल का समय

**बिलासपुर, अमृत विचार:** वकीलों ने एक अधिकारी के खिलाफ चल रही अपनी हड़ताल को 30 अप्रैल तक बढ़ा दिया है। साथ ही उन्होंने दूसरे अधिकारी के खिलाफ भी मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को लायर्स एसोसिएशन ने उपजिलाधिकारी (प्रशासन) को ज्ञापन सौंपकर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

अधिवक्ता लायर्स एसोसिएशन के कार्यालय में अधिवक्ताओं की बैठक हुई। इसमें अध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने शुक्रवार से जारी न्यायिक हड़ताल की समीक्षा की और इसे आगामी 30 अप्रैल तक बढ़ाने की घोषणा की। बैठक में तहसीलदार के विरुद्ध भी ज्ञापन देने का निर्णय लिया गया। लायर्स के फैसले के बाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सक्सेना ने भी हड़ताल को समर्थन देने का ऐलान किया। बैठक के बाद अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी (प्रशासन) अरुण कुमार से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। आरोप लगाया गया है कि एक अधिकारी में पत्रावलियों का निस्तारण नियमानुसार नहीं किया जा रहा है। लायर्स महासचिव प्रवेश कुमार चौहान ने बताया कि वे अधिकारियों के खिलाफ तीसरी बार हड़ताल कर रहे हैं। कोई समाधान न निकलने के कारण हड़ताल को गुरुवार तक बढ़ाया गया है। गुरुवार को पुनः बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान हरीश चंद्र गुप्ता, संतोख सिंह खैहरा, नब्बू अली अंसारी, विमल सक्सेना, अनिल अग्रवाल, मोबीन अंसारी, गुलाम अहमद, मुनीश गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता, आदिल खां, गौहर अली, मयंक सिन्हा, विपुल जैन आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### एकता विहार उत्तरी की बदहाली पर खींचा एमडीए का ध्यान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नेशनल सोशल आर्गनाइजेशन ( एनएसओ ) की बैठक एकता विहार उत्तरी में संगठन के कोषाध्यक्ष सोहराब खां के निवास पर हुई। इसमें एकता विहार उत्तरी कॉलोनी के पार्कों की दुर्दशा , टूटी सड़कों, नालियों में भरी गंदगी पर नाराजगी जताई गई। एमडीए के उपाध्यक्ष से इस कॉलोनी की उपेक्षा पर ध्यान देकर पार्कों व टूटी सड़कों की स्थिति ठीक कराने की मांग की। बैठक की अध्यक्षता मर्सरफ हफीज व संचालन सोहराब अहमद खां ने की। इस दौरान मिर्जा अरशद बेग, एम फरहत खां, काजी बिलाल हसन आदि मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय योग ओलंपियाड में दक्ष सागर चौथे स्थान पर, राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित मुरादाबाद, अमृत विचार : मुरादाबाद मंडल का प्रतिनिधित्व करते हुए पारकर इंटर कॉलेज के छात्र दक्ष सागर ने लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय योग ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रदेश स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय योग ओलंपियाड-2026 के लिए क्वालीफाई किया। दक्ष सागर की इस उपलब्धि पर संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल मनोज कुमार द्विवेदी और जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने बधाई दी है। मंडलीय क्रीड़ा सचिव वंश बहादुर ने बताया कि दक्ष सागर जून में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय योग ओलंपियाड में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में उनके साथ टीम मैनेजर के रूप में पारकर इंटर कॉलेज के शारीरिक शिक्षा शिक्षक निशीत बी .दास उपस्थित रहे।

# नाबालिग छात्रों के वाहन चलाकर स्कूल आने पर रोक, होगी निगरानी

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नाबालिग छात्रों द्वारा दोपहिया वाहनों से स्कूल आने से बढ़ती घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने एडीएम सिटी के नेतृत्व में संयुक्त टीमें गठित की हैं, जो स्कूलों के आसपास औचक निरीक्षण करेंगी। अभियान की शुरुआत से पहले स्कूल प्रबंधन समितियों और प्रधानाचार्यों के साथ बैठक की जाएगी। इसके बाद प्रधानाचार्य अभिभावकों के साथ बैठक कर उन्हें जागरूक करेंगे कि वह अपने नाबालिग बच्चों को दोपहिया वाहन से स्कूल न भेजें। अभिभावकों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए जाएंगे कि नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। निजी वाहनों से स्कूल आने वाले नाबालिग छात्रों के अभिभावकों को चेतावनी दी जाएगी।

### नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष ने कहा- यह केवल समय की बर्बादी और ढोंग, कांग्रेस पार्षद दल करेगा बहिष्कार

# विशेष बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा से पहले रार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** महापौर के द्वारा नगर निगम सदन की 29 अप्रैल को बुलाई गई विशेष बैठक से पहले ही रार शुरू हो गया। सदन में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस पार्षद अनुभव मेहरोत्रा ने ऐसी बैठक को औचित्यहीन बताया। भाजपा पर अधिनियम के नाम पर राजनीति करने का आरोप लगाया। कहा कि यह सदन और नगर निगम के समय की बर्बादी है।


अनुभव मेहरोत्रा।

अनुभव मेहरोत्रा ने जारी बयान में कहा कि लोकसभा में असफल नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन बिल पर नगर निगम में चर्चा केवल भाजपा का राजनीतिक ढोंग है। इस बैठक का कांग्रेस पार्षद दल पूर्ण बहिष्कार करेगा। नगर निगम सदन में 29 अप्रैल को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर होने वाली चर्चा को लेकर बुलाई गई विशेष बैठक पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यह जनता के पैसे और निगम के समय की बर्बादी है। उन्होंने कहा कि यह हास्यास्पद है कि जो बिल लोकसभा के पटल पर गिर चुका है, उसे नगर निगम जैसे निचले सदन में चर्चा के लिए लाया जा रहा है। जब केंद्र सरकार इसे सही मायने में लागू करने में विफल रही है,तो अब निगम में इस पर ढोंग करके सदन का कीमती समय बरबाद करने की क्या आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि नगर निगम का मुख्य कार्य शहर की बुनियादी समस्याओं जैसे सफाई, पानी और बुनियादी ढांचे पर ध्यान देना है, न कि उन विषयों पर राजनीति करना जो उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर हैं। भाजपा केवल अपनी विफलताओं से जनता का ध्यान भटकाने के लिए ऐसे प्रतीकात्मक आयोजनों का सहारा ले रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व के निर्णय के अनुसार, कांग्रेस का एक भी पार्षद इस दिखावे की कार्यवाही में शामिल नहीं होगा।

# कच्चे माल की जमाखोरी व मूल्य वृद्धि का उठा मुद्दा

### उद्योग बंधु की बैठक में लंबे समय के बाद शामिल हुए निर्यातक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिला उद्योग बंधु की बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय सभागार में हुई है। विभिन्न औद्योगिक संगठनों एवं निर्यात प्रतिनिधियों ने उद्योग से संबंधित समस्याओं एवं सुझावों को प्रशासन के समक्ष रखा। प्रमुख रूप कच्चे माल की जमाखोरी एवं कृत्रिम मूल्य वृद्धि की समस्या को उठाई गई।

बैठक में यस (यंग एंटरप्रेन्योर्स सोसायटी) और एमएचईए के प्रतिनिधिमंडल ने नजमुल इस्लाम के नेतृत्व में सहभागिता की तथा मुरादाबाद के हस्तशिल्प एवं निर्यात उद्योग के समक्ष उत्पन्न गंभीर चुनौतियों से अधिकारियों को जानकारी दी।प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त उद्योग दीपेंद्र कुमार को बताया कि वर्तमान समय में मुरादाबाद का हस्तशिल्प उद्योग पिछले कई वर्षों के सबसे कठिन एवं आर्थिक रूप से चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। उद्योग पर एकसाथ कई प्रकार के आर्थिक एवं परिचालन दबाव बढ़ते जा रहे हैं, जिनका सीधा प्रभाव उत्पादन, निर्यात, रोजगार एवं एमएसएमई इकाइयों की कार्यक्षमता पर पड़ रहा है। उपायुक्त उद्योग दीपेंद्र कुमार ने उद्योग प्रतिनिधियों को जानकारी दी कि टोरेन्ट गैस द्वारा औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए गैस आपूर्ति को पिछले छह माह की औसत खपत के 80 प्रतिशत तक बहाल कर दी गई है। साथ ही, 80 प्रतिशत से अधिक अतिरिक्त गैस उपभोग को स्पॉट गैस मूल्य के आधार पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की गई है।


उद्योग बंधु की बैठक में मौजूद उद्यमी और अधिकारी। ● अमृत विचार

### लू के लक्षणों के बढ़े मरीज, जिला अस्पताल में हीट स्ट्रोक के रोगी नहीं

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** तेज धूप और लू के असर से मिलते-जुलते लक्षणों वाले मरीजों की संख्या सरकारी और निजी अस्पतालों में बढ़ गई है। हालांकि, जिला अस्पताल प्रशासन के अनुसार अब तक हीट स्ट्रोक का एक भी पुष्ट मामला सामने नहीं आया है। मंगलवार को अस्पताल की ओपीडी और इमरजेंसी में उल्टी-दस्त, बुखार, मांसपेशियों में दर्द और सिरदर्द के मरीज पहुंचे। जिला अस्पताल में ओपीडी के पर्चे बनवाने के दौरान लंबी कतारों में खड़े कुछ मरीजों की तबीयत भी बिगड़ गई। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वीर सिंह ने बताया कि ओपीडी में करीब 160 बच्चे परामर्श के लिए पहुंचे, जिनमें लगभग 40 प्रतिशत बच्चों में तेज धूप और गर्मी के कारण बुखार, उल्टी और दस्त जैसे लक्षण पाए गए। मेडिसिन विभाग के डॉ. आशीष कुमार सिंह के अनुसार ओपीडी में 185 मरीज आए।


एम आई टी वर्ल्ड स्कूल में आयोजित रोल बाल ट्रायल में चयनित खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# अंडर -14 खिलाड़ी स्टेट चैंपियनशिप के लिए तैयार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **एमआईटी वर्ल्ड स्कूल में हुए ट्रायल में 50 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, एक से तीन मई तक गाजियाबाद में करेंगे प्रदर्शन**

**अमृत विचार :** एमआईटी वर्ल्ड स्कूल में मंगलवार को अंडर-14 रोल बॉल टीम के चयन के लिए ट्रायल हुआ।

ट्रायल में करीब 50 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपने खेल कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में अखंड, मनन, समद अब्दुस, मुर्तजा, मुस्तफा, विराट चौधरी और दानवीर सिक्का (दिल्ली पब्लिक स्कूल) का चयन हुआ।

वहीं बालिका वर्ग में फलक, अदिति, हतांबरा (दिल्ली पब्लिक स्कूल), हिमांशी (केपीएस स्कूल) और किंजल व पायल को टीम में शामिल किया गया। चयनित खिलाड़ी अब एक मई से तीन मई तक गाजियाबाद में आयोजित होने वाली स्टेट रोल बॉल चैंपियनशिप में मुरादाबाद का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस मौके पर तरुण कुमार, मनोज कुमार, गोविंद विकास समेत रोल बॉल एसोसिएशन के जिला सचिव रिम्पी सिंह मौजूद रहे।

# सनातन धर्म मंदिर में राधा-कृष्ण की मूर्तियां स्थापित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मिलन विहार स्थित सनातन धर्म मंदिर में मंगलवार को भगवान लक्ष्मी-नारायण और राधा-कृष्ण की मूर्तियों की विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा की गई। तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

अनुष्ठान के अंतर्गत बेदी पूजन, जलाधिवास, अन्नादिवास, फलादिवास, पुष्पदिवास और शैय्यादिवास जैसे विविध पूजन विधियों का आयोजन किया गया। अंतिम दिन को पूर्वांग पूजन के साथ लक्ष्मी नारायण और राधा-कृष्ण का महाभिषेक स्नान कराया गया। इसके बाद मंदिर परिसर से ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालु भगवान के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे, जबकि कई भक्त भक्ति संगीत पर नृत्य कर रहे थे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस धार्मिक आयोजन में मिलन विहार सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान को भोग अर्पित किया गया और श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया। अनुष्ठान के मुख्य यजमान सावित्री शर्मा, अर्पित शर्मा, ज्योति शर्मा और विवेक शर्मा रहे। पूजन पंडित लालजी एवं पंडित मयंक जोशी ने विधि-विधान से संपन्न कराया।


सनातन धर्म मंदिर में लक्ष्मी नारायण एवं राधा कृष्ण मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा शोभा यात्रा।

## न्यूज डायरी



### हिंदू कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव,40 छात्र-छात्राएं शॉर्टलिस्ट

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** हिंदू कॉलेज में कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमेंट सेल ( सीजीपीसी ) के तत्वावधान में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव किया गया। इसमें का 218 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया। मंगलवार को प्लेसमेंट ड्राइव में एलआईसी, भारत फाइनेंस और एमआईटीएम पब्लिक स्कूल के प्रतिनिधियों ने विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार लिए। चयन प्रक्रिया के तहत एमआईटीएम पब्लिक स्कूल ने 24,एलआईसी ने सात तथा भारत फाइनेंस ने नो अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया। शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को अब लिखित परीक्षा और स्क्रीनिंग के अगले चरण के लिए बुलाया जाएगा। कॉलेज के प्राचार्य प्रो .सत्यव्रत सिंह रावत ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ने फाइनल में बनाई जगह

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** द नेक्स्ट जेनरेशन क्रिकेट अकादमी के मैदान में मंगलवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ए ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आरआरके क्रिकेट अकादमी ए को एक विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अंतिम ओवर तक जीत-हार का फैसला टलता रहा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आरआरके क्रिकेट अकादमी ए की टीम 27 .1 ओवर में 150 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से अनुराग यादव ने सर्वाधिक 47 रनों की पारी खेली। इसके अलावा सोहम अग्रवाल ने 26 रन और अथर्व वार्ष्णेय ने 16 रन का योगदान दिया। 151 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रुक्मणी क्रिकेट अकादमी ए की शुरुआत साधारण रही, लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाजों ने टीम को संभाला।



### योगासन चैंपियनशिप में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने दिखाया दम

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** एमआईटी वर्ल्ड स्कूल में मंगलवार को जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एमआईटी के चेयरमेन यशपाल गुप्ता ने किया। संस्था के सचिव महेंद्र सिंह बिश्नोई ने बताया कि प्रतियोगिता में ट्रेडिशनल योगासन की विभिन्न श्रेणियों में मुकाबले हुए, जिनमें शहर के 15 से 20 विद्यालयों के लगभग 100 से 120 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। एमआईटी ग्रुप की मैनेजमेंट समिति के सदस्य अनिल अग्रवाल, प्रधानाचार्य मंजूला कंबोज, मल्लिका अग्रवाल तथा डॉ . गौरव त्यागी विशिष्ट अतिथि रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए योग को शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्रतिभागियों ने अपने प्रदर्शन से दर्शकों को प्रभावित किया। संचालन आकृति सिन्हा ने किया। इस तरह के आयोजन से युवाओं में योग के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा।




### वैदिक प्रवक्ता और सनातन महासंघ के संस्थापक गौतम खट्टर

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** आर्य समाज के लोगों ने मंगलवार को जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजा। इसमें वैदिक प्रवक्ता और सनातन महासंघ के संस्थापक गौतम खट्टर और उनके भाई माधव खट्टर की गिरफ्तारी का विरोध किया। राष्ट्रपति से तत्काल उनकी रिहाई की मांग की। उत्तर प्रदेश के आर्यजन एवं समाजसेवी वैदिक प्रवक्ता और सनातन महासंघ के संस्थापक गौतम खट्टर और उनके भाई माधव खट्टर को झूंठे मामले में गैर कानूनी तरीके से गिरफ्तार किया है। जिसकी घोर निन्दा करते हैं। आर्य समाज की ओर से कहा गया कि जिन्होंने हमें सदियों तक गुलाम रखा और हमारी संस्कृति को मिटाने के लिए अत्याचार किया। धर्मांतरण अभियान चलाकर हमारे भाईयों को धर्मांतरित किया। उनकी सत्ता को समाप्त करने के लिए लाखों क्रांतिकारियों ने प्राण देकर भारत माता को मुक्त कराया।



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana, Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## न्यूज ब्रीफ

### बाइकों की टक्कर में दो लोग घायल

**डिलारी, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव दौलतपुर तिगरी के निकट दो वाइको की टक्कर होने से दो लोग घायल हो गए। तिगरी निवासी नितिन कुमार बाइक से अपने खेतों पर घूम कर आ रहा था, तभी पीछे से तेज गति से आ रही बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसके चलते नितिन कुमार एवं दूसरा बाइक सवार मोहम्मद अफसर नौगांवा निवासी घायल हो गए। घायलों को आनंन फानन में निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

### अपहरण में दो के खिलाफ रिपोर्ट

**डिलारी, अमृत विचार** : क्षेत्र के एक गांव में दूसरे समुदाय की किशोरी का अपहरण 18 अपहरण को हो गया। पीड़िता के मां ने बताया कि उनकी 17 वर्षीया बेटी दुकान से सामान लेने के लिए जा रही थी। तभी चौराहा पर गांव निवासी कपिल और विशाल ने किशोरी का कपड़े से मुंह दबोच कर जबरन कार में डालकर ले गए। जानकारी होने पर किशोरी की मां ने थाना डिलारी को नामजद तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष कृष्ण कुमार भंगेला से बात की इन्होंने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है किशोरी की बरामदगी के लिए पुलिस ताबड़तोड़ दबिश दे रही है।

### युवक ने फंदे पर झूलकर दी जान

**डिलारी, अमृत विचार** : गांव रहटा माफ़ी में पिता के डांटने पर युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। गांव निवासी जयसिंह का 18 वर्षीय पुत्र विकास उर्फ कोहली हर रोज की तरह रात को लेट आता था। सोमवार रात 11 बजे आने पर पिता ने उसे डांट दिया। जिससे आहत होकर गुस्से में विकास खेत पर चला गया। वहां उसने टांड पर रस्सी से फंदा लगाकर जान दे दी। विकास की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना अध्यक्ष डिलारी कृष्ण कुमार भंगेला ने बताया कि घटना की मौखिक जानकारी है लिखित तहरीर नहीं आई है।

### डिलारी के युवक की लुधियाना में मौत

**डिलारी, अमृत विचार** : गांव सलेम सराय में करंट लगने से युवक की लुधियाना में मृत्यु हो गई। गांव निवासी दिलशाद का पुत्र कासिम उर्फ कलुआ (22) पंजाब के लुधियाना में सोमवार को बिजली के खंभे पर चढ़कर जर्जर तार को हटाकर नया तार जोड़ रहा था। तभी अचानक करंट लगने से गंभीर रूप से झुलसकर नीचे गिर गया। साथी मजदूर उठाकर उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों का रो रोकर बुराहाल है।

### मारपीट में चार के खिलाफ रिपोर्ट

**भोजपुर, अमृत विचार** : मारपीट की शिकायत करने पर दबंगों ने पीड़ित पक्ष के साथ दोबारा मारपीट की। पीड़ित ने थाना में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। गनीमतनगर निवासी हसन ने बताया कि उनके सौतेले भाई नुसरत अली के साले नजाकत निवासी रुस्तमपुर तिगरी ने बेटे अयान को थप्पड़ मार दिया। शिकायत पर नजाकत, उसके भाई फिरासत, जुनैद, और उवैस ने एक राय होकर हमला कर दिया।

# तेंदुए ने किसान पर किया हमला, गंभीर घायल

## खेत पर गन्ने की बुवाई के लिए बीज तैयार कर रहा था कपिल, इसी बीच कर दिया हमला, क्षेत्र में दहशत

संवाददाता, कांठ



अस्पताल में भर्ती तेंदुए के हमले से घायल किसान। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में तेंदुए का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार सुबह गन्ने की बुवाई के दौरान एक किसान पर तेंदुए ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल मुरादाबाद रेफर कर दिया।

ग्राम रायपुर खुर्द निवासी कपिल देव पुत्र गणपत सिंह मंगलवार सुबह अपने खेत में गन्ने की बुवाई के लिए बीज तैयार कर रहा था। इसी दौरान अचानक झाड़ियों में छिपे तेंदुए ने उस पर हमला कर दिया। कपिल देव की चीख सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान डंडे और कृषि उपकरण लेकर मौके पर दौड़े और शोर मचाकर तेंदुए को भगा दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण

● **हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद किया गया रेफर**

मौके पर पहुंचे तथा घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल मुरादाबाद के लिए रैफर कर दिया। घटना की सूचना वन विभाग को दी गई, जिस पर टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा कि हाल ही में इसी क्षेत्र के जंगल में तेंदुए के शावक देखे गए थे, जिससे मादा तेंदुआ अधिक आक्रामक हो सकती है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि खेतों और जंगलों में अकेले न जाएं, समूह में ही कार्य करें। लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को जल्द पकड़ने की मांग की है। वन विभाग के डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि ग्राम रायपुर खुर्द के जंगल में इससे पहले भी खेत में तेंदुए के शावक थे और इस खेत में भी तेंदुए के शावक होने के कारण मादा तेंदुआ ने किसान कपिल देव पर हमला कर दिया। उन्होंने कहा कि गांव के जंगल में पिंजरा लगवा कर तेंदुए को पकड़वाया जाएगा और ग्रामीणों को जागरुक भी इस संबंध में किया गया है।

### सात लोगों पर हमला कर चुका है तेंदुआ

तेंदुआ अब तक सात लोगों पर हमला कर चुका है। 23 मार्च को फतेहपुर विश्नोई निवासी विजेंद्र सिंह, 30 मार्च को गांव महदूद कलमी निवासी अकरम की दो वर्षीया बेटी सिदरा पर हमला कर चुका है। इसके अलावा 31 मार्च को मिश्रीपुर निवासी अवनेश की आठ वर्षीया बेटी दीपांशी, 11 अप्रैल को गांव 11 अप्रैल को तेंदुए ने कांठ के गांव दरियापुर निवासी सुनील कुमार के तीन साल के बेटे हर्ष पर भी खेत में हमला कर उसे गंभीर घायल कर दिया था। 16 सलेमपुर के मंझरा फजलाबाद निवासी राजीव कुमार के पांच साल के बेटे लव्यांश, 27 अप्रैल को विजेंद्र की बेटी रिया पर तेंदुआ ने हमला कर दिया। अब रायपुर खुर्द निवासी कपिल देव पर हमला करके तेंदुआ ने घायल कर दिया।

### लगातार हो रहे हमलों से दहशत में किसान

लगातार हो रहे तेंदुए के हमले से किसान दहशत में हैं। किसानों ने बताया कि तेंदुआ कब किस पर हमला कर दे कहा नहीं जा सकता है। थोड़ी सी चूक लोगों पर भारी पड़ सकती है। बताया कि अब तक तेंदुआ कई लोगों को घायल कर चुका है। वन विभाग के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन कोई असर नहीं हुआ है। लोगों ने मांग की है कि तेंदुआ को पिजरा लगाकर जल्द से जल्द पकड़ा जाए। ताकि वे लोग अपने अपने खेतों पर जा सकें। वहीं वन विभाग के अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि लोग एक साथ झुंड बनाकर खेतों पर जाएं। ताकि तेंदुआ हमला न कर सके।

### राहुल गांधी और अखिलेश यादव का पुतला फूंका

**कांठ, अमृत विचार:** नगर में भाजपाइयों ने महिला आरक्षण बिल का विरोध करने पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव एवं राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य राहुल गांधी का पुतला फूंकते हुए विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ता सुबह 11:00 बजे करीब अखिलेश यादव एवं राहुल गांधी के फोटो लगा एक तैयार पुतला लेकर आए।

● **महिला आरक्षण का विरोध करने पर जताया रोष**

वक्ताओं ने कहा कि भाजपा द्वारा लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत भागीदारी आरक्षित करने का एक ऐतिहासिक संवैधानिक संशोधन है जिसका उद्देश्य संसद और विधानसभा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना है। इस मौके पर पूर्व जिला महामंत्री राजन बिश्नोई, मंडल अध्यक्ष कांठ अंकुश चौहान, प्रमोद चौहान, देवेंद्र चौहान, रिजवान अल्वी, मधु चौहान, निमेष कश्यप ,सचिन उर्फ बंटी चौहान, सत्यवान राजपूत, जीतू वर्मा आदि मौजूद रहे।

# प्रशासन ने दुकानों पर चलवाया बुल्डोजर

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



हाईवे पर स्थित दुकान को ध्वस्त करता बुल्डोजर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** काशीपुर–मुरादाबाद हाईवे पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की टीम ने हाईवे किनारे बनी छह दुकानों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव असलेमपुर स्थित बस स्टैंड के पास वीरेंद्र सिंह और देशबंधु की करीब छह दुकानें निर्माणाधीन हाईवे के बिल्कुल किनारे बनी हुई थीं। हाल ही में इसी स्थान पर हुए भीषण सड़क हादसे में डंपर की टक्कर से टेंपो के परखच्चे उड़ गए थे, जिसमें चालक समेत पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। इस दर्दनाक घटना के बाद प्रशासन हरकत में आया। घटना के उपरांत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण

● **कुछ दिन पहले हादसे में इसी स्थान पर गई थी पांच लोगों की जान**

● **दुकानदारों ने जताया विरोध प्रशासन की सख्ती पर हुए चुप**

कुंवर आकाश, एसपी ट्रैफिक सुभाष गंगवार, डिप्टी एसपी आशीष प्रताप सिंह और कोतवाल मनोज परमार ने मौके का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान पाया गया कि हाईवे के किनारे बनी ये दुकानें दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बन रही थीं, जिसके चलते इन्हें हटाने का निर्णय लिया गया। मंगलवार दोपहर के इंजीनियर अंकुश मिश्रा की निगरानी में जेसीबी के जरिए सभी दुकानों को गिरा दिया गया। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों ने मुआवजे की मांग को लेकर विरोध जताया, लेकिन प्रशासन की सख्ती और जनहित को देखते हुए बाद में विरोध शांत हो गया। प्रशासन का कहना है कि सड़क सुरक्षा सर्वोपरि है और हाईवे किनारे किसी भी प्रकार के अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### आर्य बंधुओ ने राष्ट्रपति को संबोधित दिया ज्ञापन

**कांठ, अमृत विचार:** आर्य समाज के वैदिक प्रवक्ता और सनातन महासंघ के संस्थापक गौतम खट्टर और उनके भाई की गिरफ्तारी के विरोध में एसडीएम के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित कर तत्काल रिहाई की मांग की। आर्य समाज के पूर्व प्रधान अशोक कुमार बिश्नोई की अगुवाई में एक प्रतिनिधि मंडल तहसील पहुंचा। उन्होंने आर्यसमाज के वैदिक प्रवक्ता और सनातन महासंघ के संस्थापक गौतम खट्टर और उनके भाई माधव खट्टर को झूंठे केस में फसाने और गैर कानूनी तरीके से गिरफ्तार करने का विरोध प्रकट करते हुए घोर निंदा की। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इस दौरान ओंमकार सिंह आर्य ,सतपाल सिंह दीवान जी, अजब सिंह आर्य हरवीर सिंह आर्य , राजीव कुमार आर्य, संजीव कुमार बिश्नोई,कुलदीप सक्सेना आर्य आदि रहे।

# नजूल भूमि पर बनी दुकानों की नीलामी के विरोध में शिकायत



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास नजूल की भूमि पर बनीं दुकानें। ● अमृत विचार

संवाददाता :ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के से सटी नजूल भूमि पर बनी दुकानों की नीलामी के प्रस्ताव को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि ने इस संबंध में एसडीएम को शिकायती पत्र देकर निरस्त करने की मांग की है।

शिकायत में कहा गया है कि नगर पालिका परिषद द्वारा नजूल भूमि पर अवैध कब्जों के आधार पर बनी दुकानों की नीलामी का प्रस्ताव पारित किया गया है, जो शासनादेशों और नियमों के विपरीत है। बताया कि जिलाधिकारी मुरादाबाद के पूर्व पत्र के अनुसार संबंधित भूमि नजूल की है और उस पर किया गया कब्जा अवैध माना गया है।

# आसपा और भीम आर्मी ने ईओ को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, भोजपुर

**अमृत विचार :** कस्बे में जलापूर्ति सुचारू न होने पर नाराजगी व्यक्त करते आसपा और भीम आर्मी ने अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर नलों की मरम्मत कराने की मांग की है।

सोमवार को नगराध्यक्ष शराफत अली के नेतृत्व में आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी के कार्यकर्ताओ ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह से मुलाकात की। उन्होंने ईओ को बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में सांसद, विधायक एवं नगर पंचायत द्वारा स्वयं सैकड़ों की संख्या में इंडिया मार्का हैंडपंप लगवाए गए हैं। एक दो को छोड़कर सभी हैंडपंप पूर्ण रूप से बंद पड़े हैं। यही हाल नगर पंचायत,सांसद एवं विधायकों द्वारा

● **जलापूर्ति सुचारू कराने की मांग**

अपनी निधि से लगवाए गए शीतल जल प्याऊओं का भी है। गर्मी के दौरान लोगों को गला तर करने के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। ऐसे में मरम्मत कराना जरूरी है। कार्यकर्ताओं ने नगर पंचायत द्वारा ओवर हेड टैंक से की जा रही जलापूर्ति को सुबह, दोपहर-शाम को एक घंटे के स्थान पर दो- दो घंटे करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ईओ ने कार्यकर्ताओं की मांगों पर तत्काल कार्रवाई कर समुचित जलापूर्ति सुचारू करने का भरोसा दिया। ज्ञापन सौंपने में विकास कुमार,विपुल कुमार, मोहित कुमार,राम किशोर,लाखन सिंह,उमेश कुमार, सुमित कुमार, राजीव,गौतम, शंकर,सरजीत आदि लोग मौजूद रहे।

### मंडी समिति में लगी आग, लाखों का नुकसान

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** रतुपुरा रोड स्थित नगर की मंडी समिति में देर रात अचानक भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग लगने से आढ़तियों का लाखों रुपये का नुकसान हो गया। घटना के समय मंडी में मौजूद लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों के आगे उनकी कोशिशें नाकाम रहीं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक लाखों रुपये का नुकसान हो चुका था। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। आढ़तियों का कहना है कि मंडी में अग्निशमन के पर्याप्त इंतजाम नहीं होने के कारण नुकसान ज्यादा हुआ। उन्होंने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

● **आग लगने का कारण अब तक नहीं हो सका स्पष्ट**

# मेधावियों को किया सम्मानित

संवाददाता, कांठ



छात्र को सम्मानित करते जिला विद्यालय निरीक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** डीआईओएस मुरादाबाद ने बाबूराम शर्मा मैमोरियल इंटर कॉलेज लदावली में आयोजित मेधावी सम्मान समारोह में कक्षा 10 में जनपद की टॉपटेन सूची में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं अन्य मेधावी छात्र-छात्राओं को नकद धनराशि, प्रशस्ति पत्र, एवं मैडल देकर सम्मानित किया।

मेधावी सम्मान समारोह में जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र कुमार पाण्डेय विद्यालय के मेधावी सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने कक्षा-10 में जिले की टॉप-10 सूची में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र नितिन को 5100 रुपये, प्रशस्ति पत्र, मेडल और एक ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। कक्षा-10

● **मेधावियों को नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र दिया गया**

में के ही हर्ष कुमार, इकरानाज, रांशु कुमार, कनक सागर व कशिश को 1100 रूपये, प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। वहीं कक्षा-12 के छात्रों में तरूण पाल, मधु, हिमांशु को सम्मानित किया। इनके अलावा अन्य कक्षाओं के छात्रों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक सुरेशचन्द्र शर्मा, प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा समस्त स्टाफ में बलवन्त सिंह, अनीस अहमद अहमद, खानचन्द, अनिल , देवानन्द सुशील हरेन्द्र , रणजीत , सौरभ , प्रेगलता, अंजु सविता चौधरी आदि रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र संजीव कुमार उर्फ बिट्टू व उसकी पत्नी शिवी को उसके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। **सुशील कुमार पुत्र श्री मोहन नि. इनायत खां दुर्गा मन्दिर पुरानागंज, तहसील सदर जिला रामपुर**

**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# बहन का कातिल गिरफ्तार, भेजा जेल

फरहेदी हत्याकांड

संवाददाता कुंदरकी



आरोपी विक्की।

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के फरहेदी गांव में सगी बहन की बेरहमी से हत्या की वारदात के बाद से न केवल परिवार, बल्कि पूरे गांव में मातम छाया हुआ है। घटना के दूसरे दिन मंगलवार को भी मृतक रीता के घर पर चूल्हा नहीं जला। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है, जिन्हें सांत्वना देने के लिए ग्रामीणों और रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहा। पुलिस ने आरोपी भाई विक्की को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है और उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त दरांती भी बरामद कर ली है।

गांव में खौफ का आलम यह है कि लोग अभी भी इस कड़वी सच्चाई को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं कि जिस भाई पर घर की हिफाजत की जिम्मेदारी थी, उसी ने रीता की जान ले ली। ग्रामीणों के अनुसार, आरोपी विक्की स्वभाव से बेहद हिंसक था और आए दिन घर में विवाद करता रहता था। इससे पहले वह होली

● **गम में डूबा परिवार और गांव में पसरा सन्नाटा**

के दिन अपने छोटे भाई भोला पर जानलेवा हमला कर चुका था और छेड़छाड़ के एक मामले में जेल भी जा चुका था। पिता भरत सैनी, जो घटना के वक्त परिवार के साथ लगन समारोह में गए थे, फफक-फफक कर रोते हुए बोले कि उन्हें तनिक भी अंदाजा नहीं था कि वे जिस बेटे को घर की देखभाल के लिए छोड़ जा रहे हैं, वह उनकी बेटी का कातिल बन जाएगा। हत्या के बाद आरोपी की बेखौफी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि खून से सने कपड़ों में छत पर जाकर वह चैन की नींद सो रहा था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**कुंदरकी, अमृत विचार :** कुंदरकी क्षेत्र के मुरादाबाद-अलीगढ़ राजमार्ग पर सोमवार रात 12 बजे बिस्कुट फैक्ट्री के पास एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। राजस्थान के किशनगढ़ जैन कॉलोनी के रविंद्र रंगमंच के सामने रहने वाले दिनेश गंगवाल पुत्र कुंतीलाल गंगवाल उम्र 59 वर्ष पैदल सड़क पार कर रहे थे। अचानक एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। आसपास के लोग दौड़े और घायल दिनेश को एंबुलेंस से जिला अस्पताल मुरादाबाद ले गए। परिजनों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें मुरादाबाद के निजी अस्पताल कॉसमॉस शिफ्ट कर दिया। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक का वर्तमान पता शिवपुरी कॉलोनी थाना कटघर मुरादाबाद था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राम सिंह 'गुरु जी' को सांसद ने दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, ठाकुरद्वारा



श्रद्धांजलि देतीं सांसद रुचि वीरा।

**अमृत विचार :** नगर के प्रतिष्ठित अपर्णा औद्योगिक संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय राम सिंह 'गुरु जी' को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए समाजवादी पार्टी की सांसद रुचि वीरा अपने सहयोगियों के साथ संस्थान पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने गुरु जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर सांसद रुचि वीरा ने संस्थान के निदेशक अनिरुद्ध चौहान एवं परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा स्वर्गीय राम सिंह गुरु जी ने अपने समर्पण, अनुशासन और शिक्षा के प्रति अटूट निष्ठा से न केवल ठाकुरद्वारा, बल्कि देश-विदेश के हजारों युवाओं का भविष्य संवारा। उनकी दी हुई शिक्षा और संस्कार आज भी अनगिनत छात्रों को उच्च पदों तक पहुंचने की प्रेरणा दे रहे हैं। इस अवसर पर सपा नेता मोहम्मइ तौहीद, डॉ. महमूद हसन, हनीफ खुशनूद खान, वीरेंद्र यादव, आदित्य आदि मौजूद रहे।

● **सांसद ने कहा उनकी शिक्षा और साधना ने दिलाई नई पहचान**

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीराम कथा के आयोजन को लेकर तैयार की रूपरेखा

**बिलासपुर, अमृत विचार :** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के तत्वावधान में आगामी एक मई से पांच मई तक आयोजित होने वाली श्रीराम कथा को सफल बनाने के लिए संस्थान ने यूनिकॉर्न क्लब के साथ बैठक कर आयोजन को भव्य बनाने में सहयोग मांगा। मंगलवार को साध्वी रितु भारती के नेतृत्व में सदस्य यूनिकॉर्न क्लब की निवेदिता मित्तल मुलाकात की। साथ ही कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा व्यापक जनसहभागिता सुनिश्चित करने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। साध्वी ने बताया कि श्रीराम कथा केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मकता, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक जागरूकता का संदेश देने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस कथा के माध्यम से भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, त्याग, मर्यादा और धर्म के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं निवेदिता मित्तल ने सदस्यों को निर्देशित करते हुए आयोजन के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाएं। ताकि अधिक से अधिक लोग इस आध्यात्मिक आयोजन का लाभ उठा सकें।

### नौ बच्चों को रेस्क्यू कर बालश्रम से मुक्त कराया

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना एएचटीयू, श्रम विभाग एवं जिला चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम ने मंगलवार को बाल श्रम उन्मूलन अभियान, बाल भिक्षावृत्ति, मानव तस्करी, बाल विवाह तथा महिलाओं से सम्बन्धित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ जागरूकता अभियान चलाया। चेकिंग व अभियान के दौरान थाना सिविल लाइंस, थाना कोतवाली एवं थाना गंज क्षेत्रान्तर्गत मोटरसाइकिल शोरूम, होटल ढाबों एवं दुकानों आदि स्थानों से 9 बच्चों को रेस्क्यू कर बालश्रम से मुक्त कराकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। इसी क्रम में भिन्न-भिन्न दुकानों के सेवायोजकों को बाल श्रम अधिनियम के बारे बताया गया। बाल श्रम रोकथाम के लिए मेडिकल स्टोर, मुख्य चौराहों, होटल, ढाबा मालिकों को हिदायत दी कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए। ऐसा करना दंडनीय अपराध है।

# मढ़ा प्रवाहित करते रामगंगा में छह डूबे, 2 की मौत

## मिलक क्षेत्र के कूप गांव में शादी में आए युवक सहित दो की गई जान, ग्रामीणों ने चार को बचाया

संवाददाता मिलक

**अमृत विचार:** थाना मिलक क्षेत्र के ग्राम कूप में शादी के चलते मढ़ा प्रवाहित करने के दौरान रामगंगा नदी में 6 लोग डूब गए। ग्रामीणों और गोताखोरों ने तत्परता दिखाते हुए 5 लोगों को बाहर निकाल लिया, जबकि एक युवक का मंगलवार को शव बरामद हुआ। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है और 4 लोग सुरक्षित बचाया गया है।

पुलिस के अनुसार सोमवार को बरेली के सिरौली थाना क्षेत्र के गुड़गांवा मुस्तकिल निवासी मुन्ना पुत्र मदनलाल अपने रिश्तेदार श्यामलाल पुत्र पोथीराम केवट के घर शादी में शामिल होने कूप गांव आया था। मढ़ा प्रवाहित करने के दौरान वो गांव के ही 5 अन्य लोगों के साथ रामगंगा में नहाने चले गए।

नदी में बांध निर्माण के लिए मशीन से खुदाई के कारण करीब 50 फीट गहरा गड्ढा बना हुआ था। नहाते समय सभी 6 लोग उसी गहरे कुंड में चले गए और डूबने लगे। शोर मचाने पर गांव वाले पहुंचे और स्थानीय गोताखोरों की मदद से 5 लोगों को बाहर निकाल लिया। एक की अस्पताल में मौत हो गई। घायल नन्हे पुत्र श्यामलाल केवट निवासी कूप को गंभीर हालत में बरेली अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं लापता मुन्ना को स्थानीय गोताखोर गहराई अधिक होने के कारण नहीं ढूंढ पाए। मंगलवार को गोताखोरों ने नाव की मदद से उसका शव बरामद कर लिया। सुरक्षित बचाए गए लोग लक्की पुत्र पोपीराम, करन पुत्र श्यामलाल, संदीप पुत्र चंद्रपाल निवासी कूप तथा कल्लू पुत्र मदनलाल निवासी गुड़गांवा मुस्तकिल चारों पूरी तरह स्वस्थ हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बांध निर्माण के लिए हुई खुदाई की जगह पर कोई चेतावनी बोर्ड या बैरिकेडिंग नहीं थी, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया इस मौके पर संबंधित अधिकारी मिलक पुलिस घटनास्थल पर मौजूद रही।



रामगंगा किनारे लगी भीड़। • अमृत विचार



रामगंगा में डूबने की सूचना पर पहुंची पुलिस और अधिकारी। • अमृत विचार



मृतक मुन्ना।



मृतक नन्हे।

• **हादसे के बाद आसपास के गांवों तक फैली खबर, जुटी भीड़**

# रोवर्स-रेंजर्स को कराया झंडा गीत और तालियों का अभ्यास



स्काउट शिविर का ध्वजारोहण करते कालेज प्राचार्य डॉ. आरएस गिरि।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राजकीय महाविद्यालय रजा नगर में पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को कालेज प्राचार्य प्रो. आरएस गिरि ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर और पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया। पहले दिन झंडा गीत, ध्वजारोहण एवं तालियों का अभ्यास कराया गया।

कालेज परिसर में ध्वजारोहण एवं झंडा गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, सेवा, नेतृत्व एवं राष्ट्रभक्ति की भावना का विकास करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को इन मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। कहा कि 2 मई तक शिविर का आयोजन होगा। शिविर के पहले दिन प्रतिभागियों को प्रशिक्षक प्रेमपाल सिंह, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) द्वारा भारत स्काउट एवं गाइड के झंडा गीत, ध्वजारोहण एवं ध्वज अवतरण के नियमों का प्रशिक्षण दिया। साथ ही विभिन्न प्रकार की तालियों का अभ्यास कराया और रोवर्स-रेंजर्स की टोलियों का गठन कराया। शिविरार्थियों को स्काउट-गाइड की प्रतिज्ञा एवं नौ नियमों की भी विस्तृत जानकारी दी गई।

• **राजकीय महाविद्यालय रजा नगर में पांच दिवसीय शिविर शुरू**

# ज्ञान केंद्र बनेगी रजा लाइब्रेरी: डॉ. मिश्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** रजा लाइब्रेरी सभागार में मंगलवार को हिंदी सलाहकार समिति की बैठक हुई। लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि लाइब्रेरी केवल एक ऐतिहासिक संस्थान नहीं, बल्कि भारत की बहुभाषिक, बहुसांस्कृतिक और ज्ञान परंपरा का जीवंत प्रतीक है। लाइब्रेरी को एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोध एवं ज्ञान केंद्र के रूप में विकसित होगा।

हिंदी सलाहकार समिति का गठन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो न केवल हिंदी भाषा के संवर्धन में सहायक होगी, बल्कि विभिन्न भारतीय एवं वैश्विक भाषाओं के बीच सेतु निर्माण का कार्य भी करेगी। आधुनिक भाषा प्रयोगशाला के माध्यम से हम परंपरागत ज्ञान को नवीन तकनीकी संसाधनों से जोड़ते हुए शोधार्थियों, विद्यार्थियों और विद्वानों के लिए एक सशक्त एवं अनुकूल वातावरण तैयार करेंगे। भारतीय भाषाओं के अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण की दिशा में हमारे प्रयास न केवल भाषाई पहचान को वैश्विक स्तर पर स्थापित करेंगे, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार, शिक्षा और शोध के नए द्वार भी खोलेंगे। लाइब्रेरी भाषा के माध्यम से विश्व को जोड़ने के मूल मंत्र को साकार कर भारत को एक वैश्विक ज्ञान केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। लाइब्रेरी मे 21 से अधिक भाषाओं की पांडुलिपियों एवं दुर्लभ पुस्तकों के अनुवाद के लिए एक सुदृढ़ अनुवाद केंद्र की स्थापना पर विचार कर अनुमोदन प्रदान किया गया।

एक अत्याधुनिक भाषा प्रयोगशाला स्थापित करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई, जो ऑडियो-विजुअल तकनीकों, डिजिटल संसाधनों एवं बहुभाषिक डेटाबेस से सुसज्जित होगी, जिससे शोध एवं अनुवाद कार्य अधिक प्रभावी एवं सुलभ बन सकेगा। बैठक में प्रो. मधु चतुर्वेदी, प्रो. आनंद कुमार सिंह, प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्रा, प्रो. लाल बहादुर शास्त्री, प्रो. प्रकाश चंद्र गिरी, डॉ. विवेकानंद उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



रजा लाइब्रेरी सभागार में हिंदी सलाहकार समिति की बैठक में विचार विमर्श करते सदस्य।

• **लाइब्रेरी के सभागार में हुई हिंदी सलाहकार समिति की बैठक**

# चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस ने चोरी की एक बाइक के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। रविवार की रात सूचना पाकर उप निरीक्षक रामवीर राठी पुलिस बल के साथ केमरी रोड़ वाहनों की चेकिंग करने लगे। इस दौरान बाइक सवार एक व्यक्ति पुलिस को देख घबरा कर भागने लगा। बाद में पुलिस ने पीछा कर बाइक सवार व्यक्ति को पकड़कर बाइक के संबंध में कागज मांगे, तो वह कोई कागजात नहीं दिखा सका। साथ ही पुलिस बाइक समेत उक्त व्यक्ति को कोतवाली ले आई। जहां पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर उसने पुलिस को बताया कि बाइक चोरी की है। जिसे उसने महेश गुप्ता की परचूनी की दुकान का जाल तोड़कर चुराई थी। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी का महबूब हुसैन निवासी गांव सीकमपुर पांडे थाना मूढांपांडे मुरादाबाद का रहने वाला है।

# हाय गर्मी: मुंह पर लगते रहे लू के थपेड़े

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** गर्मी का सितम दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। सुबह से मुहं पर लू के थपेड़े लग रहे है। गर्मी को लेकर मौसम वैज्ञानिकों ने यलो अलर्ट जारी कर दिया है। अगले पांच दिन के लिए जारी अलर्ट में तापमान बढ़ने के साथ लू चलने की चेतावनी जारी की गई है। मंगलवार को तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रहा।

अप्रैल के महीने में मई-जून जैसी गर्मी का अहसास हो रहा है। जैसे-जैसे सूरज चढ़ता गया तपिश बढ़ती गई लोग गर्मी और दोपहर में लू चलने के कारण जरूरी कार्यों से ही घरों से बाहर निकले। गर्मी से बचने के लिए लोगों ने बेल का शर्बत, गन्ने का जूस और लस्सी पीकर गर्मी से बचने का जतन किया। इसके अलावा लोग अंगोछे को सिर पर डालकर या छाता लेकर घरों से लेकर निकलें। युवतियां स्कूटी पर दुपट्टा या स्कार्फ लपेटकर निकलीं। घरों की खिड़की-दरवाजों पर पर्दे लगाकर पानी का छिड़काव कर पंखे या कूलर चलाकर घरों के भीतर का तापमान नियंत्रित रखें ताकि, बाहर से आने वालों को घर पहुंचने पर गर्मी से राहत मिल सके।



धूप से बचने को लगाना पड़ा छाता।



गर्मी से बचने के लिए स्कार्फ लपेटा।

**हाल-ए-मौसम**

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 39 डिग्री से. |
| न्यूनतम तापमान | 25 डिग्री से. |
| आद्रता | 25 प्रतिशत |
| वायु वेग | 13 किमी. प्रति घंटा |

> 2 मई तक पश्चिमी उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्रों जैसे सहारनपुर, बिजनौर, रामपुर, बरेली, पीलीभीत आदि जिलों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की वर्षा की संभावना है। जबकि अन्य जिलों जैसे मेरठ, बुलंदशहर आदि जिलों में अगले 24 घंटे में आंधी के साथ बूंदाबांदी हो सकती है।
>
> – **डॉ. उदय प्रताप शाही**, मौसम वैज्ञानिक, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

# सब रजिस्टार ऑफिस में खुला ई-स्टांपिंग हेल्प डेस्क काउंटर



ई-स्टांपिंग हेल्प डेस्क काउंटर का शुभारंभ करते एआईजी स्टांप रामेंद्र कुमार।


**बिलासपुर, अमृत विचार:** बिलासपुर क्षेत्रवासियों के लिए अच्छी खबर है, अब उन्हें ई-स्टांपिंग लेने के लिए इधर-उधर भागना नहीं पड़ेगा। अब सब रजिस्टार ऑफिस में ई-स्टांपिंग हेल्प डेस्क काउंटर खुल गया है। जहां आम जनमानस को 10 से लेकर 500 तक ई-स्टांप आसानी से मिल सकेगा।

मंगलवार की दोपहर एआईजी स्टांप रामेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने विधिवत फीता काटकर ई-स्टांपिंग हेल्प डेस्क काउंटर शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि इस काउंटर के खुलने से आम जनमानस को 10 से लेकर 500 तक के स्टांप पेपर व ई-कोर्ट फीस लिखित मूल्य पर उपलब्ध होंगे।जिससे कि आम जनमानस को छोटे स्टांप पेपर व ई कोर्ट फीस ई-कोर्ट फीस में होने वाली समस्या समाप्त हो जाएगी।

# मौलाना अब्दुल वहाब खां को याद किया

**रामपुर, अमृत विचार:** दुमहला रोड स्थित मदरसा जामिया तुल मआरिफ में साहित्यकार, कुरान के जानकार और स्वतंत्रता सेनानी मौलाना अब्दुल वहाब खां की याद में कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पवित्र कुरान की तिलावत और नात के साथ हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष नासिर उददीन खान एडवोकेट और संचालन मौलाना अब्दुल मुकित नदवी ने की। पूर्व प्रोफेसर रजा पीजी कॉलेज रामपुर डॉ. मुमताज अर्शी, ग्लोबल सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद जुबैर शम्सी, मशहूर शायर अजहर इनायती और अब्दुल वाहिद खान अतिथि रहे। सददाम हुसैन फैज़ी की चौथी पुस्तक मुजाहिद ए आजादी मौलाना अब्दुल वहाब खान के नाम की किताब का विमोचन किया गया। डॉ. मुमताज अर्शी ने कहा कि मौलाना अब्दुल वहाब खान रामपुर के सुलझे हुए व्यक्तित्व के मालिक थे। सपा के शहर अध्यक्ष मोहम्मद आसिम राजा, जमीयत उलेमा-ए-हिंद के जिला अध्यक्ष मौलाना असलम जावेद कासमी, डॉ.अब्दुल रऊफ खान ने मौलाना के बारे में विस्तार से बताया। अजहर इनायती ने कहा कि सददाम हुसैन ने मौलाना की शख्सियत पर जो काम किया है वह बहुत व्यापक है। इस दौरान जामीया तुल मआरिफ के डायरेक्टर मौलाना अब्दुल मुक़ित नदवी, इकरा मॉडल स्कूल के प्रबंधक ताहिर अंजुम महफिल के अध्यक्ष नासिर उद्दीन खान एडवोकेट ने किताब के लेखक का स्वागत किया। समारोह में पूर्व अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मास्टर इसरार अहमद, कांग्रेस शहर अध्यक्ष बाकर अली खान आदि साहित्यकार मौजूद रहे।



स्वतंत्रता सेनानी की नामी किताब का विमोचन करते अतिथि। • अमृत विचार

• **स्वतंत्रता सेनानी की नामी किताब का भी हुआ विमोचन**

## न्यूज डायरी

### विवेकानंद कॉलेज में यूपी बोर्ड के मेधावियों को सम्मानित किया

**रामपुर, अमृत विचार :** विवेकानंद इंटर कॉलेज सिलई बड़ा गांव के स्टाफ व प्रबंधन द्वारा यूपी बोर्ड के मेधावी छात्र-छात्राओं का फूल माला पहनाकर सम्मानित किया। हाईस्कूल में अरुण कुमार ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, राधिका ने दूसरा, प्रियांशी गंगवार ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त किया तीसरा स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट में अमनजोत कौर ने 79 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, आशीष पाठक ने दूसरा व आस्था गंगवार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। संस्थापक प्रेमशकर ने सभी बच्चों को बधाई व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने बताया ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा देना ही विद्यालय का लक्ष्य है। गतवर्ष विद्यालय की एक छात्रा ने जिले की टॉप-10 में भी स्थान बनाया था। सम्मानित करने वालों में भूपेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, विजय पाल, गजेंद्र कुमार, इसराइल, मनोहर लाल, साधना गंगवार, महेंद्र कुमार, संदीप गंगवार, रवि गंगवार, नीरज गंगवार, मोनिका शर्मा, उपासना, ज्योति गंगवार, ममता देवी, आस्था गंगवार, पुष्पा गंगवार आदि ने बधाई दी।






### जिला कारागार में यूपी बोर्ड में पास हुए बंदियों को किया सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला कारागार रामपुर में निरुद्ध बंदियों को कक्षा -10वीं व 12वीं सहित अन्य कक्षाओं में अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होने पर जेल प्रशासन ने सम्मानित किया गया। इनमें हाईस्कूल के 3 व इंटरमीडिएट में 1 बंदी ने परीक्षा पास की है। जेल अधीक्षक राजेश यादव एवं जेलर सुनील कुमार सिंह ने उन्हें पुरस्कार प्रदान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का उद्देश्य बंदियों में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें आगे भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों ने सभी बंदियों को लगन, अनुशासन और निरंतर अध्ययन की प्रेरणा दी। बंदियों को यह संदेश दिया गया कि शिक्षा के माध्यम से हर व्यक्ति अपने जीवन में नया अध्याय शुरू कर सकता है।



### डीएमए वाटिका प्ले-वे में दंत परीक्षण शिविर लगाया

**रामपुर, अमृत विचार :** डीएमए वाटिका प्ले-वे स्कूल में मंगलवार को प्री नर्सरी और नर्सरी के छात्रों का दंत परीक्षण कराया गया। दंत चिकित्सक डॉ. कृतिका अग्रवाल ने सौ से अधिक बच्चों का सफल परीक्षण किया। डॉ. कृतिका ने बच्चों को दांतों से संबंधित कुछ सुझाव दिए। उन्होंने बताया कि बच्चों को सीमित मात्रा में ही मीठा व पैकेट फूड का सेवन करना चाहिए। उन्होंने बच्चों को दिन में दो बार ब्रश करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस दौरान स्कूल हेडमिस्ट्रेस प्रीति भाटिया ने बच्चों को दांत स्वस्थ रखने के लिए सुझाव दिए। छात्रों को अपनी पढ़ाई के साथ अपने स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए।

### सरस्वती विद्या मंदिर में यूपी बोर्ड के टॉप-10 मेधावी सम्मानित

**मिलक, अमृत विचार :** नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मिलक में वंदना सत्र में यूपी बोर्ड-2026 के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉप-10 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति एवं प्रधानाचार्य ने मेधावियों को माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर शील्ड देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार माहेश्वरी ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि ये बच्चे विद्यालय ही नहीं, पूरे मिलक क्षेत्र का गौरव हैं। इनकी मेहनत से दूसरे छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी। शिक्षा के साथ संस्कार ही विद्या भारती का मूल मंत्र है। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंदपाल सिंह ने शिक्षण प्रदान करने वाले आचार्य परिवार की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मेहनत और अभिभावकों के सहयोग से ही ये परिणाम संभव हुए हैं। सम्मान समारोह में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार माहेश्वरी, उप प्रबंधक हरिओम अग्रवाल, सदस्य बाबूराम गंगवार एडवोकेट और प्रधानाचार्य आनंद पाल सिंह के साथ-साथ विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



# बाढ़ प्रबंधन को बनाएं कार्ययोजना

कार्यालय संवाददाता रामपुर

**अमृत विचार:** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए व्यापक रणनीति पर मंथन किया गया। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों से बाढ़ प्रबधन को लेकर एक सप्ताह में विस्तृत कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं।

मई के अंतिम सप्ताह तक मानसून आने की संभावना है। बैठक में अधिशासी अभियंता नहर खंड द्वारा सभी उपस्थित अधिकारियों को बाढ़ प्रबंधन से संबंधित उनकी जिम्मेदारियों एवं दायित्वों के बारे में अवगत कराया। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि वे एक सप्ताह के भीतर अपनी विस्तृत कार्ययोजना प्रशासन को अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें तथा अपने-अपने स्तर पर सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर लें, जिससे संभावित बाढ़ के प्रभाव को न्यूनतम किया जा सके। जिलाधिकारी ने जिले के सभी संवेदनशील एवं संभावित बाढ़ प्रभावित स्थलों की पहचान कर वहां आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता के निर्देश दिए। साथ ही बाढ़ निरोधक कार्यों के लिए पर्याप्त संख्या में मजदूर, आवश्यक सामग्री एवं उपकरणों की व्यवस्था पूर्व से ही कर ली जाए। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासन को निर्देश दिए कि संभावित प्रभावित क्षेत्रों में सक्रिय तैनाती सुनिश्चित की जाए, जिससे किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके। ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव एवं भूमि कटान की समस्या के समाधान के लिए संबंधित विभागों को तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए। जनपद को संभावित बाढ़ जैसी आपदा से सुरक्षित रखने के लिए पूरी तत्परता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। बैठक में जनपद के सभी संबंधित विभागों के अधिकारी एवं स्टेकहोल्डर्स उपस्थित रहे।



जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में शामिल अधिकारी।


• **कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को हुई स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक**

# बसें बाईपास से निकालने पर कांग्रेसियों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** रोडवेज बसें बाईपास से निकालने पर कांग्रेसियों ने रोडवेज बस अड्डे पर मंगलवार को प्रदर्शन कर एआरएम को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि रोडवेज डिपो में बसें नहीं आने से रोडवेज बस अड्डे पर यात्री बस के इंतजार में घंटों खड़े रहते हैं।

उन्होंने बताया कि बसों में यात्रा कर रहे यात्रियों को कंडक्टर बाईपास पर उतार देते हैं जिससे यात्रियों को परेशानी होती है। रोडवेज बस अड्डे पर बस पर भीषण गर्मी में यात्री सड़क किनारे घंटों बसों का इंतजार करने को मजबूर हैं। अधिकांश बसें डिपो के अंदर आने के बजाय बाईपास से ही निकल जाती हैं, जिससे यात्रियों को मुरादाबाद तक जाकर बस पकड़नी पड़ती है। नगर अध्यक्ष बाकर अली खां, नोमान मुमताज खां, चितरंजन प्रसाद, फरीद खां, जमील मियां, मोहम्मद जकी, इमरान अहमद, कपिल चौधरी, राजेश लोधी, सूरज कश्यप, सरताज आदि मौजूद रहे।



रोडवेज बस अड्डे पर ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी। • अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### लापरवाही में 33 पंचायत सहायकों की सेवा समाप्त

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला पंचायत राज अधिकारी नत्थू लाल गंगवार ने पंचायत सहायकों की लगातार अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए उनकी सेवाएं समाप्त करने का निर्णय लिया है। जिला पंचायतराज अधिकारी ने जिले के विभिन्न विकास खंडों में तैनात कुल 33 पंचायत सहायकों द्वारा लंबे समय से उपस्थिति दर्ज न करने पर उनकी सेवाएं समाप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने पूर्व में कई बार नोटिस एवं निर्देश दिए जाने के बावजूद भी संबंधित पंचायत सहायकों ने ना तो अपनी उपस्थिति पंचायत सहायक पोर्टल पर दर्ज कराई और न ही ग्राम पंचायतों में नियमित रूप से कार्य किया। इससे पंचायत सचिवालय का कार्य बाधित हो रहा था तथा जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों में भी अवरोध उत्पन्न हो रहा था। उपस्थिति रजिस्टर के अधिकांश पंचायत सहायकों ने एक माह या उससे अधिक समय से उपस्थिति दर्ज नहीं की, जबकि कुछ मामलों में तो कभी भी उपस्थिति दर्ज नहीं स्थिति सामने आई। इस लापरवाही को गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी ने एडीओ पंचायत को निर्देशित किया कि संबंधित पंचायत सहायकों की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी जाएं तथा इसकी सूचना जनपद कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

### बहादुरगंज के पास तीन बाइकें टकराईं, 6 घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** बहादुरगंज के पास स्वार रोड पर तीन बाइक आपस में टकरा गई। हादसे में महिला बच्चों समेत 6 लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसा मंगलवार को अजीमनगर थाना क्षेत्र के बहादुरगंज गांव के पास हुआ। बहादुरगंज गांव निवासी मोहम्मद कय्यूम किसी काम से रामपुर जा रहा था। जैसे ही युवक स्वार रोड पर पहुंचा सामने से आ रही बाइक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद पीछे से आ रही एक और बाइक दोनों से टकरा गई। तीनों बाइक की जोरदार टक्कर के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। बहादुरगंज गांव के तमाम ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ने लगे। ग्राम प्रधान बबलू के साथ ग्रामीणों ने सभी घायलों को सड़क से उठाया। हादसे में बहादुरगंज गांव निवासी कय्यूम, खौद निवासी इकराम मियां, बिलाल, टांडा निवासी महिला और दो बच्चे घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मुरसैना चौकी पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई। मौके पर मौजूद पुलिस ने फोन करके एंबुलेंस को बुला लिया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# श्री बाला जी के जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

## शोभायात्रा में जयकारों के बीच 23 झांकियां बैंड-बाजे के साथ शहर में घूमीं, भजनों पर नाचते रहे भक्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला खारी कुआं से मंगलवार की शाम श्री बाला जी के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में 23 झांकियां शामिल रहीं और बैंड की धुन पर श्री बाली जी के भजन गाए गए। इससे पहले शोभायात्रा का महंत राजीव नंदन अग्रवाल और विमला अग्रवाल ने शुभारंभ किया। श्री बाला जी शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहा। शहर में कई जगह श्री बाला जी शोभायात्रा में पुष्प वर्षा हुई।

शोभायात्रा में भगवान श्री बाला जी समिति का बैनर, बैंड, श्री गणेश जी महाराज, श्री हनुमान जी की प्रतिमा, बाबा की मूर्ति, श्री हनुमान जी का नृत्य, भारत माता की प्रतिमा, अघोरी, भगवान विष्णु शेषनाग शैया पर, महाकाली, माता काली की प्रतिमा, वैष्णो माता, संजीवनी बूटी लाते हनुमान जी, राधा कृष्ण, श्री राम दरबार, श्री बाला जी दरबार की झांकियां शामिल थीं। । शोभायात्रा में राम दरबार की झांकी ने भी मुख्य आकर्षण बटोरा, जिसमें भक्त भजन-कीर्तन कर रहे थे। श्री बाला जी शोभायात्रा खारी कुआं से चलकर मीठा कुआं, अखाड़ा सोहराब खां, खुर्मे वाली जियारत, राजद्वारा, मिस्टन गंज होते हुए देर रात को गल्ला मंडी के निकट अग्रवाल धर्मशाला पहुंची। रास्तें में राजद्वारा और मिस्टन गंज में भक्तों ने श्री बाला जी शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की और फल, खीर, हलवा, शर्बत और जलजीरा वितरित किया गया। बैंड की धुन पर श्री बाली जी के धुनों ने लोगों का मन मोह लिया। शोभायात्रा में भक्त जयकारे लगाते चल रहे थे। संचालन संरक्षक अशोक कुमार ने किया। शोभायात्रा के अग्रवाल धर्मशाला पहुंचने पर संस्थापक विमला अग्रवाल ने श्री बाला जी की भव्य तेजस्वी प्रतिमा की आरती कर प्रसाद वितरण किया।


शोभायात्रा में शामिल श्री बाला जी समिति के पदाधिकारी। • अमृत विचार


शोभायात्रा में शामिल झांकी। • अमृत विचार


श्री बाली जी की झांकी।

### शोभायात्रा में यह रहे शामिल

पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, राजीव मांगलिक, जुगेश अरोड़ा, राजीव कुमार शर्मा, ऋषभ ठाकुर, प्रतीक फूल सक्सेना, संजय पाठक, संजय नरुला, संदीप अग्रवाल सोनी, अनिल वशिष्ठ, शैलेंद्र शर्मा, सुनील अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, चंदन रस्तोगी, अनिल राज अग्रवाल, ध्यानू राज अग्रवाल, संदीप रजा अग्रवाल, मनीष आहूजा, निकेत सक्सेना, सुनील सक्सेना, दिनेश रस्तोगी दिन्ने, रोहित रस्तोगी, सागर विरमानी, सौम्या सक्सेना, रश्मि सक्सेना, प्रियंका जैन, निशा सक्सेना, शैफाली, मोहित सिंघल, धर्मवीर, मोहित सिंघल, उदित गुप्ता, रविकांत मीत सिंह, कविता, संतोष शर्मा, चेतन प्रकाश, अर्चना अग्रवाल आदि।

# एक सप्ताह बाद भी पिंजरे खाली, तेंदुआ से दहशत

• मसवासी के कुंदनपुर क्षेत्र में ग्रामीणों में दहशत बरकरार

**मसवासी, अमृत विचार:** क्षेत्र के कुंदनपुर स्थित भूढ़िया फॉर्म में तेंदुए की दहशत थमने का नाम नहीं ले रही है। एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी वन विभाग द्वारा लगाया गया पिंजरा खाली पड़ा है, जिससे ग्रामीणों में भय और आक्रोश दोनों बढ़ते जा रहे हैं।

बताया जा रहा है कि करीब एक सप्ताह पूर्व कुंदनपुर के जंगल में तेंदुए ने एक कुत्ते को अपना शिकार बना लिया था। खेत में पड़े अवशेष देखकर किसानों के होश उड़ गए थे। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना वन विभाग को दी। ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी तेंदुआ कई पशुओं को निशाना बना चुका है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जंगल में तेंदुए के पदचिह्न भी तलाश किए। पदचिह्न मिलने के बाद विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दिया और उसमें शिकार के रूप में अवशेष भी रखे गए। हालांकि, एक सप्ताह बीतने के बाद भी तेंदुआ पिंजरे में नहीं फंसा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग तेंदुए को पकड़ने के लिए गंभीर प्रयास नहीं कर रहा है। लोगों का कहना है कि तेंदुए के लगातार सक्रिय रहने से खेतों में काम करने जाना भी खतरे से खाली नहीं है। खासकर सुबह और शाम के समय ग्रामीणों में ज्यादा डर बना हुआ है। उधर, वन दरोगा कुलबीर सिंह का कहना है कि तेंदुए को पकड़ने के लिए लगातार उसकी लोकेशन ट्रेस की जा रही है और टीम सतर्क है।


जंगल में रखा पिंजरा फाइल फोटो।

# अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल

• घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार को भर्ती कराया

**बिलासपुर, अमृत विचार:** अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया।

पहली दुर्घटना केमरी मार्ग पर हुई। नगर के मौहल्ला कायस्थान निवासी रमेश कुमार मंगलवार की दोपहर भगवान महावीर अन्नपूर्णा भोजनालय में खाना खाकर पैदल वापस घर लौट रहा था। बताया जाता कि भोजनालय के पास सामने से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मारकर फरार हो गया। जिससे वह सड़क गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी पर भर्ती कराया गया। दूसरी घटना केमरी उपनगर के मोहल्ला गढ़ी निवासी अहमद हुसैन के साथ हुई। वह गांव जिवाई में मजदूरी करने के बाद साइकिल से घर लौट रहे थे। इस दौरान राजकीय इंटर कॉलेज के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। एम्बुलेंस द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।

तीसरी दुर्घटना नगर के मोहल्ला शीरी मियां निवासी वली मियां के साथ हुई। वह बाइक से किसी समारोह में दावत खाने जा रहे थे। इसी बीच माटखेड़ा रोड पर स्वार बस अड्डे के पास अचानक सड़क पार कर रहे कुत्ते से उनकी बाइक टकरा गई और वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी पर भर्ती कराया गया हैं।

# नवविवाहिता से मिलने ससुराल पंहुचा प्रेमी, हंगामा

**रामपुर, अमृत विचार:** अजीमनगर थाना क्षेत्र में शादी से अगले दिन नवविवाहिता से प्रेमी मिलने पहुंचा तो हंगामा हो गया। परिजनों ने आरोपी युवक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। घटना अजीमनगर थाना क्षेत्र के कुम्हारिया गांव की है। गांव निवासी एक युवक की शादी एक दिन पहले बगड़खा का गांव से हुई थी। सोमवार सुबह नव विवाहिता का प्रेमी उससे मिलने उसकी ससुराल आ गया। ससुराल वालों ने आरोपी से पूछताछ की तो उसने खुद को नव विवाहिता का फुफेरा भाई बताया। शक होने पर ससुराल वालों ने आरोपी की छानबीन शुरू कर दी। हकीकत सामने आई तो ससुराल वाले भड़क गए और आरोपी युवक पर टूट पड़े। आरोपी जंगल की ओर भागने लगा तो ग्रामीणों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। इस दौरान आरोपी की जमकर धुनाई की गई।

# आयुष्मान कार्ड बनाने में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

• भारत गार्डन में डीएम की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता रामपुर

**अमृत विचार:** जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने की गति को बढ़ाने के लिए मंगलवार को बरेली रोड स्थित भारत गार्डन में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में एक कार्यशाला हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाएं, इसके किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कार्यशाला में सभी एमओआईसी, एएनएम, आशा, सीडीपीओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियां, एडीओ पंचायत, राशन कोटेदारों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने पात्रता के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा चिन्हित ऐसे परिवार, जो अन्त्योदय राशन कार्ड धारक हैं या वर्ष 2011 के एसईसीसी डेटा में सूचीबद्ध हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर कार्ड बनाए जाएं। इसके अलावा श्रम कार्ड धारक, जिनके श्रम कार्ड पात्र गृहस्थी राशन कार्ड से लिंक हैं तथा आयुष्मान पोर्टल पर प्रदर्शित हो रहे हैं, उन्हें भी योजना का लाभ दिया जाए। पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों के ऐसे परिवार जिनमें 6 या उससे अधिक सदस्य हैं और जिनका नाम पोर्टल पर प्रदर्शित है साथ ही 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को अनिवार्य रूप से आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने सीएचसी अधीक्षकों की जिम्मेदारी तय की। कहा कि प्रत्येक सप्ताह आयुष्मान कार्ड निर्माण की नियमित समीक्षा की जाए और प्रगति सुनिश्चित की जाए। यदि किसी क्षेत्र में प्रगति संतोषजनक नहीं पाई जाती है तो संबंधित कर्मचारी एवं अधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने जिले की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया कि कुल 1337 आयुष्मान ऑपरेटर आईडी के सापेक्ष मात्र 826 आईडी ही सक्रिय पाई गईं। जिस पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की और इसे तत्काल सुधारने के निर्देश दिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।


भारत गार्डन में कार्यशाला में बोलते डीएम। • अमृत विचार

### फैमिली आईडी बनाने पर दिया जोर

जिलाधिकारी ने कहा कि फैमिली आईडी न होने की स्थिति में पेंशन, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास, सामूहिक विवाह सहित केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई होगी। उन्होंने सभी पात्र लाभार्थियों की फैमिली आईडी शीघ्रता से बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी नत्थूलाल गंगवार, जिला कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में गोकशी के दो आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** पुलिस अधीक्षक रामपुर सोमेंद्र मीना द्वारा अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार रात थाना गंज पुलिस ने मुठभेड़ में गोकशी के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पैर में गोली लगी है, दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना गंज पुलिस ने सोमवार देर रात स्वार चौराहा पर संदिग्ध लोगों व वाहनों की चेकिंग के दौरान स्वार की ओर से आती एक मोटरसाइकिल को रुकने का इशारा किया। इस दौरान मोटरसाइकिल सवार लोगों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए चाकू चौराहा की ओर जाने वाले रास्ते पर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा बाइक सवार व्यक्तियों का पीछा किया गया, अजयपुर केसरपुर को जाने वाले रास्ते पर मोटरसाइकिल असंतुलित हो कर गिर गई। बाइक सवारों द्वारा फायरिंग करते हुए उठकर भागने का प्रयास किया गया, जिसमें मुख्य आरक्षी विशाल अहमद घायल हो गए। आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई में दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगने से घायल हो गए। आरोपियों की पहचान लालू उर्फ मुकर्रम निवासी पीला तालाब थाना गंज और परवेज तीतर वाली पाखड़ थाना गंज के रुप में हुई है। आरोपी सन 2018 में थाना कलक्टर बक गंज बरेली में गोकशी करते समय एक सिपाही की हत्या करने में आरोपी परवेज शामिल रहा है। घायल मुख्य आरक्षी एवं आरोपियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे 315 बोर, जिंदा कारतूस 315 बोर, एक तमंचे की नाल में फंसा कारतूस तथा गोकशी में प्रयुक्त होने वाले उपकरण बरामद हुए हैं। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर आरोपियों के खिलाफ थाना गंज पर 75/2026 धारा- 109 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि हम दोनों चोरी छिपे निराश्रित गोवंशीय पशुओं को पकड़कर गोकशी करने काम करते है तथा पुलिस व पब्लिक से बचने के लिये अपनी सुरक्षा के लिये अपने साथ अवैध तमंचे भी रखते है। आज भी हम गोकशी के लिए एकांत स्थान देखने आये थे।


मुठभेड़ में गिरफ्तार गोकशी का आरोपी।

• कब्जे से दो तमंचे, गोकशी करने के उपकरण और एक मोटरसाइकिल बरामद

### दोनों पर गोकशी सहित विभिन्न धाराओं में 20 मुकदमे

दोनों आरोपियों पर रामपुर जिले के विभिन्न थानों में करीब 20 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी लालू पर 12 मुकदमे दर्ज है, जबकि आरोपी परवेज पर 8 मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में पवन कुमार शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना गंज, उपनिरीक्षक मुकेश कुमार, उप निरीक्षक राहुल कुमार गंगवार, उप निरीक्षक राहुल सिंह, उप निरक्षक हिमांशु सिंघल, हेड कांस्टेबल सतपाल हेड कांस्टेबल दिग्विजय, हेड कांस्टेबल शाहनवाज व विशाल अहमद शामिल रहे।

# घर के बंटवारें को लेकर विवाद, दो भाइयों का चालान

**मसवासी:** थाना स्वार क्षेत्र के ग्राम सीतारामपुर में घर के बंटवारे को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद बढ़ने पर पुलिस ने समय रहते कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। पुलिस के अनुसार उपनिरीक्षक मनोज कुमार मिश्र टीम के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान सीतारामपुर में प्रमोद और जयकिशन अपने भाई गोपीचंद के साथ मकान के बंटवारे को लेकर झगड़े पर आमादा थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे शांत नहीं हुए और स्थिति तनावपूर्ण हो गई। हालात बिगड़ते देख और संज्ञेय अपराध की आशंका के चलते पुलिस ने प्रमोद और जयकिशन को हिरासत में ले लिया।

# तमंचे से फायरिंग का मुख्य आरोपी मुरादाबाद से गिरफ्तार

**मिलक, अमृत विचार:** 27 मार्च को युवक देवराज मित्तल पर जानलेवा फायर करने वाले मुख्य आरोपी हंशित शर्मा को मिलक पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सर्विलांस टीम की मदद से पुलिस ने आरोपी को मुरादाबाद के सेक्टर-15 से रविवार 27 अप्रैल को दोपहर करीब 2:50 बजे दबोच लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल 12 बोर का तमंचा और खोखा कारतूस भी बरामद कर लिया है। देवराज मित्तल निवासी असदुल्लापुर का आरोप है कि मामूली विवाद को लेकर हंशित ने अंटी से तमंचा निकालकर उन पर फायर झोंक दिया था। गनीमत रही कि देवराज बाल-बाल बच गया। पुलिस मामले में एक आरोपी गेरू को पहले ही जेल भेज चुकी थी। मामले में मुख्य आरोपी हंशित शर्मा फरार चल रहा था। मामले में आर्म्स एक्ट की धारा भी बढ़ा दी गई। सोमवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।


पुलिस हिरासत में आरोपी।

# दो स्थानों पर आग लगने से हजारों का नुकसान

**बिलासपुर, अमृत विचार:** सोमवार देर शाम आग लगने की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आईं। खजुरिया थाना क्षेत्र के चंद्रपुरा जदीद गांव में रसोई गैस सिलेंडर में आग लग गई, जिससे हजारों का नुकसान हुआ। वहीं बेरखेड़ा गांव में खेतों में लगी आग से करीब पांच एकड़ नरई जलकर नष्ट हो गई। दोनों ही स्थानों पर फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया।

गांव चंद्रपुरा जदीद निवासी ठाकुर दास के घर में उनकी पत्नी रसोई में खाना बना रही थीं। इसी दौरान गैस सिलेंडर के रेगुलेटर में लीकेज हुई और उसने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग रसोई में फैल गई और वहां रखा सारा सामान उसकी चपेट में आ गया। सूचना मिलने पर फायर सर्विस यूनिट मौके पर पहुंची और आग बुझाई। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन रसोई का हजारों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया।

# डीएम आवास के पास जला ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राहे रजा स्थित जिलाधिकारी आवास के निकट ट्रांसफार्मर की केबल धू-धू कर जलकर राख हो गई। इसके अलावा ट्रांसफार्मर की फेंसिंग और जिलाधिकारी आवास की चारदीवारी पर लगी फाइबर शीट ने पकड़ ली और आग की लपटें उठने लगीं चारों ओर काला धुआं फैल गया।

ट्रांसफार्मर जलने से लोगों में हड़कंप मच गया और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। इस दौरान करीब 1 घंटे बिजली ठप रही। जिलाधिकारी आवास के निकट ट्रांसफार्मर की केबिल और फाइबर में आग लगने से हड़कंप मच गया। तत्काल फायर ब्रिगेड को फोन कर सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड कर्मचारी तत्काल जिलाधिकारी आवास पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। सिविल लाइंस बिजली घर के एसडीओ एमबी सिंह ने बताया कि यह एस्टरनल आग थी जिस पर समय रहते काबू पा लिया गया। जरा देर होने पर 250 केवी का ट्रांसफार्मर आग पकड़ सकता था जिससे करीब 1 लाख रुपये का नुकसान हो सकता था। ट्रांसफार्मर की केबिल जल गई हैं और कर्मचारियों को भेजकर मरम्मत कार्य करा दिया गया। करीब 1 घंटे बाद विद्युत आपूर्ति सुचारु कर दी गई। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी और ओवरलोडिंग से ट्रांसफार्मर हीट हो रहे हैं। हालांकि रात में ट्रांसफार्मर चेक कराए जा रहे हैं इसमें तीन फेज होते हैं किसी फेज पर लोड बढ़ने पर दूसरे फेज पर ट्रांसफर कर बैलेंस कर लिया जाता है।


आग पर काबू पाते फायर ब्रिगेड के कर्मचारी। • अमृत विचार

• आवास और ट्रांसफार्मर के आसपास लगी फाइबर शीट भी जलकर खाक


डीएम आवास के निकट जलता ट्रांसफार्मर।

# गेहूं खरीद की रफ्तार सुस्त लक्ष्य मात्र 22% ही पूरा

**बिलासपुर, अमृत विचार:** शासन की तमाम कोशिशों के बाद तहसील क्षेत्र में स्थापित सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद की रफ्तार धीमी चल रही है। क्षेत्र में अब तक मात्र 22 हजार क्विंटल ही खरीद हो पाई है।

तहसील को इस सीजन के लिए एक लाख क्विंटल गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन खरीद शुरू होने के 28 दिन बीतने के बाद भी अब तक मात्र 22 हजार क्विंटल की ही खरीद हो सकी है। लक्ष्य से काफी दूर प्रशासनिक आंकड़ों पर गौर करें तो तहसील प्रशासन और विपणन विभाग अब तक अपने लक्ष्य का केवल 22 प्रतिशत हिस्सा ही हासिल कर पाया है। यदि खरीद की यही गति रही, तो विभाग के लिए एक लाख क्विंटल का आंकड़ा छूना बड़ी चुनौती साबित होगा। केंद्रों पर किसानों की कम आमद और तकनीकी अड़चनें इसकी मुख्य वजह मानी जा रही हैं। क्षेत्र के किसान संगठनों और स्थानीय किसानों ने खरीद की शुरुआती दौर में केंद्रों की व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। मंडी सचिव सोमेंदु कौशिक ने बताया कि लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रयास जारी है। इस बार सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,585 रुपये प्रति क्विंटल तय किया है। बारदाने की वजह से शुरुआत में खरीद नहीं हो पाई थी, लेकिन बारदाना पहुंचने के बाद खरीद लगातार जारी है। बताया कि व्यापारी किसानों से समर्थन मूल्य से अधिक दामों पर खरीद कर रहे हैं। खरीद धीमी रहने का सबसे बड़ा कारण यह भी है। कहा कि आने वाले दिनों में आवक बढ़ेगी और लक्ष्य को समय रहते पूरा कर लिया जाएगा।

# महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मंगलवार को चमरौआ विधान सभा क्षेत्र के ग्राम मोमिनपुर अहमदाबाद पहुंची स्योहारा की रानी कामिनी सिंह, पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां और उनकी पत्नी बेगम यासीन अली खां उर्फ शाहबानो का युवा नेता मेहरबान अली के आवास पर जोरदार स्वागत हुआ। उन्होंने महिलाओं से से बातचीत की। महिलाओं को सिलाई, खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प जैसे क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

रानी कामिनी सिंह ने कहा कि ग्रामीण महिलाएं अब स्वरोजगार और कौशल विकास के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से करोड़ों महिलाएं डिजिटल साक्षरता और बैंकिंग सेवाओं से जुड़कर अपना छोटा व्यवसाय चला रही हैं। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव ला रही है। उन्होंने कहा कि अब बदलाव का दौर है यह बदलाव न केवल महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा रहा है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति दे रहा है।

पूर्व मंत्री नवेद मियां ने कहा कि चमरौआ जिले की एक मात्र विधानसभा ऐसी है जो पूरी तरह ग्रामीण क्षेत्र है। चमरौआ विधानसभा क्षेत्र को विकास की ज्यादा जरूरत है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोग बहुत अच्छे हैं। नूर महल को हमेशा ही इस क्षेत्र का प्यार और साथ मिलता रहा है। आगे भी यह रिश्ता कायम रहेगा। इस मौके पर गन्ना विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष बाबर अली खां, पूर्व मंत्री के पीआरओ काशिफ खां, ग्राम प्रधान उमेश कुमार सिंह, इब्राहिम खां, नाजिम अली समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।


स्योहारा की रानी कामिनी सिंह का स्वागत करते बाबर अली खां। • अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### किसान को सांप ने डसा, हालत गंभीर

**हसनपुर,अमृत विचार :** सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव में सोमवार शाम खेत पर काम कर रहे एक किसान को जहरीले सांप ने डस लिया जिससे उसकी हालत गंभीर है। गांव इशापुर शर्की निवासी किसान रामपाल सोमवार की शाम अपने खेत में गन्ने का कूड़ा और सूखी पत्तियां निकाल रहे थे। इसी दौरान उनके पैर में किसी चीज के काटने का अहसास हुआ। जब रामपाल ने मुड़कर देखा तो वहां एक बड़ा सांप था। सर्पदंश का पता चलते ही उन्होंने तुरंत फोन कर परिजनों को जानकारी दी।आनन-फानन में परिजन मौके पर पहुंचे और पीड़ित को लेकर नगर के सीएचसी लेकर आए।यहां प्राथमिक उपचार के बाद किसान की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है।


घायल किसान।

### उत्कृष्ट छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**सैदनगली, अमृत विचार :** चौधरी इकबाल मैमोरियल इंटर कॉलिज ढक्का में प्रबंधक शाहनबाज चौधरी द्वारा बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में छात्रा अफ्शा तथा इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में सुब्हान ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ हाईस्कूल में सायबा,अरमिश इमरान तथा इंटरमीडिएट में सदफ फात्मा, इकरा तथा मोईन ने सम्मानजनक श्रेणी में अंक प्राप्त करके विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम रोशन किया।

### कार सवार युवक पर हमला करने का प्रयास

**गजरौला, अमृत विचार :** कार सवार युवक पर जानलेवा हमला करने का प्रयास किया गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो के आधार पर पुलिस जांच में जुटी है। क्षेत्र के गांव नांगलिया मेव निवासी रणवीर मंगलवार की सुबह कार लेकर किसी काम से गजरौला आ रहा था। उसकी कार का पीछा बाइक सवार युवकों ने हाथों में लाठी-डंडे लेकर करना शुरू कर दिया। गनीमत रही कि रणवीर ने अपनी कार नहीं रोकी। उसन घटना का वीडियो मोबाइल से बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया और पुलिस को सूचना दी।

# आईएफटीएम विवि की बस में छात्रों में मारपीट, एक घायल

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- बस में सवार छात्राओं से भी की गई बदसलूकी

**अमृत विचार:** डिडौली थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-9 पर आईएफटीएम यूनिवर्सिटी की बस में छात्रों के बीच मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने से हड़कंप मच गया है। मारपीट के दौरान बस में मौजूद छात्राओं के साथ भी कथित बदसलूकी की बात सामने आई है।

गजरौला थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदाबाद निवासी छात्र सुहैल मुरादाबाद स्थित आईएफटीएम यूनिवर्सिटी में अध्ययनरत है। वह 23 अप्रैल को बस से घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में आसपास के गांव के कुछ युवकों ने सीट को लेकर विवाद शुरू कर दिया और बस को नेशनल हाईवे पर रुकवाकर उसके साथ मारपीट की। पीड़ित के मुताबिक करीब 20 मिनट तक मारपीट होती रही, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बस में मौजूद अन्य छात्रों के हस्तक्षेप के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। उपचार कराने के उपरांत पीड़ित ने मंगलवार को डिडौली थाने पहुंचकर चार आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। थाना प्रभारी जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

## आसमान से बरसती आग और चिलचिलाती धूप में आश्रय तलाश रहे बेसहारा गोवंशीय पशु

# ...सिर्फ ज्ञापन और चुनावी मुद्दों में सिमट गई मेरे प्रति आस्था

संवाददाता रहरा (अमरोहा)

**अमृत विचार :** मैं गाय हूं। वही, जिसे लोग ( गो प्रेमी ) गो माता के नाम से जानते-पहचानते हैं। लेकिन,आज मैं अपने अस्तित्व को बचाने के लिए चिलचिलाती धूप में भूखी- प्यासी सड़कों पर मारी- मारी फिर रही हूं।

अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में तेज धूप और भीषण गर्मी के चलते शहर की सड़कों से लेकर गांव की गलियों एवं मजरों में सन्नाटा सा पसर रहा है। 42 डिग्री सेल्सियस तापमान में लू के थपेड़ों के बीच आसमान से बरस रही आग ने जनजीवन को पूरी तरह थाम दिया है। लोग केवल जरूरी कामकाज से ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। लेकिन, मैं इस प्रचंड गर्मी में शहरी और ग्रामीण इलाकों में भूख और प्यास से व्याकुल होकर छांव और पानी की तलाश में भटक रही हूं। दोपहर के समय जब तापमान अपने चरम पर होता है। किसान अपने पालतू पशुओं (गाय,भैंस आदि) के लिए पुख्ता इंतजाम कर टीन शेड, छायादार पेड़ों या इमारतों की छांव में शिफ्ट कर देते हैं। उस भीषण गर्मी में मैं चिलचिलाती धूप व लू के थपेड़ों के बीच तपती गर्म जमीन पर आराम करने और इधर-उधर भटकने को मजबूर हूं। जिसे देखो वही मुझे डंडो और बूरियों ( लोहे की नकुली छड़ ) से मारने को दौड़ता है। असहनीय भूख मिटाने के लिए जब मैं फसलों की तरफ रुख करती हूं तो वहां एक तरफ अपने मचान पर किसान डंडा लेकर तैनात मिलता है तो दूसरी तरफ कंटीले और बिजली के करंट के तार। चारे और पानी की कमी के चलते मेरी स्थिति दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। मेरे बीच से कुछ गाय हीट स्ट्रोक का शिकार हो रही हैं तो कुछ बीमारियों के चलते इलाज के अभाव में अपना जीवन समाप्त कर चुकी हैं। मुझे ऐसा महसूस होता है कि गो प्रेमियों के बीच मेरी आस्था सिर्फ ज्ञापन देने और चुनावी मुद्दों तक सिमट गई है।


गांव खाजेपुर में तपती धूप के दौरान प्रा. विद्यालय में मौजूद गोवंश। • अमृत विचार

### हसनपुर में 11 गोशालाएं, फिर भी भटक रहे गोवंश

**रहरा।** हसनपुर तहसील में कुल 11 गौशालाएं होने के बावजूद गोवंशीय बेसहारा पशु चिल्लाती धूप और प्रचंड गर्मी से जूझने को मजबूर हैं। हसनपुर तहसील में ब्रह्मवाद, सांथलपुर, अल्लीपुर खादर, फूलपुर बीझलपुर, गुरैठा, मोहम्मदबाद, दढियाल, हसनपुर नगर, मंगरौली, चकुनी तथा चंदनकोटा में गौशाला स्थित हैं।

**जिलेभर में गोरक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं ने सौंपे थे ज्ञापन : रहरा।** बढ़ते तापमान ने इंसानों के साथ बेसहारा गोवंशीय पशुओं की हालत भी खराब कर दी है। 42 डिग्री सेल्सियस तापमान में आसमान से बरस रही आग, लू के थपेड़ो के बीच बेसहारा गोवंशीय पशु भूख-प्यास से व्याकुल होकर आश्रय की तलाश में भटक रहे हैं। सोमवार को अमरोहा जनपद की चारों तहसीलों अमरोहा, हसनपुर,नौगांवा सादात व धनौरा में गोरक्षकों समेत अन्य लोगों ने तहसील पर गो तस्करी और गोवध में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई थी। गाय को राष्ट्रीय माता घोषित करने की भी मांग उठाई गई थी।

> “मैं अभी एक गोशाला का निरीक्षण करके लौट रहा हूं। गोशाला में छांव के लिए तिरपाल तथा पानी के छिड़काव की व्यवस्था भी करा दी गई है। सभी बीडीओ को आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। हमारा प्रयास है कि कोई भी गाय लावारिस दिखाई ना दे।
> **-हिमांशु उपाध्याय,** उप जिलाधिकारी, हसनपुर।

# पंचायत चुनाव में देरी पर नाराजगी कार्यकाल बढ़ाने की उठाई मांग

## ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संगठन के नेतृत्व में ग्राम प्रधानों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन


जिलाधिकारी को मांगपत्र सौंपते ग्राम प्रधान। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में हो रही देरी को लेकर ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संगठन ने ग्राम पंचायतों में प्रशासनिक व्यवस्था बनाए रखने की मांग उठाई है। संगठन ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी को सौंपा।

मंगलवार को संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनु यादव के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने डीएम नितिन गौड़ को ज्ञापन दिया। जिसमें कहा गया कि प्रदेश की त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था ग्रामीण प्रशासन, विकास योजनाओं के क्रियान्वयन और स्थानीय समस्याओं के समाधान का अहम लोकतांत्रिक आधार है। ऐसे में चुनाव में देरी से प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो सकते हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि वर्तमान ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य सहित अन्य प्रतिनिधियों का कार्यकाल तब तक यथावत रखा जाए, जब तक नव निर्वाचित प्रतिनिधि कार्यभार ग्रहण नहीं कर लेते। यह व्यवस्था केवल प्रशासनिक निरंतरता बनाए रखने के उद्देश्य से लागू की जाए, ताकि विकास कार्य प्रभावित न हों। संगठन ने यह भी मांग की कि मौजूदा पंचायत प्रतिनिधियों को सीमित प्रशासनिक और वित्तीय अधिकार दिए जाएं, जिससे वे जनगणना कार्य, समन्वय और पूर्व स्वीकृत विकास योजनाओं का संचालन कर सकें।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष उद्यम सिंह, राजपाल सिंह, नितिन यादव, मुनेश, यूसुफ, अनुज, धर्मवीर, कुलवीर, फारुख, तारा चंद और तेजपाल समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

### स्मार्ट मीटर हटाने को महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

**अमरोहा।** जोया क्षेत्र के मोहल्ला चौकीदारान की महिलाओं ने स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर लगाए जाने की मांग उठाई है। इस संबंध में मंगलवार को उन्होंने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी नितिन गौड़ को ज्ञापन सौंपा। महिलाओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आरोप लगाया कि मीटर में बैलेंस कम होते ही बिना किसी पूर्व सूचना के विद्युत आपूर्ति काट दी जाती है, जिससे परिवारों को अंधेरे में रहना पड़ता है। इसका असर बच्चों की पढ़ाई और दैनिक जीवन पर पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि पहले उनके घरों में पुराने मीटर लगे थे, जिनसे बिल भी सही आता था और किसी तरह की परेशानी नहीं होती थी। महिलाओं ने मांग की कि स्मार्ट मीटर हटाकर पुन: पुराने मीटर लगाए जाएं, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके और बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। ज्ञापन सौंपने वालों में सोनम, सावित्री, पूनम, राजेंद्री, पायल, स्वाति, अनीता, नीतू और साक्षी सहित अन्य शामिल रहीं।

# नारी वंदन बिल में असहयोग पर विपक्ष का पुतला फूंका


विपक्षी दलों का पुतला फूंकती महिलाएं। • अमृत विचार

संवाददाता गजरौला

- महिलाओं ने निकाली रैली, कांग्रेस और सपा के प्रति जताया आक्रोश

**अमृत विचार :** नारी शक्ति वंदन अधिनियम में सहयोग नहीं देने पर मंगलवार को महिलाओं ने सपा व कांग्रेस के प्रति आक्रोश जताया। भाजपा विधायक राजीव तरारा के नेतृत्व में रैली निकाली। इंदिरा चौक पर विपक्षी दलों का पुतला फूंका। अपने अधिकार, सुरक्षा और सम्मान के समर्थन में नारेबाजी की।

बस्ती मार्ग से महिलाओं की रैली शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई इंदिरा चौक पहुंची। आयोजित सभा में क्षेत्रीय विधायक राजीव तरारा ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का जो प्रयास किया गया, उसका विरोध करना महिला सशक्तिकरण के खिलाफ है। मातृशक्ति अब विरोध को स्वीकार नहीं करेगी। इस दौरान महिलाओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। आरोप लगाया कि सपा व कांग्रेस द्वारा 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का विरोध किया गया। इंदिरा चौक पर महिलाओं ने कांग्रेस व सपा का पुतला दहन किया। इस दौरान सत्यपाल पाल, देवेश शर्मा, ब्रजेश अग्रवाल, वैभव गोयल, सतवीर सिंह, दीपाली गंगवार, सभासद मनु शर्मा, मनमोहन सिंह, संजय सिंह गौर, डॉ.दीपक गंगवार आदि मौजूद रहे।

# फैक्ट्री कर्मी के घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**गजरौला, अमृत विचार:** फैक्ट्री कर्मी के घर का ताला तोड़कर चोरों ने सोने-चांदी के जेवर व नकदी समेत लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। गांव से परिवार लौटकर आया तो ताला टूटा देख घटना की जानकारी हुई। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शहर की जुबिलेंट आफिसर्स कालोनी निवासी देश दीपक मिश्रा 24 अप्रैल को परिवार के साथ एटा जनपद स्थित अपने गांव गए थे। इसी दौरान चोरों ने घर का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने की चार चूड़ी, कंगन, गले के सेट, चेन, डायमंड रिंग, दो अंगूठी, कुंडल, मंगलसूत्र व 11 हजार रुपये की नकदी समेत लाखों रुपये का सामान चोरी कर ले लिए। सोमवार की शाम परिवार वापस आया तो घर का ताला टूटा देख घटना की जानकारी हुई। घर के अंदर का सारा सामान बिखरा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि इस मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

# सीएचसी में मनाया गया कन्याओं का जन्मोत्सव


सीएचसी में बेबी किट वितरण करते अधिकारी। • अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नगर स्थित सीएचसी में कन्या जन्मोत्सव हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रोबेशन एवं बाल संरक्षण अधिकारी राकेश सिंह और सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह ने केक काटकर किया। इस दौरान जन्मी बेटियों और एक वर्ष तक की कन्याओं की माताओं को स्वास्थ्य विभाग द्वारा सम्मानित भी किया गया। नवजात से लेकर 1 वर्ष की कन्याओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के लिए माता को विशेष 120 बेबी किट भी प्रदान की गई, इसी के साथ भीषण गर्मी और बीमारियों से बचाव के लिए माता को मच्छरदानी भी दी गई।

# जहरीला पदार्थ खाकर ग्रामीण ने दी जान

**बिलारी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव चांदपुर गणेश में जहरीला पदार्थ खाकर ग्रामीण ने अपनी जान दे दी। जहर खाने के कारणों का पता नहीं चल पाया। परिवार के लोग मुरादाबाद के टीएमयू अस्पताल में इलाज के लिए ले गए। जहां डॉक्टरों ने उपचार किया। जिसके बाद उनकी मौत हो गई।

चांदपुर गणेश निवासी 50 वर्षीय रणवीर सिंह पुत्र महावीर सिंह ने सवेरे 10 बजे घर पर ही जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार के लोग इलाज के लिए पहले निजी अस्पताल लेकर गए। जहां से मुरादाबाद के टीएमयू अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने उनका उपचार शुरू कर दिया। उपचार के दौरान ग्रामीण रणवीर सिंह की मौत हो गई।

# हादसे में बाइक सवार तीन बाराती समेत चार घायल

संवाददाता, हसनपुर

- रहरा थाना क्षेत्र में अलीगढ़ मार्ग पर हुई टक्कर, एक गंभीर

**अमृत विचार:** बारात से घर लौट रहे लोगों की बाइक सोमवार शाम अलीगढ़ मार्ग पर रहरा थाना क्षेत्र में सामने से आ रही बाइक से टकरा गई जिसमें चार लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर है।

थाना बहजोई क्षेत्र के गांव बेरीखेड़ा निवासी शीतल पुत्र हंसराज की बारात सोमवार को हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर आई थी। बारात में शामिल होने के लिए गांव के कई लोग बाइकों से पहुंचे थे। शादी के बाद कई लोग देर रात घरों को लौट रहे थे। भरत सिंह, पुष्पेंद्र और हंसराज एक ही बाइक पर सवार होकर वापस बेरीखेड़ा जा रहे थे। जैसे ही वह थाना रहरा क्षेत्र के पास स्थित पेट्रोल पंप के निकट गवां रोड पर पहुंचे तभी सामने से आ रही एक अन्य बाइक से टक्कर हो गई। दोनों बाइकों पर सवार चार लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रहरा में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल अज्ञात बाइक सवार को हायर सेंटर रेफर कर दिया, जबकि अन्य घायलों का इलाज स्थानीय स्तर पर उपचार जारी है।

# भाकियू करेगा गंगा एक्सप्रेस वे समारोह का विरोध

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन बीआर आंबेडकर ने गंगा एक्सप्रेस-वे से जुड़ी जर्जर संपर्क सड़कों की मरम्मत न होने पर कड़ा रोष व्यक्त किया है। मंगलवार को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिग्विजय सिंह भाटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी कि यदि सड़कों की दशा नहीं सुधरी तो किसान एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन का विरोध करेंगे।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आगामी 29 अप्रैल को एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन प्रस्तावित है, लेकिन इससे जुड़ने वाले मार्ग विशेषकर रुखालू से मंगरौला और तीसरा मिल से रुखालू पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं। भारी वाहनों के कारण सड़कों पर गहरे गड्ढे हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं।

# नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म में आरोपी को 25 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- साक्ष्यों के अभाव में अदालत ने तीन आरोपियों को किया बरी

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में अदालत ने मुख्य आरोपी को दोषी ठहराते हुए कड़ी सजा सुनाई है। जबकि साक्ष्यों के अभाव में अन्य तीन आरोपियों को बरी कर दिया गया।

25 अप्रैल 2022 को गजरौला थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक किसान की नाबालिग बेटी को उसी गांव का मोहसिन फुसलाकर अपने साथ ले गया था। पिता ने मोहसिन, उसके भाई नईम और रिश्तेदार मेराज के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुख्य आरोपी मोहसिन को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया। पीड़िता के कोर्ट में दिए गए बयानों के आधार पर मामले में दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट और जान से मारने की धमकी जैसी गंभीर धाराएं बढ़ाई गईं। पुलिस ने मोहसिन के साथ नईम, मेराज और नदीम के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट प्रथम) की अदालत में चल रही थी। अंतिम सुनवाई के बाद कोर्ट ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर मोहसिन को दोषी करार देते हुए उसे 25 वर्ष के कठोर कारावास के साथ 60 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं, अन्य आरोपी नईम, मेराज और नदीम को पर्याप्त साक्ष्य न मिलने के चलते अदालत ने बरी कर दिया।

# अदालत परिसर में महिला ने वकील पर रॉड से किया हमला

**हसनपुर।** नगर की मुंसिफ कोर्ट परिसर में एक महिला मुवक्किल ने अपने ही अधिवक्ता पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया, हमले में अधिवक्ता लहूलुहान होकर गिर पड़े। पुलिस ने आरोपी महिला को हिरासत में ले लिया है।

मुंसिफ कोर्ट में पुष्पा नामक महिला का एक मुकदमा चल रहा है, जिसकी पैरवी अधिवक्ता ईश्वरचंद्र कर रहे हैं। मंगलवार दोपहर जब कोर्ट में कार्यवाही चल रही थी, तभी पुष्पा ने लोहे की रॉड अधिवक्ता के सिर पर दे मारा। घायल अधिवक्ता को तुरंत उपचार के लिए भेजा गया। घटना से आक्रोशित वकील कार्य बहिष्कार कर कोतवाली पहुंच गए और सुरक्षा की मांग को लेकर हंगामा किया। मुंसिफ बार के अध्यक्ष नंदराम सिंह ने घटना की निंदा करते हुए अधिवक्ता सुरक्षा की मांग की है।

# अफवाह को लेकर खूनी संघर्ष महिलाओं समेत पांच घायल

- पुलिस ने घायलों को सरकारी अस्पताल में कराया भर्ती

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में अपमानजनक अफवाह को लेकर शुरू हुआ पारिवारिक विवाद मारपीट में बदल गया। सच्चाई जानने पहुंचे पीड़ित परिवार पर दूसरे पक्ष ने लाठी-डंडों व ईंट-पत्थरों से जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें तीन महिलाओं सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

कोतवाली क्षेत्र के गांव रुखालू निवासी पीड़ित चंद्रपाल ने बताया कि उनके चाचा ने गांव में उनके खिलाफ कोई आपत्तिजनक अफवाह फैलाई थी। सोमवार की देर रात जब पीड़ित परिवार इस संबंध में बात करने आरोपी पक्ष के घर पहुंचा तो वहां मौजूद लोगों ने उन पर हमला बोल दिया। अचानक हुए पथराव और हमले में सुनीता, नीरज, पूजा, यादराम और धर्मेंद्र लहूलुहान हो गए।

सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार किया गया।कोतवाल राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि घायलों का मेडिकल कराया गया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### छात्रों के गुटों में मारपीट, वीडियो वायरल

**हसनपुर।** नगर के श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के निकट मंगलवार की दोपहर दो छात्र गुटों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी, जिससे मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। इस हिंसक झड़प में कई छात्रों को चोटें आने की सूचना है। हैरानी की बात है कि सरेराह हुई इस मारपीट के बाद भी किसी भी पक्ष की ओर से पुलिस को तहरीर नहीं दी गई है। वहीं, छात्रों के बीच हुई इस भिड़ंत का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें छात्र एक-दूसरे पर बेल्ट से हमला करते दिखाई दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आए दिन कॉलेज के आसपास छात्रों के गुटों में वर्चस्व को लेकर टकराव होता रहता है। हालांकि पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो का संज्ञान लिया जा रहा है, लेकिन शिकायत न मिलने के कारण फिलहाल कोई औपचारिक मामला दर्ज नहीं हुआ है।

# कंटेनर में फंसा केबिल, खंभा टूटने से मचा हड़कंप

**हसनपुर।** नगर के अमरोहा अड्डा के नजदीक एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अंबेडकर पार्क की ओर से जा रहा एक कंटेनर राजपूत कॉलोनी स्थित एक शादी मंडप के सामने पहुंचा। सड़क के ऊपर से गुजर रहे जियो फाइबर का केबिल कंटेनर में फंस गया। खिंचाव से बिजली का खंभा उखड़कर सीधे कंटेनर के ऊपर जा गिरा। खंभा गिरते ही मार्ग पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। गनीमत यह रही कि हादसे के वक्त बिजली की आपूर्ति बंद थी, अन्यथा करंट की चपेट में आने से बड़ी जनहानि हो सकती थी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कंटेनर को कब्जे में ले लिया है, वहीं बिजली कर्मी खंभे को हटाकर रास्ता साफ करने और आपूर्ति बहाल करने में जुटे हैं।

# हाथ उठाकर कहते हैं, हो गए खाटू वाले....

संवाददाता, मंडी धनौरा


कार्यक्रम में भजन प्रस्तुत करते गायक। • अमृत विचार

- मोहिनी एकादशी पर श्याम भक्तों का उमड़ा सैलाब, 336वीं पवित्र ज्योति प्रज्ज्वलित

**अमृत विचार:** नगर की टीचर कॉलोनी स्थित श्री नवदुर्गा शिव मंदिर परिसर में मोहिनी एकादशी के पावन अवसर पर श्री खाटू श्याम मित्र मंडल के तत्वावधान में भव्य धार्मिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्याम सरकार की कृपा से लखदातार श्याम बाबा की 336वीं पवित्र ज्योति प्रज्ज्वलित की गई, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो उठा।

इस दौरान आयोजित भजन संकीर्तन में भजन गायकों ने अपनी मधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भजन गायक दीपक शर्मा ने हम हाथ उठा कर कहते हैं, हम हो गए खाटू वाले भजन प्रस्तुत किया, वहीं कृष वर्मा ने लेके हाथों में निशान, करते बाबा का गुणगान, खाटू जाएंगे भजन से समा बांधा। अर्पित कौशिक ने मेरी अर्जी पे गौर करो, देव शर्मा ने बार-बार मैं तुम्हें पुकारूं, सुन लो लखदातार, शौर्य मित्तल ने क्यों हारे हैं, श्याम के रहते क्यों हारे तथा गोलू सांवरिया ने राधे-राधे बोल, श्याम आएंगे जैसे भजनों से भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे और पूरे मंदिर परिसर में श्याम बाबा के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही। कार्यक्रम के दौरान श्याम बाबा के सेवादार दीपक शर्मा ने मोरछड़ी का झाड़ा भी लगाया, जिसे भक्तों ने श्रद्धा के साथ ग्रहण किया। द्वादशी के अवसर पर श्याम बाबा को खीर, चूरमा, केले, पेड़े, बिस्किट और हलवा का भोग अर्पित किया गया, जिसे उपस्थित श्रद्धालुओं में प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। इस अवसर पर मनोज मोहित, प्रीती, सर्वेश शर्मा, सुमन, शनि शर्मा, पूनम, हर्ष पांडे, सचिन, सनोज, रोहन, विशाल, हर्ष, सौरभ आदि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भव्यता के साथ मना श्री कल्कि जयंती उत्सव, गूंजे वेद मंत्र

## संत समागम में पारित हुए तीन प्रस्ताव, यज्ञ में दी गईं आहुतियां, संत-महात्माओं के साथ ही राजनीतिक दिग्गज भी हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता, संभल



आचार्य प्रमोद कृष्णम, चक्रपाणि महाराज, मंत्री संजय निषाद व डॉ. नवजोत कौर सिद्धू।



संभल के ऐंचोड़ा कंबोह कल्कि धाम में कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु।

**अमृत विचारः** श्री कल्कि धाम में मंगलवार को श्री कल्कि जयंती उत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और भव्यता के साथ मनाया गया। सुबह से ही धाम परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा वातावरण जयघोष, भजन-कीर्तन और वैदिक मंत्रों से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम की शुरुआत श्री कल्कि यज्ञशाला में विधि-विधान से प्राकट्य यज्ञ के साथ हुई, जिसमें देशभर से आए विद्वान आचार्यों ने मंत्रोच्चार किया। यज्ञ की पूर्णाहुति कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम द्वारा संपन्न कराई गई।

यज्ञ के उपरांत धाम परिसर में लगाए गए विशाल पंडाल में मुख्य समारोह आयोजित किया गया, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अभिजीत नक्षत्र में दोपहर लगभग 12 बजे सतीशाचार्य, स्वामी चक्रपाणि, आचार्य प्रमोद कृष्णम, नारायण गिरी, स्पेन से पधारे महेश आचार्य, महामंडलेश्वर जलेश्वर गिरी एवं कंचन गिरी सहित अनेक संतों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान पूरा पंडाल जय श्री कल्कि के उद्घोष से गूंज उठा। संत समागम को संबोधित करते हुए आचार्य प्रमोद कृष्णम ने तीन महत्वपूर्ण प्रस्ताव संत समाज के समक्ष रखे। उन्होंने कहा कि गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाना चाहिए, जिससे भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा को मजबूती मिले। साथ ही श्री कल्कि धाम को गंगा एक्सप्रेस-वे से जोड़ने की मांग रखी, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके। इसके अलावा श्री कल्कि जयंती की तिथि को शास्त्रीय आधार पर घोषित करने का प्रस्ताव भी रखा गया। उपस्थित संतों ने इन सभी प्रस्तावों का एकमत से समर्थन किया और इन्हें धर्म व संस्कृति के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में तमाम संतों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने इसे और भी भव्य बना दिया। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री संजय निषाद तथा पंजाब से आईं नवजोत कौर सिद्धू ने मंच पर पहुंचकर संतों का आशीर्वाद लिया। इस दौरान नवजोत कौर सिद्धू ने कहा कि हम सभी परमात्मा के अंश हैं और श्री कल्कि अवतार का उल्लेख हमारे गुरुओं में भी मिलता है। पंजाब के लोगों के लिए इस पवित्र भूमि की सेवा करना सौभाग्य की बात है। वहीं मंत्री संजय निषाद ने कहा कि उनका समाज सदैव भगवान का सेवक रहा है। भगवान राम ने निषादराज को अपना मित्र बनाया था और कलियुग में भगवान श्री कल्कि के रूप में अवतार लेंगे, ऐसे में यहां आकर दर्शन करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि संतों द्वारा रखे गए प्रस्तावों पर सरकार सकारात्मक दृष्टिकोण से विचार करेगी। संतों द्वारा श्री कल्कि धाम निर्माण के लिए सहयोग की घोषणाएं भी की गईं। सतीशाचार्य ने 12 करोड़ 12 लाख 12 हजार 212 रुपये देने की घोषणा करते हुए कहा कि प्रत्येक सनातनी का कर्तव्य है कि वह इस पवित्र धाम के निर्माण में सहयोग करे। स्वामी चक्रपाणि ने पांच लाख रुपये और नारायण गिरी ने एक लाख रुपये देने की घोषणा की। संतों ने इसे जनसहयोग से बनने वाला एक भव्य आध्यात्मिक केंद्र बताया।

**श्री कल्कि के बाल स्वरूप को झुलाया झूला, भक्तिमय हुआ वातावरणः** कार्यक्रम के समापन अवसर पर श्री कल्कि भगवान के बाल स्वरूप को श्रद्धालुओं द्वारा झूला झुलाया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अशोक नागर, परमेश्वर लाल सैनी, बिजेंद्र त्यागी, लवकुश शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। बाद में पत्रकारों से बातचीत में आचार्य प्रमोद कृष्णम ने जनसंख्या नियंत्रण को समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि संसाधन सीमित हैं और अनियंत्रित जनसंख्या उन पर अतिरिक्त दबाव डालती है, जिससे संतुलन बिगड़ सकता है। इस विषय पर सभी राजनीतिक दलों को गंभीरता से विचार करना चाहिए। अन्य वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। वहीं धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि यह उनका व्यक्तिगत विषय है और वे अपने निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं।

### हड्डी नहीं कल्कि धाम के नाम से जाना जाएगा संभल : संजय निषाद

श्री कल्कि धाम में आयोजित भगवान श्री कल्कि जयंती कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के मत्स्य मंत्री संजय निषाद ने कहा कि पहले संभल को 'हड्डियों का जिला' कहा जाता था, लेकिन अब यह कल्कि धाम के रूप में अपनी नई पहचान बना रहा है। मंगलवार दोपहर तहसील संभल के थाना ऐंचौड़ा कंबोह क्षेत्र स्थित कल्कि धाम पहुंचे मंत्री संजय निषाद ने कहा कि यह स्थान अत्यंत पवित्र और ऐतिहासिक है, जहां आकर दर्शन करना सौभाग्य की बात है। आचार्य प्रमोद कृष्णम की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से यह धाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहा है। मंत्री ने कहा कि राम मंदिर के उद्घाटन के बाद यदि किसी धार्मिक स्थल को इतनी चर्चा और महत्व मिला है, तो वह कल्कि धाम है। गंगा एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन पर बोलते हुए संजय निषाद ने कहा कि किसी भी राज्य और देश के विकास के लिए मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर बेहद जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में तेजी से एक्सप्रेस-वे का जाल बिछाया गया है, जिससे लोगों का समय बच रहा है और विकास को गति मिल रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### दिनदहाड़े रोडवेज के पास से वाहन चोरी

**चंदौसी, अमृत विचार :** दिनदहाड़े रोडवेज बस स्टैंड के पास खड़ा छोटा हाथी चोरी कर ले गए। आजाद रोड निवासी हर्षित शर्मा ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनकी नीले रंग की टाटा इंट्रा मंगलवार सुबह करीब 11 बजे चोरी हो गई। वाहन रोडवेज बस स्टैंड के पास खड़ा था और कुछ देर बाद वहां से गायब मिला। हर्षित ने बताया कि वाहन उन्होंने पथरा निवासी अनुज कुमार से किश्तों पर खरीदा था, हालांकि आरसी अभी पूर्व स्वामी के नाम पर है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हुई और कंट्रोल रूम के जरिए नाकेबंदी कर चेकिंग शुरू कराई गई।

### विद्युत कटौती का समय बदला

**बिलारी अमृत विचार।** तहसील व नगर पंचायत मुख्यालय में 1 मई से विद्युत कटौती का समय पुन: बदल गया है। जिसके चलते तहसील मुख्यालय पर सवेरे 7 से 8 :30 बजे तथा दोपहर को 3 से शाम 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति की कटौती की जाएगी। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में सवेरे 6 :45 बजे से 7 :45 बजे तक बिजली कटौती की जाएगी। इसके साथ ही दोपहर में 2 :45 बजे से 4 :45 बजे तक विद्युत आपूर्ति की कटौती की जाएगी।

### ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत

**कांठ, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। थाना कांठ के मोहल्ला नवादड़ी निवासी तेजवीर सिंह पुत्र रमेश सिंह (42) का शव रेलवे ट्रैक पर खंभा नंबर 1428 के पास पड़ा हुआ था। थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना के बारे में जानकारी ली। मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ सुदेश पाल सिंह ने बताया कि मृतक टीबी के रोग से पीड़ित था और काफी परेशान रहता था।

### शिविर में 67 लोगों की स्क्रीनिंग टेस्ट

**कांठ, अमृत विचार :** ग्राम सलावा एवं बीबीपुर में आयोजित कैम्प में महिलाओं व पुरुषों सहित कुल 67 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिनके चेस्ट एक्स-रे भी कराए गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को टीबी के लक्षणों, इसके संक्रमण से बचाव तथा समय पर जांच और उपचार के बारे में जानकारी दी। कैंप में प्रदीप, निहाल खान, नितेश हितेश, फलीहा खान आदि मौजद रहे।

# शादी समारोह में युवक ने किया किशोरी से दुष्कर्म

- आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया

संवाददाता,चंदौसी

**अमृत विचार :** शादी समारोह में आई किशोरी के साथ बाहरी युवक ने दुष्कर्म किया। शोर होने पर बराती जाग गए और आरोपी को पकड़कर जमकर धुनाई की और पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा है।

कोतवाली क्षेत्र की एक धर्मशाला में सोमवार की देर रात एक धर्मशाला में शादी समारोह चल रहा था। इसी बीच धर्मशाला में एक बाहरी युवक घुस आया । वह एक किशोरी को बहाना बनाकर अपने साथ धर्मशाला की पहली मंजिल पर बने एक कमरे में ले गया। जहां युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। शोर सुनकर एक युवक कमरे में पहुंचा और आरोपी को रंगे हाथों पकड लिया। शोर सुनकर अन्य लोग भी जाग गए। इस घटना से शादी समारोह में अफरा तफरी का माहौल हो गया। किशोरी के पिता के अनुसार घटना के समय वह सो रहे थे । अन्य लोगों ने आकर जगाया था। जबकि घटना को सबसे पहले उनके साढू ने देखा था। युवक घटलेश्वर गेट का बताया जा रहा है। बाद में लोगों ने आरोपी युवक को मारपीट कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार तोमर ने बताया कि किशोरी की मेडिकल जांच सरकारी अस्पताल में कराई गई है। तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# प्रभारी मंत्री ने गोशाला का किया निरीक्षण

संवाददाता, बहजोई



बहजोई सीएचसी में डॉक्टरों से जानकारी लेते प्रभारी मंत्री। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** जनपद के प्रभारी मंत्री व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा धर्मवीर प्रजापति ने मंगलवार को विकासखंड बहजोई के ग्राम वहापुर पट्टी स्थित निराश्रित गो आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने गोपूजन कर गोवंशों को गुड़ व केले खिलाए और गौशाला की व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बढ़ते तापमान को देखते हुए टीनशेड पर घास-फूस की व्यवस्था कराई जाए, ताकि गोवंशों को लू से बचाया जा सके। साथ ही चारागाह भूमि को कब्जामुक्त कर हरे चारे की बुवाई कराने के निर्देश भी दिए। इसके बाद मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई का निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, आरबीएसके कक्ष,

- सीएचसी पर भी पहुंचे प्रभारी मंत्री दिए निर्देश

औषधि वितरण कक्ष व भंडार कक्ष का जायजा लिया और मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानी। इस दौरान उन्होंने एंटी वेनम की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक ने बताया कि सीएचसी में सर्पदंश के मरीजों का समुचित उपचार किया जाता है। इस पर मंत्री ने निर्देश दिए कि इसकी जानकारी मीडिया के माध्यम से आमजन तक पहुंचाई जाए। मंत्री ने यह भी कहा कि अस्पताल परिसर में डॉक्टरों के नाम, कक्ष और पर्ची बनवाने की व्यवस्था संबंधी जानकारी फ्लेक्स बोर्ड के माध्यम से प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित की जाए, ताकि मरीजों को भटकना न पड़े। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज बिश्नोई सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिला टॉपर शिवांगी को भेंट की साइकिल



चंदौसी के आरएस इंटर कॉलेज में मौजूद सम्मानित मेधावी। • अमृत विचार

**चंदौसी, अमृत विचारः** आरएस इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल की जिला टॉपर शिवांगी शर्मा को साइकिल देकर सम्मानित किया गया, जबकि निखिल, इल्मा, शीतल पाल और शौर्य सैनी को भी पुरस्कृत किया गया। इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले केशव वार्ष्णेय को 2100 रुपये नकद पुरस्कार दिया गया। द्वितीय स्थान पर रहीं एषिका तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अंकित मौर्य और सलौनी सिंह को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, संरक्षक नरेंद्र बंसल, कोषाध्यक्ष प्रवीणा गुप्ता, एसके अग्रवाल, हरीश कुमार सोलंकी और एन.के. सक्सेना मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य मुकेश कुमार सिंह ने किया।

# मांग पूरी न होने पर बरात लेकर नहीं पहुंचा दूल्हा

**संभल, अमृत विचारः** जनपद के हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव नवाड़ा में दहेज की मांग पूरी न होने पर एक शादी टूट गई। पूरी रात दोनों पक्षों के बीच बातचीत चलती रही, मगर कोई समाधान नहीं निकल सका। जानकारी के अनुसार गांव नवाड़ा निवासी सतीश कुमार ने अपनी बेटी पम्मी की शादी गांव सेवापुर उर्फ पदरासपुर निवासी विनीत कुमार के साथ तय की थी। दुल्हन पक्ष ने बारातियों के स्वागत के लिए खेत में टेंट लगवाया और करीब 300 लोगों के भोजन की व्यवस्था भी की थी। आरोप है कि दूल्हा पक्ष की ओर से अचानक 50 हजार रुपये की अतिरिक्त मांग रख दी गई। दुल्हन पक्ष द्वारा रकम देने से इनकार करने पर दूल्हे ने बारात लाने से मना कर दिया।

# सीनियर छात्र-छात्राओं को दी विदाई

संवाददाता, बहजोई



विदाई समारोह में मौजूद छात्राएं व अन्य। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** बहजोई महाविद्यालय में स्नातक अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के सम्मान में गरिमामयी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रबंध समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार, उपाध्यक्ष डॉ. सोमप्रकाश वार्ष्णेय, सचिव नीरज कुमार वार्ष्णेय, कोषाध्यक्ष उत्कर्ष वार्ष्णेय सर्राफ सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

उपाध्यक्ष डॉ. सोमप्रकाश वार्ष्णेय ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह जीवन के आगामी चरण में परिश्रम, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ें। शिक्षा शास्त्र विभाग के सहायक आचार्य यशपाल सिंह

- मुख्य अतिथि ने दीं शुभकामनाएं और नैतिक मूल्यों की जानकारी

ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों को अपनाने और माता-पिता के सपनों को साकार करने की प्रेरणा दी। सहायक आचार्य सत्यवीर ने विद्यार्थियों से अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन करने का आह्वान किया। हिंदी विभाग के डॉ. विष्णुदत्त शर्मा ने अपनी पंक्तियों के माध्यम से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यालय अधीक्षक भगवान सिंह चौहान ने भी भावपूर्ण शब्दों में विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। संचालन भूगोल विभाग की सहायक आचार्य गीता रानी ने किया।

# जनगणना प्रशिक्षण का दूसरा चरण शुरू

कार्यालय संवाददाता,संभल



प्रगणकों को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक। • अमृत विचार

**अमृत विचारः** जनपद में भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के तहत प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का द्वितीय चरण मंगलवार से शुरू हो गया। इस प्रशिक्षण में कुल 36 बैचों में 1570 कार्मिक नामित किए गए हैं।

प्रशिक्षण के पहले दिन 1570 नामित कार्मिकों के सापेक्ष 1505 ने सक्रिय सहभागिता की, जबकि 65 कार्मिक अनुपस्थित रहे। फील्ड ट्रेनर्स ने प्रतिभागियों को डेटा संकलन की प्रक्रिया, मोबाइल एप के उपयोग और त्रुटिरहित प्रविष्टि के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के शुभारंभ अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र

- गैर हाजिर कार्मिकों पर हो सकती है कार्रवाई

पैंसिया और अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कार्मिकों को सख्त निर्देश दिए कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और गोपनीयता पूरी तरह बनाए रखी जाए। उन्होंने कहा कि सात मई 2026 से शुरू होने वाले स्व-गणना अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें भाग ले सकें। इस दौरान तीनों उप जिलाधिकारियों ने प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया । कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान का उपयोग करते हुए मकान सूचीकरण का कार्य पूरी ईमानदारी और सतर्कता के साथ किया जाए।

# बोन मील फैक्ट्री प्रशासन ने कराई बंद

**संभल, अमृत विचारः** संभल शहर में फैल रही दुर्गंध की समस्या पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए मंगलवार शाम को अभियान चलाकर एक बोन मील फैक्ट्री को बंद करा दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव चिमयावली में शाम करीब 6:30 बजे सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार फैक्ट्री में पडताल के लिए पहुंचे। बाद में उनके निर्देश पर प्रशासनिक और चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम पहुंची। नायब तहसीलदार दीपक जुरैल व अन्य टीम ने मौके पर संचालित एआर बोन मील का संचालन बंद करा दिया। फैक्ट्री में मौजूद कच्चे माल को नष्ट कराने के लिए नगर पालिका परिषद की टीम को बुलाया गया। जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से गड्ढा खुदवाकर रॉ मटेरियल को दबा दिया गया। सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने बताया कि उनके न्यायालय में धारा 152 बीएनएसएस के तहत पूर्व में आदेश जारी किया।

# जन आक्रोश महिला पदयात्रा में गूंजे नारे

- विपक्ष पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया

कार्यालय संवाददाता, संभल




महिला जन आक्रोश पदयात्रा में शामिल महिलाएं व अन्य पदाधिकारी।

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी नगर इकाई द्वारा आयोजित जन आक्रोश महिला पदयात्रा मंगलवार को शहर में निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर अपना आक्रोश जताया। कार्यक्रम के तहत सभी महिला कार्यकर्ता कोटपूर्वी स्थित पंजाबी मंदिर में एकत्रित हुईं, जहां से पदयात्रा के रूप में रैली शुरू होकर सरथल चौकी तक पहुंची।

पदयात्रा के दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर और नारेबाजी करते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे महत्वपूर्ण बिल पर विपक्ष ने समर्थन नहीं देकर महिलाओं के अधिकारों की अनदेखी की है। पूरे मार्ग में महिला विरोधी विपक्ष मुर्दाबाद और नारी शक्ति का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, जैसे नारे गूंजते रहे। रैली का नेतृत्व नगर अध्यक्ष कशिश कौशल ने किया, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री शिल्पी गुप्ता और विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने रैली में शामिल होकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। रैली में शामिल महिला कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे महिला सम्मान और अधिकारों के मुद्दे पर जागरूकता फैलाने का कार्य आगे भी जारी रखेंगी। कार्यक्रम में निधि शर्मा, पूनम पवार, सुदेश अरोड़ा, अंजलि मदान, नीलम गंभीर, किरन भडूला, मधु अरोड़ा, मनोरमा शर्मा, शोभित गुप्ता, हर्षित शर्मा हनी, कैलाश चंद्र गुप्ता, सुनील राजपूत, सतीश जाटव, महावीर सिंह, हिमांशु कश्यप, आलोक वाल्मीकि, अरविंद प्रजापति समेत बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नारी सम्मान के समर्थन में सड़कों पर उतरे लोग

संवाददाता,मनोटा

**अमृत विचारः** मण्डल ऐंचौड़ा कंबौह क्षेत्र के बाबूखेड़ा में मंगलवार को आयोजित जन आक्रोश महिला पदयात्रा व महिला सम्मेलन में नारी सम्मान के समर्थन में जोरदार ढंग से आवाज उठाई गई। कार्यक्रम में महिलाओं,युवतियों व भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर नारी शक्ति के पक्ष में एकजुटता दिखाई।

पदयात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में नारी सम्मान को लेकर जोरदार नारेबाजी की गई। नारी का अपमान, नहीं सहेगा हिन्दुस्तान और नारी शक्ति का सम्मान, देश का अभिमान जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। संदेश दिया कि अब समाज महिलाओं के अपमान के मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगा। इसके बाद आयोजित महिला सम्मेलन में वक्ताओं ने महिलाओं

- महिला पदयात्रा व सम्मेलन सम्पन्न

के अधिकार, सुरक्षा और सम्मान पर विस्तार से विचार रखे। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति के स्वाभिमान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा और इसके लिए समाज को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख संतोष देवी रहीं, जबकि अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रॉबिन चौधरी ने की। कार्यक्रम का संचालन संयोजक निरंकार सिंह ने किया। वक्ताओं ने कहा कि यह आयोजन जनभावनाओं का प्रतीक है, जो यह दर्शाता है कि समाज अब नारी सम्मान के मुद्दे पर पूरी तरह जागरूक हो चुका है। आयोजकों ने सभी महिलाओं और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# निजी स्कूलों की फीस वृद्धि पर सख्ती

कार्यालय संवाददाता,संभल



निजी कॉलेजों व स्कूलों के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक करते डीएम। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में सीबीएसई और आईसीएसई से संबद्ध निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ बैठक में फीस वृद्धि, एनसीईआरटी पुस्तकों के संचालन और नामांकन अभियान सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई।

फीस वृद्धि को लेकर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाया। उन्होंने बताया कि पूर्व बैठक में अधिक शुल्क लेने वाले विद्यालयों को प्रत्यावेदन का अवसर दिया गया था। निस्तारण के बाद 15 विद्यालय निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली के दोषी पाए गए। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि संबंधित विद्यालयों से शुल्क का विवरण तत्काल प्राप्त कर उनका पक्ष लेकर पत्रावली उसी दिन प्रस्तुत की करें। बैठक में एनसीईआरटी पुस्तकों के संचालन पर चर्चा करते हुए कक्षा

- विद्यालयों से शुल्क का विवरण तत्काल प्राप्त करने के दिये निर्देश

नर्सरी से आठ तक निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें चलाए जाने की शिकायतों पर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सख्त निगरानी के निर्देश दिए। नामांकन अभियान को लेकर भी विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने कक्षा आठ और दस उत्तीर्ण छात्रों का शत-प्रतिशत प्रवेश क्रमशः कक्षा नौ और ग्यारह में सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान चलाकर नामांकन प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए, ताकि कोई भी छात्र ड्रॉपआउट न हो।मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने बैठक में ज्ञान भारतम मिशन की जानकारी दी। यह मिशन भारत की प्राचीन पांडुलिपियों, सांस्कृतिक धरोहरों और ज्ञान परंपरा को डिजिटल माध्यम से संरक्षित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। अपील की कि यदि उनके पास कोई पांडुलिपि या पुराना दस्तावेज हो तो इसकी जानकारी साझा करें।

## न्यूज ब्रीफ

### राहुल गांधी के नागरिकता विवाद मामले की अगली सुनवाई 7 को

**अमृत विचार, लखनऊ:** हाइकोर्ट कि लखनऊ बेंच में मंगलवार को राहुल गांधी के नागरिकता विवाद मामले की सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी द्वारा स्वयं को मामले से अलग करने के पश्चात अब मामले को न्यायमूर्ति मनीष माथुर की एकल पीठ को आवंटित कर दिया गया है। मंगलवार को याची एस विग्नेश शिशिर ने कोर्ट से अनुरोध किया कि मामले में जरूरी दस्तावेज दाखिल करने के लिए समय दिया जाए जिसे न्यायालय ने मंजूर करते हुए मामले की सुनवाई के लिए सात मई की तारीख नियत की है।

### प्रदेश के 39 स्मारकों को संरक्षण की मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में 39 स्मारकों को संरक्षण में लेने की मंजूरी दी गई है। पर्यटन विभाग की स्थायी समिति की बैठक में 41 प्रस्तावों पर चर्चा हुई, जिनमें से 39 को स्वीकृति मिली। वर्तमान में 278 स्मारक संरक्षित हैं और वर्ष 2027 तक यह संख्या 300 करने का लक्ष्य रखा गया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के सुझावों पर प्राथमिकता से कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि विभाग अब अनुभवात्मक पर्यटन पर फोकस करेगा, जिससे पर्यटक अधिक समय तक ठहरें और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात ने बताया कि बीते वर्षों में पर्यटन बजट में 22 गुना वृद्धि हुई है। बैठक में झांसी, प्रयागराज, कानपुर और सहारनपुर के जनप्रतिनिधियों ने कनेक्टिविटी, हेली सेवा, वाटर स्पोर्ट्स और स्थानीय उत्पादों को पर्यटन से जोड़ने के सुझाव दिए।

### उप्र. घुमंतू विकास बोर्ड के गठन को मंजूरी

**अमृत विचार, लखनऊ:** उप्र. राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक में पिछड़े वर्गों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण को लेकर अहम निर्णय लिए गए। विशेष रूप से विमुक्त, घुमन्तू एवं अर्द्ध-घुमन्तू समुदायों के विकास को प्राथमिकता देते हुए 'उत्तर प्रदेश घुमन्तू विकास बोर्ड' के गठन की संस्तुति को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई है। यह कदम योगी आदित्यनाथ सरकार की समावेशी विकास नीति को और मजबूती देने वाला माना जा रहा है। मंगलवार को इंदिरा भवन में आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा की अध्यक्षता में हुई मासिक बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, सोहन लाल श्रीमाली समेत अन्य सदस्यों की मौजूदगी में जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। आयोग के अध्यक्ष राजेश वर्मा ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को सख्त निर्देश दिए।

### केंद्र की भाजपा सरकार पर मायावती का हमला

**अमृत विचार, लखनऊ:** आगामी चुनावों के मद्देनजर मायावती ने संगठन



को मजबूत करने के लिए सख्त रुख अपनाया है। दिल्ली स्टेट यूनिट की समीक्षा बैठक में उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर पा रही है। बैठक में उन्होंने पूर्व निर्देशों की समीक्षा करते हुए बेहतर काम करने वालों की सराहना की, वहीं अपेक्षित परिणाम न देने वाले पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों में बदलाव कर स्पष्ट संदेश दिया कि संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करना होगा। मायावती ने कहा कि दिल्ली में सभी वर्गों की अलग-अलग जरूरतें हैं, लेकिन लोगों को कानून का राज, भ्रष्टाचार मुक्त और न्यायपूर्ण शासन नहीं मिल पा रहा है।

# नियुक्ति पत्र पाकर खिले चेहरे, पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की सराहना

## यूपी पुलिस दूरसंचार विभाग में चयनित महिला अभ्यर्थियों ने जताया भरोसा, कहा-प्रदेश में बेटियां पहले से अधिक सुरक्षित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग के 936 प्रधान परिचालक एवं प्रधान परिचालक (यांत्रिक) को नियुक्ति पत्र मिलते ही उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। कई अभ्यर्थियों ने इसे अपने परिवार की पहली सरकारी नौकरी बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया।

नवचयनित अभ्यर्थियों ने कहा कि प्रदेश में भर्ती प्रक्रिया अब पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी हो चुकी है। प्रयागराज की महिमा यादव ने कहा कि इतने बड़े स्तर पर सीधी भर्ती युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है और पूरी प्रक्रिया बेहद साफ-सुथरे तरीके से संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश लगातार विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। एटा के कुशाल चौहान ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने को जीवन का गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जमीनी स्तर पर काम करते हुए अपराध और माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है, जिससे प्रदेश में सुरक्षा का माहौल बना है। प्रयागराज के सौरभ मिश्रा ने कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति ने कानून-व्यवस्था को मजबूत किया है और युवाओं को प्रेरित किया है।

महिला अभ्यर्थियों ने प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संतोष जताया। प्रयागराज की अदिति राठौर ने कहा कि आज महिलाएं पहले से अधिक सुरक्षित महसूस करती हैं। गोरखपुर की शालू गुप्ता और अयोध्या की सपना पांडेय ने भी मुख्यमंत्री की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि बेटियों के लिए सुरक्षित माहौल तैयार हुआ है। अभ्यर्थियों ने बताया कि नियुक्ति पत्र मिलने से उनके परिवारों में उत्सव जैसा माहौल है।



चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने के बाद ग्रुप फोटो खिंचवाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना व पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

### जिला अनुश्रवण समिति का नाम अब 'दृष्टि'

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश सरकार ने जिला स्तर पर विकास कार्यों की निगरानी को अधिक प्रभावी बनाने के लिए बड़ा फैसला लिया है। 'जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति' का नाम बदलकर अब 'दृष्टि' कर दिया गया है। इसका पूरा नाम 'डिस्ट्रिक्ट रिव्यू एंड इंस्पेक्शन फॉर सस्टेनेबल ट्रैकिंग एंड इम्प्लीमेंटेशन' होगा। यह निर्णय उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों पर लिया गया है। ग्राम्य विकास विभाग ने इस संबंध में शासनादेश जारी कर सभी मुख्य विकास अधिकारियों को भेज दिया है। हालांकि, पहली जुलाई 2025 से पहले जारी आदेश के अन्य प्रावधान यथावत रहेंगे।

# पीएम मोदी नए भारत के निर्माता, 'विरासत से विकास' को दी नई रफ्तार : मुख्यमंत्री

## योगी बोले- नारी शक्ति वंदन अधिनियम रोकने के लिए कांग्रेस, सपा समेत इंडी गठबंधन के खिलाफ देश में आक्रोश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी


**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नए भारत के निर्माता हैं और उनके विजन से देश 'विरासत से विकास' की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोकने के लिए विपक्ष, विशेष रूप से कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन के अन्य दलों ने जो प्रयास किए, उसके खिलाफ पूरे देश में आक्रोश है।

मुख्यमंत्री मंगलवार को पीएम मोदी की उपस्थिति में बनारस लोकोमोटिव वर्क्स ग्राउंड में आयोजित 'नारी वंदन सम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन का ही परिणाम है कि आज हम सभी नए भारत का दर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि देश में चार ही जातियां हैं- नारी, गरीब, युवा और अन्नदाता किसान। इन चारों में हमारा पूरा समाज समाहित होता है। यह एक विराट विजन है, जिसके अनुरूप ये चारों वर्ग समग्र समाज और राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। इसीलिए हमने उन्हें भारत की राजनीति का केंद्र बनाकर प्रत्येक योजना का लाभ इन वर्गों तक पहुंचाया है। पीएम मोदी ने इन वर्गों के आर्थिक स्वावलंबन, सम्मान व सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए दूरदर्शी सोच के तहत 'नए भारत' और 'विकसित भारत' की संकल्पना को साकार करने का अभियान दिया है।

इस अवसर पर राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, केंद्रीय मंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



काशी में बीएलडब्ल्यू हेलीपैड पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में मौजूद राज्यपाल आनंदी बेन पटेल।



काशी विश्वनाथ धाम में पूजन करते मुख्यमंत्री योगी, भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन व अन्य।

### योगी ने भाजपा अध्यक्ष संग किया दर्शन-पूजन

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को काशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन किया। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन भी रहे। दोनों नेताओं ने बाबा विश्वनाथ से सुखी, समृद्ध देश-प्रदेश की कामना की। इसके पहले एयरपोर्ट पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी ने भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, स्टाम्प राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल आदि भी मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करने उमड़ी बहनें

योगी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोकने के लिए विपक्ष, विशेष रूप से कांग्रेस, समाजवादी पार्टी ने जो प्रयास किए, उसके खिलाफ देश में आधी आबादी के आक्रोश की प्रतिध्वनि सुनाई दे रही है। दूसरी ओर, प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता और आभार व्यक्त करते हुए उनके स्वागत के लिए उमड़ी बहनें इस बात की गवाह हैं कि प्रधानमंत्री के प्रत्येक मिशन के साथ आधी आबादी पूरी मजबूती के साथ खड़ी है।

### काशी को मिली विकास की नई सौगात

मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी ने पिछले 11-12 वर्षों में विकास की लंबी यात्रा तय की है। इस दौरान प्रधानमंत्री के नेतृत्व में काशी को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने का कार्य हुआ है। इनमें 35,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं काशी के धरातल पर उतर चुकी हैं, जबकि 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाएं वर्तमान में प्रगति पर हैं। आज प्रधानमंत्री ने 6,300 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास कर काशी को विकास की एक नई सौगात दी है।

# पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होने पर हाईकोर्ट सख्त

विधि संवाददाता, लखनऊ

- प्रमुख सचिव पंचायती राज से मांगा जवाब

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने पंचायत चुनाव से पहले पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होने पर कड़ा रुख अपनाया है। अदालत ने प्रमुख सचिव पंचायती राज से इस संबंध में जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 19 मई को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की एकल पीठ ने अधिवक्ता मोतीलाल यादव की अवमानना याचिका पर पारित किया। याचिका में आयोग का गठन न होने पर अवमानना की कार्रवाई की मांग की गई है। याचिकाकर्ता ने 4 फरवरी 2026 के हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने न्यायालय को आश्वस्त किया था कि पंचायत चुनाव से पहले पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन कर लिया जाएगा। साथ ही आयोग की रिपोर्ट के आधार पर ही ओबीसी आरक्षण लागू किया जाएगा। इसी भरोसे पर अदालत ने पूर्व याचिका का निस्तारण किया था। वर्तमान याचिका में कहा गया है कि आश्वासन के बावजूद अब तक आयोग का गठन नहीं हुआ। इसमें जयश्री लक्ष्मण राव पाटील मामला का हवाला देते हुए कहा गया कि स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण लागू करने से पहले समर्पित आयोग का गठन और उसकी रिपोर्ट आवश्यक है।

# कोऑपरेटिव संघ के चुनाव में भाजपा का दबदबा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सभापति, उपसभापति समेत सभी संचालक पदों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित

**अमृत विचार:** उप्र. को-ऑपरेटिव संघ के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। संघ के सभापति, उपसभापति समेत सभी संचालक पदों पर भाजपा समर्थित उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने नव निर्वाचित सभापति चौधरी शिवेन्द्र सिंह और उपसभापति ब्रज किशोर गुप्ता सहित सभी संचालकों को बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष ने रामनिवास यादव, बालेन्द्र प्रताप सिंह, धनंजय कुमार सिंह, शिवदत्त नारायण सिंह, अभय सिंह, हरिओम मिश्रा, सुरेश गंगवार, जयवीर सिंह सिरोही, दिवाकर मिश्रा, शारदा चौधरी, आकांक्षा सोनकर और ऊर्षा मौर्या को भी जीत की बधाई दी। पंकज चौधरी ने कहा कि सभी पदों पर निर्विरोध चयन इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश की सहकारिता व्यवस्था में भाजपा के प्रति व्यापक विश्वास है।

# कांग्रेस की 'किसान नौजवान बचाओ यात्रा' पहली मई से



पत्रकारों को यात्रा के बारे में जानकारी देते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, साथ में अन्य।

**अमृत विचार, लखनऊ:** किसान और युवाओं के मुद्दों को लेकर उप्र. कांग्रेस 'किसान-नौजवान बचाओ यात्रा' निकालेगी, इसकी शुरुआत पहली मई से सहारनपुर से होगी, जोकि विभिन्न जिलों से होते हुए दिल्ली पहुंचेगी। यह जानकारी प्रदेश पार्टी कार्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने दी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसान आर्थिक संकट और युवाओं को बेरोजगारी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यात्रा का नेतृत्व उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस पश्चिमी जोन करेगा। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पारस शुक्ला ने बताया कि यात्रा सहारनपुर से शुरू होकर मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर और गौतमबुद्धनगर होते हुए दिल्ली पहुंचेगी।

### 10 जिलों में खुलेंगे आलू क्रय केंद्र, लखनऊ और फर्रुखाबाद में खरीद शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश में आलू किसानों को उचित मूल्य दिलाने के लिए सरकार ने बाजार हस्तक्षेप योजना (एमआईएस) के तहत खरीद प्रक्रिया तेज कर दी है। उद्यान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह के निर्देश पर उप्र राज्य औद्यानिक सहकारी विपणन संघ (हॉफेड) को 10 जिलों में क्रय केंद्र स्थापित करने की जिम्मेदारी दी गई है। लखनऊ और फर्रुखाबाद में मंगलवार से खरीद शुरू हो चुकी है। सरकार ने आलू का बाजार हस्तक्षेप मूल्य 650.09 रुपये प्रति कुंतल तय किया है, साथ ही 162.52 रुपये प्रति कुंतल ओवरहेड व्यय निर्धारित किया गया है। अधिकतम 25 प्रतिशत क्षतिपूर्ति का भार केंद्र और राज्य सरकार संयुक्त रूप से वहन करेंगी।

# लंबित कार्यों को शीघ्र निपटाएं : राजभर

## पंचायत सशक्तिकरण पर मंथन, विकास के लिए तय हुआ ब्लूप्रिंट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि जनभागीदारी और पारदर्शिता के जरिए गांवों के विकास को नई गति दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र पंचायत प्रमुख पंचायती व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं और उन्हें नेतृत्वकारी भूमिका निभानी होगी। साथ ही, उन्होंने लंबित कार्यों के शीघ्र निस्तारण और निधियों के बेहतर उपयोग पर जोर दिया।

पंचायत राज मंत्री, मंगलवार को पंचायती राज विभाग की राज्य स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला में संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला में क्षेत्र पंचायत प्रमुखों के साथ वर्ष 2026-27 के लक्ष्यों, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और पंचायतों की कार्यप्रणाली को मजबूत करने पर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री ओम प्रकाश राजभर द्वारा योजनाओं के संचालन, पारदर्शिता और प्रशासनिक समन्वय को सुदृढ़ करने के लिए दिशा-निर्देश दिए गए। प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कई सुझाव भी रखे। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख संघ के अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'सेनानी' ने 10 सूत्रीय मांग पत्र पंचायत राज मंत्री को सौंपा, जिस पर मंत्री ने सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया।



दीप जलाकर कार्यशाला की शुरुआत करते पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर।

### सहायक आचार्य (बीएड) के 107 पदों पर फिर भर्ती, 28 से आवेदन शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने सहायक आचार्य (बीएड) के 107 पदों पर भर्ती के लिए संशोधित विज्ञापन जारी किया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद यह प्रक्रिया दोबारा शुरू की गई है।

आवेदन 28 अप्रैल से शुरू होकर 27 मई तक होंगे, जबकि संशोधन 30 मई तक किया जा सकेगा। परीक्षा 20 जुलाई को प्रस्तावित है। केवल वही अभ्यर्थी पात्र होंगे, जिन्होंने 31 अगस्त 2022 तक निर्धारित शैक्षिक योग्यता पूरी की है। पहले आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को दोबारा शुल्क नहीं देना होगा।

बदलाव

## रासायनिक खाद व महंगे कीटनाशकों पर निर्भरता घटी, देसी संसाधनों से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे किसान

# प्राकृतिक खेती से 2 .60 लाख किसानों की बढ़ी आय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश में 'प्राकृतिक खेती मिशन' किसानों के लिए नई उम्मीद बनकर उभरा

**अमृत विचार:** प्रदेश में 'प्राकृतिक खेती मिशन' किसानों के लिए नई उम्मीद बनकर उभरा है। अब खेती केवल गुजारे का माध्यम नहीं, बल्कि कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाला व्यवसाय बनती जा रही है। रासायनिक खाद और महंगे कीटनाशकों पर निर्भरता घटाकर किसान देसी संसाधनों के जरिए आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं।

प्रदेश के 75 जिलों में 2356 क्लस्टर के माध्यम से 1.14 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र प्राकृतिक खेती के दायरे में आ चुका है। इसका सीधा लाभ करीब 2.60 लाख किसानों को मिल रहा है। इस पद्धति से उत्पादन में सुधार के साथ लागत घटने से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है।

बुंदेलखंड क्षेत्र इस अभियान का प्रमुख मॉडल बनकर उभरा है। झांसी, ललितपुर, जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा और चित्रकूट जिलों में 23 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में गो-आधारित प्राकृतिक खेती अपनाई गई है, जिससे करीब 22 हजार किसानों को फायदा हुआ है। जीवामृत और घनजीवामृत के उपयोग से लागत कम हुई है और फसल की गुणवत्ता बेहतर हुई है।



उत्तर प्रदेश गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता के अनुसार, प्राकृतिक खेती से कम लागत में बेहतर उत्पादन मिल रहा है। रसायनमुक्त उत्पादों की बढ़ती मांग किसानों की आय बढ़ाने में सहायक बन रही है।

### टिशू कल्चर से मिलेंगे बेहतर गुणवत्ता के गन्ना बीज

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश सरकार गन्ना किसानों की आय बढ़ाने के लिए टिशू कल्चर तकनीक के जरिए उच्च गुणवत्ता वाले बीज उत्पादन को बढ़ावा दे रही है। इस पहल से किसानों की आमदनी बढ़ने के साथ प्रदेश में चीनी उत्पादन और उत्पादकता को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश काउंसिल ऑफ शुगर केन रिसर्च और बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड के बीच एमओयू हस्ताक्षरित किया गया है। इसका उद्देश्य टिशू कल्चर तकनीक के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण गन्ना बीज तैयार करना और किसानों को आधुनिक खेती से जोड़ना है। गन्ना आयुक्त मिनिस्थी एस. के अनुसार, इस पहल के तहत किसानों, मिल कर्मियों और तकनीकी कर्मचारियों को टिशू कल्चर लैब और ग्रीनहाउस संचालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें प्लांटलेट तैयार करने, हार्डनिंग और खेत में रोपाई तक की पूरी प्रक्रिया सिखाई जाएगी। साथ ही रसायनों, उपकरणों और तकनीकी पहलुओं की जानकारी भी दी जाएगी, ताकि किसान इसे आसानी से अपनाकर अपने खेतों में लागू कर सकें। विशेषज्ञों का कहना है कि पारंपरिक विधि के मुकाबले टिशू कल्चर से बीज उत्पादन अधिक तेज, शुद्ध और प्रभावी होता है। कम समय में बड़ी मात्रा में उच्च गुणवत्ता वाले बीज तैयार किए जा सकते हैं, जिससे उन्नत किस्मों का तेजी से विस्तार संभव है।

# वन हेल्थ मिशन से स्वास्थ्य-पर्यावरण चुनौतियों पर काबू पाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कार्यशाला में बोले एसीएस, योजना को अंतिम रूप मिलने के बाद होगी औपचारिक शुरुआत

**अमृत विचार:** अपर मुख्य सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) अमित कुमार घोष ने कहा कि राज्य में बढ़ती स्वास्थ्य और पर्यावरणीय चुनौतियों को देखते हुए 'वन हेल्थ मिशन' स्थापित किया जाएगा। यह मिशन मानव, पशु और पर्यावरण के बीच समन्वित दृष्टिकोण अपनाकर संभावित खतरों से निपटने की दिशा में काम करेगा।

अपर मुख्य सचिव एक होटल में आयोजित वन हेल्थ कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को शुरू हुई दो दिवसीय बहु-हितधारक कार्यशाला में बोल रहे थे। अपर मुख्य सचिव घोष ने कहा कि डिजिटल युग में रोग प्रबंधन और आपदा नियंत्रण के लिए त्वरित डेटा उपलब्धता बेहद जरूरी है। कार्यशाला के माध्यम से विभागों के बीच डेटा साझा करने की एकीकृत प्रणाली विकसित की जाएगी, जिससे भविष्य में किसी भी स्वास्थ्य संकट से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। उन्होंने बताया कि राज्य वन हेल्थ एक्शन प्लान को अंतिम रूप दिए जाने के बाद एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा मिशन की औपचारिक शुरुआत की जाएगी।

अमित कुमार घोष ने कहा कि हाल के वर्षों में जूनोटिक रोगों और महामारियों के प्रसार में तेजी आई है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती है। ऐसे में वन हेल्थ दृष्टिकोण बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है, जिसमें मानव, पशु और पर्यावरण से जुड़े कारकों का एकीकृत अध्ययन कर प्रभावी रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस मिशन के तहत एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस (एएमआर), खाद्य सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर भी समन्वित तरीके से काम किया जाएगा।

# अमृत विचार

बुधवार, 29 अप्रैल 2026




अच्छे बनो, नहीं तो अकेले रह जाओगे।
-मार्क ट्वेन, अमेरिकी लेखक



## आर्थिक कूटनीतिक सफलता

वैश्विक अर्थव्यवस्था आज संरक्षणवाद, आपूर्ति-श्रृंखला अस्थिरता और भू-राजनीतिक तनावों के दौर से गुजर रही है। ऐसे समय में भारत और न्यूज़ीलैंड के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता व्यापारिक के साथ रणनीतिक महत्व का भी है। यह इसका संकेत है कि भारत अपनी आर्थिक कूटनीति को नए आयाम दे रहा है। महज नौ महीनों में व्यापक वार्ताओं का निष्कर्ष समझौते के बतौर निकलना इस बात का प्रमाण है कि नई दिल्ली अब 'धीमी बातचीत' की पुरानी छवि से बाहर निकलकर निर्णायक और तेज़ व्यापारिक साझेदार बनना चाहती है। यह समझौता इसलिए ऐतिहासिक है, क्योंकि यह भारत की हिंद-प्रशांत रणनीति को आर्थिक आधार देता है, जहां पश्चिमी बाजारों में ऊंचे शुल्क और गैर-टैरिफ बाधाएं भारतीय निर्यात को सीमित करती रही हैं, वहीं न्यूजीलैंड के साथ 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच भारतीय उत्पादों के लिए एक नया द्वार खोल सकती है।

वर्तमान में दोनों देशों के बीच व्यापार लगभग 1.5 अरब डॉलर के आसपास है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 49 फीसद की वृद्धि के बावजूद दोनों देश के बाजारों के आकार के लिहाज से कम ही है। ऐसे में अगले पांच वर्षों में इसे पांच अरब डॉलर और 15 साल में 20 अरब डॉलर निवेश तक ले जाना अति महत्वाकांक्षी लक्ष्य है, पर क्रियान्वयन प्रभावी हो तो असंभव भी नहीं है। भारतीय निर्यातकों के लिए यह समझौता खास है। फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग सामान, आईटी सेवाएं और कृषि-प्रसंस्कृत उत्पादों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलेगी तो सेवा क्षेत्र—विशेषकर आईटी, शिक्षा और पेशेवर सेवाओं में अस्थायी वीजा प्रावधान भारतीय युवाओं के लिए नए अवसर खोल सकते हैं। यह न केवल निर्यात बढ़ाएगा, बल्कि रोजगार सृजन को भी गति देगा, हालांकि चुनौतियां भी हैं। डेयरी और बागबानी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में घरेलू उत्पादकों की चिंता स्वाभाविक है, क्योंकि न्यूजीलैंड की डेयरी प्रतिस्पर्धात्मक रूप से अत्यंत मजबूत है। ऐसे में समझौते में संतुलन बनाना, जैसे- चरणबद्ध बाजार खोलना या कोटा प्रणाली लागू करना आवश्यक होगा। यही संतुलन इस समझौते की सफलता की कसौटी बनेगा। गैर-टैरिफ बाधाएं भी बड़ी चुनौती हैं। गुणवत्ता मानक, जैव-सुरक्षा नियम और प्रमाणन प्रक्रियाएं यदि सरल नहीं की गईं, तो न्यूजीलैंड के बाज़ारों में 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच का वास्तविक लाभ सीमित हो सकता है, इसलिए समझौते पर हस्ताक्षर होना ही पर्याप्त नहीं, लॉजिस्टिक्स, मानकीकरण और व्यापार सुगमता में ठोस सुधार जरूरी हैं। न्यूजीलैंड के कृषि समूहों की संवेदनशीलता को देखते हुए उनकी आंतरिक राजनीति इस समझौते को प्रभावित हो सकती है, परंतु दोनों देशों के साझा हित—स्थिर आपूर्ति-श्रृंखला, विश्वसनीय साझेदारी और चीन पर निर्भरता में संतुलन इस समझौते को आगे बढ़ाने की मजबूत प्रेरणा प्रदान करते हैं।

यह समझौता भारत के लिए पारंपरिक बाजारों से आगे बढ़कर नए, स्थिर और भरोसेमंद साझेदार तलाशने हेतु 'विविधीकरण की रणनीति' का हिस्सा है। यदि इसे सही ढंग से लागू किया गया, तो यह न केवल व्यापारिक आंकड़ों को बढ़ा असमानता दूर करेगा, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत की आर्थिक और रणनीतिक स्थिति को भी सुदृढ़ करेगा।

### प्रसंगवश

## नृत्य उद्योग का आकार 45 अरब डॉलर से अधिक

मानव सभ्यता की सबसे पुरानी अभिव्यक्तियों में से एक है 'नृत्य'। जब शब्द अस्तित्व में नहीं थे, तब शरीर की गति ही संवाद का माध्यम थी। समय के साथ नृत्य ने भिन्न-भिन्न संस्कृतियों में अनेक रूप धारण किए और आज यह विश्वभर में एक जीवित कला के रूप में स्थापित है। नृत्य अब वैश्विक संदर्भ में केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रहा, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक कूटनीति का प्रभावी साधन बन चुका है। नवीनतम 'विश्व नृत्य रिपोर्ट' के अनुसार, वैश्विक स्तर पर नृत्य उद्योग का आकार 45 अरब डॉलर से अधिक पहुंच गया है। वर्चुअल नृत्य कार्यक्रमों में वर्ष 2020 के मुकाबले 2025 तक 60 प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई है। नृत्य चिकित्सा को अब मानसिक स्वास्थ्य उपचारों में सम्मिलित किया जा रहा है।



श्वेता गोयल
शिक्षिका

अनेक देशों में चिकित्सक अवसाद, चिंता और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याओं के उपचार में नृत्य आधारित विधियों का उपयोग किया जा रहा है। विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं ने भी नृत्य को शिक्षा के एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में स्वीकार किया है, जिससे बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सृजनात्मकता का विकास होता है। नृत्य की विविधता, उसकी समावेशिता और उसके सामाजिक महत्व का उत्सव मनाने के लिए प्रत्येक वर्ष 29 अप्रैल को 'अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस नृत्य को एक साझा मानव धरोहर के रूप में प्रस्तुत करता है, जिसमें भौगोलिक सीमाओं, जाति, धर्म, भाषा या राजनीतिक विचारधाराओं की कोई बाधा नहीं होती। इस अवसर पर करीब 170 देशों में एक साथ नृत्य महोत्सवों, कार्यशालाओं और सार्वजनिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाता है।

नृत्य परंपरा की दृष्टि से भारत विश्व के सबसे समृद्ध देशों में से एक है। भारतीय नृत्य हजारों वर्षों से चली आ रही एक जीवंत और विकसित परंपरा है, जिसकी जड़ें वेदों, पुराणों, महाकाव्यों और शास्त्रों में गहराई से समाहित हैं। भारतीय नृत्य की विशिष्टता उसकी आध्यात्मिक गहराई, दार्शनिकता और सामाजिक प्रतिबद्धता में निहित है। भारतीय नृत्य केवल सौंदर्य प्रदर्शन नहीं, बल्कि आध्यात्मिक साधना का माध्यम है। नाट्यशास्त्र, जो लगभग दो हजार वर्ष पूर्व रचित एक विश्वप्रसिद्ध ग्रंथ है, भारतीय नृत्य की बुनियादी संरचना और सिद्धांतों का आधार है। इस ग्रंथ में नृत्य, नाट्य और संगीत के तत्वों का अत्यंत वैज्ञानिक और विशद विवरण दिया गया है।

भारत में नृत्य की विविधता उसकी सांस्कृतिक विविधता की तरह अद्भुत है। प्रत्येक क्षेत्र, प्रत्येक राज्य, यहां तक कि कई गांवों की भी अपनी विशिष्ट नृत्य परंपराएं हैं। भारत के शास्त्रीय नृत्य रूप जैसे भरतनाट्यम, कथक, ओडिसी, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम, कथकली, मणिपुरी और सत्त्रिया, न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं। इन सभी शास्त्रीय नृत्य शैलियों में अंग संचालन, हस्तमुद्राएं, नेत्र भाव, पद संचालन और ताल की अत्यंत जटिल विधियां हैं, जिन्हें साधना द्वारा वर्षों में सिद्ध किया जाता है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य का एक प्रमुख उद्देश्य जीवन के रहस्यों को भावों के माध्यम से व्यक्त करना है। इनमें नौ रसों का विशेष महत्व है, श्रृंगार, वीर, करुण, हास्य, रौद्र, भयानक, वीभत्स, अद्भुत और शांत। एक सिद्ध नर्तक या नर्तकी अपने अभिनय द्वारा दर्शकों को इन रसों की अनुभूति कराता है और उन्हें एक आत्मिक यात्रा पर ले जाता है। भारतीय लोक नृत्य समृद्ध और विविधतापूर्ण हैं।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# जिंदगी, जेब और भविष्य पर भारी पड़ेगा जल संकट





राजेश जैन
वरिष्ठ पत्रकार

पानी अब सिर्फ प्यास बुझाने का साधन नहीं, बल्कि जीवन, स्वास्थ्य, खेती, अर्थव्यवस्था और सामाजिक स्थिरता की धुरी है और यही धुरी तेजी से कमजोर पड़ रही है। विडंबना यह है कि हम नहीं समझ पा रहे हैं कि पानी का संकट अब केवल पर्यावरण का विषय नहीं रहा, बल्कि हमारे समय का सबसे बड़ा सामाजिक, आर्थिक और मानवीय संकट बन चुका है। यह संकट उस बुनियादी संसाधन से जुड़ा है, जिसके बिना सभ्यता, विकास और जीवन की कल्पना ही संभव नहीं।

आज जल संकट की कहानी केवल सूखते तालाबों, घटते भूजल स्तर या कम होती बारिश तक सीमित नहीं है। यह उस परिवार की कहानी है, जो नल के निर्धारित समय का इंतजार करता है, उस किसान की कहानी है, जिसकी पूरी फसल बारिश और सिंचाई पर निर्भर है और उस शहर की कहानी है, जहां पानी अब अधिकार नहीं, बल्कि खरीदी जाने वाली सेवा बनता जा रहा है। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि यह संकट अचानक नहीं आया। यह धीरे-धीरे हमारे जीवन में समाता गया और अब हमारी दिनचर्या, बजट, स्वास्थ्य और भविष्य सभी को प्रभावित कर रहा है।

शहरों में पानी अब सहज उपलब्ध संसाधन नहीं रहा। सुबह-शाम पानी आने का समय तय है और उसके बीच का पूरा दिन उसी की योजना बनाने में गुजरता है। कई इलाकों में लोग टैंकरों पर निर्भर हैं, यानी पानी अब बाजार में बिकने वाला उत्पाद बन चुका है। एक मध्यमवर्गीय परिवार हर महीने हजारों रुपये केवल पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने में खर्च कर रहा है। यह बदलाव खामोशी से हुआ, लेकिन इसके दूरगामी परिणाम बेहद गंभीर हैं, क्योंकि जब पानी बाजार का हिस्सा बनता है, तो समानता खत्म होने लगती है। पानी का निजीकरण धीरे-धीरे सामाजिक विभाजन को और गहरा कर रहा है, जहां भुगतान करने की क्षमता ही उपलब्धता तय करने लगी है।

> शहरों में पानी अब सहज उपलब्ध संसाधन नहीं रहा। सुबह-शाम पानी आने का समय तय है और उसके बीच का पूरा दिन मैनेजमेंट में गुजरता है। कई जगहों पर लोग टैंकर के भरोसे हैं। यानी पानी अब बाजार में बिकने वाली चीज बन चुका है।

जब सब्जियां महंगी होती हैं, तो चर्चा अक्सर पेट्रोल, डीजल या सप्लाई चेन तक सीमित रह जाती है, जबकि असली कारण कई बार पानी होता है। कम बारिश, गिरता भूजल स्तर और महंगी सिंचाई खेती की लागत बढ़ा रहे हैं। इसका सीधा असर आम आदमी की थाली पर पड़ता है। यानी जल संकट केवल प्यास का संकट नहीं, बल्कि महंगाई का भी बड़ा कारक बन चुका है। आने वाले वर्षों में खाद्य सुरक्षा पर इसका असर और अधिक स्पष्ट दिखाई देगा।

पानी की उपलब्धता जितनी बड़ी समस्या है, उससे कहीं अधिक गंभीर चुनौती उसकी गुणवत्ता है। देश के अनेक हिस्सों में लोग वही पानी पी रहे हैं, जो उनकी बीमारियों का कारण बन रहा है। डायरिया, टाइफाइड, फ्लोराइड और आर्सेनिक जैसी समस्याएं लाखों लोगों की जिंदगी प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में बड़ा प्रश्न यह है कि क्या 'हर घर जल' केवल पाइपलाइन पहुंचाने तक सीमित है, या उसमें सुरक्षित और शुद्ध पानी भी शामिल है? केवल पहुंच नहीं, गुणवत्ता भी नीति का केंद्र बननी चाहिए।

जल संकट का सबसे बड़ा और अक्सर अदृश्य भार महिलाएं और बच्चे उठाते हैं। गांवों और बस्तियों में आज भी पानी लाने की जिम्मेदारी मुख्यतः महिलाओं पर है। कई किलोमीटर पैदल चलकर पानी लाना उनके दैनिक जीवन का हिस्सा है। इसका असर बच्चों, विशेषकर लड़कियों की शिक्षा पर पड़ता है, क्योंकि पानी लाने की जिम्मेदारी उनके स्कूल समय को निगल जाती है। इस तरह जल संकट सामाजिक असमानता को और गहरा करता है।

एक ओर शहरों में स्विमिंग पूल, कार वॉश और सजावटी फव्वारों के लिए पानी उपलब्ध है, तो दूसरी ओर गांवों और झुग्गी बस्तियों में पीने के पानी के लिए संघर्ष हो रहा है। यह असमानता केवल संसाधनों की नहीं, बल्कि प्राथमिकताओं की भी है। यदि यही स्थिति बनी रही, तो पानी भविष्य में सामाजिक संघर्ष और अस्थिरता का बड़ा कारण बन सकता है। जल असमानता सामाजिक असंतोष को जन्म देती है और धीरे-धीरे व्यवस्था के प्रति अविश्वास बढ़ाती है।

पानी अब प्राकृतिक संसाधन भर नहीं, बल्कि राजनीतिक मुद्दा भी बन चुका है। चुनावों में मुफ्त पानी के वादे होते हैं, लेकिन दीर्घकालिक जल प्रबंधन पर गंभीरता कम दिखाई देती है। राज्यों के बीच नदी जल विवाद बढ़ रहे हैं। शहरों में अव्यवस्थित शहरीकरण और गांवों में जल संरचनाओं की उपेक्षा ने स्थिति को और जटिल बनाया है। स्पष्ट है कि समस्या केवल पानी की कमी नहीं, बल्कि उसके प्रबंधन की विफलता भी है।

जलवायु परिवर्तन ने पानी की उपलब्धता को और अनिश्चित बना दिया है। कहीं अचानक बाढ़ आती है, तो कहीं लंबे समय तक सूखा पड़ता है। यह असंतुलन खेती, शहरों, उद्योगों और पूरी अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। अब जल संकट केवल 'कम पानी' का नहीं, बल्कि 'अनिश्चित पानी' का बन चुका है। मौसम की यह अनिश्चितता भविष्य की जल योजनाओं को और कठिन बना रही है। जल संकट का समाधान केवल सरकारों के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। यह सामूहिक जिम्मेदारी है। घरों में पानी बचाने की आदत, वर्षा जल संचयन, स्थानीय जल स्रोतों का पुनर्जीवन, अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग और खेती में माइक्रो-इरिगेशन जैसी आधुनिक तकनीकों का विस्तार— ये छोटे कदम बड़े बदलाव ला सकते हैं। सबसे जरूरी है पानी को असीमित संसाधन मानने की मानसिकता बदलना।

जल संकट की सबसे खतरनाक बात यह है कि यह धीरे-धीरे बढ़ता है, इसलिए इसकी गंभीरता देर से समझ आती है। पानी केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं, बल्कि जीवन का सबसे बुनियादी संकट बन चुका है। यदि आज पानी को राष्ट्रीय और व्यक्तिगत प्राथमिकता नहीं बनाया गया, तो आने वाले वर्षों में यह केवल समस्या नहीं रहेगा, यह संघर्ष का कारण बनेगा, घर-घर में, शहर-शहर में और देशों के बीच भी। पानी बचाना अब पर्यावरण प्रेम नहीं, अस्तित्व की अनिवार्यता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



सपा पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी। भाजपा पीडीए समाज को न्याय दिलाने से रोकना चाहती है। महिला सुरक्षा पर भाजपा सरकार के दावे खोखले हैं। सरकार ने असली पत्थरबाजों पर कोई कार्रवाई नहीं की।

-अखिलेश यादव
सपा अध्यक्ष

समाजवादी पार्टी की गिद्ध नजर हमेशा ऐसे मामलों पर रहती है, जहां से राजनीतिक फायदा लिया जा सके। सपा का मकसद पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना नहीं, बल्कि समाज में तनाव पैदा कर अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करना है।

-अनिल राजभर
मंत्री, उत्तर प्रदेश



## स्वच्छ हरित- बड़ा मंगल अभियान



नुसरत जहां
एजीए, लखनऊ हाईकोर्ट

उत्तर प्रदेश की राजधानी जिसे 'तहजीब का शहर' कहा जाता है, अपनी संस्कृति, चिकनकारी कढ़ाई, लजीज खानपान और ऐतिहासिक इमारतों के लिए प्रसिद्ध है। यही नहीं गोमती नदी किनारे बसे शहर में ज्येष्ठ माह की चिलचिलाती गर्मी एवं धूप में हनुमान भक्त हर बड़े मंगल को जगह-जगह बड़ी संख्या में भंडारों का आयोजन होता है। कहा जाता है कि ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल को हर मजहब के, चाहे अमीर हों या गरीब, पूरी श्रद्धा से प्रसाद ग्रहण करते हैं। यहां गंगा-जमुनी तहजीब लखनऊ को पूरे विश्व में खास बनाती है।

हर्ष की बात है कि इस साल 2026 को बड़े मंगल बहुत ही विशेष रहने वाले हैं, क्योंकि इस वर्ष ज्येष्ठ माह में चार नहीं, बल्कि पांच बड़े मंगल पड़ेंगे। यह दुर्लभ संयोग 19 साल बाद बन रहा है। 2026 में बड़े मंगल की तारीखें (8 मंगल) पांच मई से 23 जून तक हैं। दूसरे, जो इसे खास बनाती है, वह यह है कि इस धार्मिक परंपरा को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने की दिशा में 'लोक भारती' ने 'हरित बड़ा मंगल अभियान' की शुरुआत की है। इस पहल के तहत बड़े मंगल के अवसर पर आयोजित होने वाले भंडारों को पूरी तरह पर्यावरण अनुकूल बनाने का संकल्प लिया गया है।

> ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल को हर मजहब के लोग चाहे अमीर हों या गरीब, पूरी श्रद्धा से लाइन में लगकर प्रसाद ग्रहण करते हैं।

बड़ा मंगल की परंपरा को स्वच्छता, हरित सोच, सामाजिक सहभागिता से जोड़ते हुए इस बार भंडारों में सिंगल यूज प्लास्टिक का भी प्रयोग पूरी तरह से त्याग करने का संकल्प लिया गया है। भंडारों में पत्तल, बांस आदि जैविक एवं कंपोस्ट योग्य सामग्री का प्रयोग होगा। आयोजकों के कचरा प्रबंधन, कूड़ा वर्गीकरण एवं पुनर्चक्रण के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा। स्वच्छता टीम एवं पर्यावरण मित्र समूह का गठन होगा।

स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल भंडारे आयोजित करना ही इस पहल का मूल उद्देश्य है, ताकि धार्मिक परंपरा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज तक पहुंचे। राजधानी लखनऊ में बड़े मंगल की अपनी अलग महत्ता है। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल में लखनऊ के हर मंदिर में रौनक एवं जगह-जगह भंडारों का आयोजन होता है। इस दिन हनुमान जी की विशेष रूप से पूजा की जाती है। मान्यता है कि इसी माह में हनुमान जी की पहली मुलाकात भगवान राम से हुई थी।

मंदिर का पौराणिक उल्लेखः भगवान श्रीराम के कहने पर लक्ष्मण जी, माता सीता को अयोध्या से महर्षि वाल्मिकी के आश्रम लेकर जा रहे थे, रास्ते में लक्ष्मणपूरी नगरी पड़ी। लक्ष्मण टीले पर लक्ष्मण जी रुके, सीताजी ने यहीं विश्राम किया था। यहां रक्षा के लिए स्वयं बजरंगबली मौजूद रहे। तभी से इस जगह पर हनुमान रक्षक बनकर विराजमान हैं।

पुराना हनुमान मंदिर के मुख्य महंत गोपाल दास जी महाराज ने बताया कि लखनऊ में एक महामारी फैली थी, बड़ी संख्या में लोग उसकी चपेट में आने लगे। लोगों ने हनुमान जी से प्रार्थना की। महामारी खत्म हो गई। तभी से ज्येष्ठ महीने के मंगल को हनुमान जी का प्रसाद वितरण होने लगा।

लखनऊ नामा में भी मंदिर का जिक्रः डॉ. योगेश प्रवीण लखनऊ नामा में लिखते हैं कि गोमती के उस पार हनुमान के दो प्राचीन मंदिर हैं, जिस मंदिर को आज मुख्य मंदिर का महत्व दिया जाता है, वो इत्र व्यापारी लाला जाटमल ने 1783 ई. में बनाया था।

यह मंदिर महंत खासाराम के अनुरोध पर तैयार किया गया था। योगेश प्रवीण आगे लिखते हैं कि लखनऊ के अलीगंज में दूसरा हनुमान मंदिर है, जिसे सआदत अली खां की मां आलिया बेगम ने बनवाया था। आलिया रैकबार ठाकुर घराने की थीं।

बड़े मंगल के अवसर पर नवाब वाजिद अली शाह एक ब्रह्मभोज का आयोजन करते थे। बेगमों की तरफ से बंदरों को चना खिलाया जाता था। लगभग 400 वर्ष पहले प्रारंभ हुई यह धार्मिक परंपरा आज भी पूरी श्रद्धा भाव से लगातार हर वर्ष मनाई जाती है। शहर की हर सड़क, मोहल्ले और मुख्य चौराहों पर लगभग 300–400 से अधिक भंडारे आयोजित होते हैं। भक्तों की मान्यता है कि हनुमान जी संकट मोचन हैं। वे सभी के कष्ट हरते हैं।

राम भक्त श्री हनुमान जी की सबसे बड़ी सेवा प्यासे को पानी और भूखे को भोजन देना है। यही हमारा धर्म भी सिखाता है। बड़े मंगल पर स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल भंडारों का आयोजन करने में हम सभी अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि धार्मिक परंपरा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी समाज तक पहुंचे।

Email:nusratfahad8@gmail.com

### सोशल फोरम

## पृथ्वीराज कपूर और शंकर

उन दिनों पृथ्वीराज कपूर शकुंतला नाम का अपना एक नाटक शुरू करने की तैयारी कर रहे थे। एक दिन एक लड़का उनसे मिला। पृथ्वीराज कपूर ने लड़के से पूछा कि तुम क्या करते हो? लड़के ने जवाब दिया कि मैं तबला बजा लेता हूं। हारमोनियम भी बजा लेता हूं। डांस भी कर लेता हूं और कभी-कभार नाटकों में इक्के-दुक्के डायलॉग्स भी स्टेज पर बोल चुका हूं। उन्होंने लड़के से दादर आने के लिए कहा। दादर में एक जगह थी, जहां अक्सर नाटकों रिहर्सलें चला करती थी।



रंजन शर्मा
रिटायर्ड ऑफिसर

वो लड़का दादर पहुंच गया। ये पूरा घटनाक्रम 1940 के आस-पास का है। पृथ्वीराज कपूर ने उस लड़के से कहा कि तबला बजाकर सुनाओ। लड़के ने तबला बजाया कि जिसने भी सुना वो सुनता रह गया। पृथ्वीराज कपूर ने एलान कर दिया कि अब से ये लड़का पृथ्वी थिएटर का अहम सदस्य होगा। उस लड़के का नाम था शंकर सिंह रघुवंशी। वही जो आगे चलकर शंकर-जयकिशन की ज़बरदस्त संगीतकार जोड़ी में से एक था।

शंकर जी की जयकिशन जी संग जोड़ी कैसे बनी थी। जयकिशन दयाभाई पांचाल गुजरात से मुंबई करियर बनाने के इरादे से आए थे। वो हारमोनियम के उस्ताद थे। जयकिशन जी ने एक फैक्ट्री में टाइम कीपर की नौकरी शुरू कर दी। फुर्सत के वक्त में वो संगीत जगत में नाम बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। एक दफा गुजराती फिल्मों के उस वक्त के नामी डायरेक्टर चंद्रवर्दन भट्ट के ऑफिस के बाहर जयकिशन जी शंकर जी से मिले। शंकर जी को पता चला कि जयकिशन हारमोनियम बहुत अच्छा बजाते हैं, तो शंकर जी ने उन्हें पृथ्वी थिएटर में बतौर हारमोनियम नवाज़ रखवा दिया। अब पृथ्वी थिएटर के सभी नाटकों में शंकर जी तबला बजाते थे और जयकिशन जी हारमोनियम बजाते थे।

राज कपूर ने शंकर जयकिशन को आग के म्यूज़िक डायरेक्टर राम गांगुली का सहयोगी बनने का ऑफर दिया। इन दोनों ने राम गांगुली के गाइडेंस में आग के म्यूज़िक पर काम किया। राज कपूर शंकर जी से बड़े प्रभावित हुए। राज कपूर ने अपनी नेक्स्ट फिल्म बरसात अनाउंस की तो उसमें म्यूज़िक कंपोज़ करने का काम उन्होंने शंकर जी को दिया। उन्होंने जयकिशन जी को भी अपने साथ जोड़ लिया। इस तरह से शंकर-जयकिशन की जोड़ी बनी।

-फेसबुक वॉल से



### सामयिकी

## शहरी विकास के बीच स्लम बस्ती की हकीकत

देश भर की स्लम बस्तियों की स्थिति पर नज़र डालें, तो यह समस्या केवल एक बस्ती तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में व्यापक रूप से फैली हुई है। भारत में वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार लगभग 6.55 करोड़ लोग स्लम बस्तियों में रहते थे, जो देश की कुल जनसंख्या का लगभग 5.41 प्रतिशत है। देश के दो हजार से अधिक शहरों और कस्बों में लगभग 1.39 करोड़ स्लम परिवार निवास करते हैं। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2022 तक भारत में लगभग 20.9 करोड़ लोग स्लम क्षेत्रों में निवास कर रहे हैं। यह संख्या दर्शाती है कि शहरीकरण के साथ-साथ स्लम बस्तियों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। यह आंकड़ा इस बात का संकेत देता है कि देश में शहरी गरीबों की संख्या और उनकी समस्याएं गंभीर होती जा रही हैं।



निरमा कुमारी रैगर
एक्टिविस्ट

स्लम बस्तियों में सुविधाओं की कमी का मुख्य कारण तेजी से हो रहा शहरीकरण और ग्रामीण क्षेत्रों से रोजगार की तलाश में होने वाला पलायन है। शहरों में उद्योग, निर्माण कार्य और सेवा क्षेत्र में काम की तलाश में लोग आते हैं, लेकिन उनके लिए पर्याप्त सस्ते आवास उपलब्ध नहीं होते। परिणामस्वरूप वे शहर के किनारों पर अस्थाई बस्तियां बसाने को मजबूर हो जाते हैं। इन बस्तियों में रहने वाले लोग शहर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, फिर भी उन्हें आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल पातीं।

ऐसी बस्तियों की स्थिति में सुधार के लिए कई ठोस कदम उठाए जा सकते हैं। सबसे पहले, सरकार और स्थानीय प्रशासन को इन बस्तियों में स्वच्छ पेयजल की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। प्रत्येक गली में पक्की नालियां और कचरा प्रबंधन की व्यवस्था विकसित की जानी चाहिए, ताकि गंदगी और बीमारियों को रोका जा सके। सामुदायिक स्नानघर और शौचालयों का निर्माण भी अत्यंत आवश्यक है, जिससे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सके। इसके साथ ही, बस्ती में आंगनबाड़ी केंद्र की स्थापना अनिवार्य रूप से की जानी चाहिए। इससे बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा और पौष्टिक आहार मिल सकेगा, साथ ही गर्भवती महिलाओं और किशोरियों को आवश्यक पोषण और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

रोजगार के क्षेत्र में भी सुधार की आवश्यकता है। ऐसी बस्ती के लोगों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया जाना चाहिए, ताकि वे बेहतर रोजगार प्राप्त कर सकें और उनकी आय में वृद्धि हो सके। इसके लिए स्वयं सहायता समूहों और लघु उद्योगों को बढ़ावा देकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है। साथ ही शहरी आवास योजनाओं जैसे किफायती आवास कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए, ताकि स्लम बस्तियों के निवासियों को सुरक्षित और स्थायी आवास उपलब्ध कराया जा सके।

वास्तव में, किसी शहर का विकास तभी सार्थक माना जाएगा, जब उसमें रहने वाले और उसके विकास में योगदान देने वाले सभी नागरिकों को समान अवसर और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों, इसलिए आवश्यक है कि सरकार, प्रशासन और समाज मिलकर इन बस्तियों के विकास के लिए ठोस और स्थायी कदम उठाएं, ताकि शहर का हर कोना विकास की मुख्यधारा से जुड़ सके। यदि ऐसी बस्तियों की समस्याओं को समय रहते दूर नहीं किया गया, तो यह न केवल सामाजिक असमानता को बढ़ाएगा, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण से जुड़ी समस्याओं को भी गंभीर बना देगा।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा।)

विश्व नृत्य दिवस आज

# नृत्य : मन के भावों का अभिनीत गीत



नृत्य मनुष्य के उल्लास का प्रत्यक्ष भावात्मक प्रदर्शन है। जब मन उल्लास से भर उठता है, तो शारीरिक चेष्टाएं उसकी अभिव्यक्ति नृत्य के रूप में करती हैं। इस प्रकार नृत्य मन के भावों का अभिनीत गीत है। यदि सूक्ष्मता से देखें तो प्रकृति का हर तत्व खुशी में नृत्य करता जान पड़ता है। बरसते पानी में महकती धरती पर सिर्फ मोर ही नहीं नाचते, पेड़ों की डालियां भी वर्षा की बूंदों के साथ झूमती नजर आती हैं। प्रकृति से इतर अपनी सभ्यता और संस्कृति के विकास क्रम में मनुष्य ने नृत्य की लय और गति को विभिन्न शैलियों में बांधकर नृत्य के अनेक प्रकारों को सृजित किया है। भारत में बहुल सांस्कृतिक विविधता में विभिन्न नृत्य शैलियां विकसित हुईं हैं। इन नृत्य शैलियों को शास्त्रीय नृत्य और लोक नृत्य की दो श्रेणियों में रख सकते हैं। यह दोनों ही शैलियां भारतीय संस्कृति, इतिहास और सामाजिक जीवन के जीवंत प्रतीक हैं।



डॉ. प्रशांत अग्निहोत्री
निदेशक, रुहेलखंड शोध संस्थान, शाहजहांपुर

भारत में लोक नृत्य की परंपरा अत्यंत प्राचीन, विविधतापूर्ण और जीवंत रही है, जो देश की सांस्कृतिक बहुलता का सशक्त प्रतीक है। यह परंपरा विभिन्न क्षेत्रों, जातीय समूहों और सामाजिक समुदायों के जीवन से गहराई से जुड़ी हुई है। भारत के प्रत्येक प्रदेश-जैसे पंजाब, राजस्थान, गुजरात और असम की अपनी विशिष्ट लोकनृत्य शैलियां हैं, जो वहां की भौगोलिक, ऐतिहासिक और सामाजिक परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करती हैं। लोक नृत्यों का उद्भव मुख्यतः कृषि-आधारित समाज से हुआ, जहां फसल कटाई, वर्षा, विवाह और धार्मिक उत्सवों के अवसर पर सामूहिक रूप से नृत्य किया जाता था।

उदाहरण के लिए, पंजाब का भांगड़ा फसल की खुशी का प्रतीक है, जबकि गुजरात का गरबा देवी-उपासना से जुड़ा हुआ है। इन नृत्यों में स्थानीय लोकगीत, वाद्य यंत्र और पारंपरिक वेशभूषा का महत्वपूर्ण स्थान होता है। आधुनिक समय में भी लोक नृत्य अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए हैं और सांस्कृतिक उत्सवों व मंचीय प्रस्तुतियों के माध्यम से इन्हें नया आयाम मिला है।



## कथक नृत्य

कथक भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपराओं में एक प्रमुख और विकसित शैली है, जिसकी ऐतिहासिक जड़ें प्राचीन कथावाचन परंपरा से जुड़ी हैं। 'कथक' शब्द 'कथा' से बना है और प्रारंभ में कथक वे कलाकार थे, जो मंदिरों और जनसभाओं में धार्मिक कथाएं प्रस्तुत करते थे। यह शैली उत्तर भारत, विशेषत: उत्तर प्रदेश में विकसित हुई तथा लखनऊ और जयपुर घरानों के माध्यम से समृद्ध हुई। इसके विकास को तीन चरणों में देखा जा सकता है– मंदिर परंपरा, दरबारी प्रभाव और आधुनिक मंचीय स्वरूप। भक्ति काल में इसमें कृष्ण लीलाओं का वर्णन प्रमुख रहा, जबकि मुगल काल में इसमें नजाकत, श्रृंगार और तकनीकी जटिलता का समावेश हुआ। कथक की विशेषता उसकी भाव–भंगिमा, 'अभिनय', तेज 'तत्कार' और घूमरदार 'चक्कर' हैं, जो इसे विशिष्ट बनाते हैं।



## लिल्ली घोड़ी

लिल्ली घोड़ी या कठ घोड़वा नृत्य उत्तर प्रदेश और बिहार के ग्रामीण अंचलों में प्रचलित एक पारंपरिक लोकनृत्य है। यह नृत्य विवाह, मेलों और उत्सवों में प्रस्तुत किया जाता है। ऐतिहासिक रूप से इसका संबंध वीरता और घुड़सवारी की परंपरा से है। नर्तक लकड़ी या बांस से बने कृत्रिम घोड़े को कमर में बांधकर रंग–बिरंगे वस्त्रों में नृत्य करते हैं, जिससे ऐसा प्रतीत होता है मानो वे घोड़े पर सवार हों। यह नृत्य मनोरंजन के साथ–साथ सामाजिक संदेशों का भी माध्यम रहा है।



## कजरी

कजरी भारतीय लोकसंगीत की एक भावप्रधान शैली है, जिसका उद्गम उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर और वाराणसी क्षेत्र में माना जाता है। सावन–भादों की वर्षा ऋतु में गाए जाने वाले कजरी गीत विरह, प्रेम और प्रकृति के सौंदर्य को अभिव्यक्त करते हैं। जब इन गीतों के साथ नृत्य किया जाता है, तो यह एक संपूर्ण सांस्कृतिक अनुभव बन जाता है। स्त्रियां समूह में झूला झूलते हुए या आंगन में गोल घेरा बनाकर कजरी गाती और नृत्य करती हैं। यह शैली ग्रामीण जीवन की सहज अभिव्यक्ति है, जिसमें भाव और लय का सुंदर संतुलन दिखाई देता है।



## मयूर नृत्य

मयूर नृत्य भारतीय लोक और शास्त्रीय परंपराओं का एक मनोहारी रूप है, जो विशेष रूप से ब्रज क्षेत्र में प्रचलित है। इसका संबंध कृष्ण की लीलाओं और प्रकृति–प्रेम से जोड़ा जाता है। वर्षा ऋतु में मोर के नृत्य से प्रेरित होकर यह शैली विकसित हुई। कलाकार मोर के पंखों से सुसज्जित वेशभूषा पहनकर उसकी चाल और मुद्राओं का अनुकरण करते हैं। बांसुरी, ढोलक और मंजीरा जैसे वाद्य यंत्र इसकी लयात्मकता को और अधिक आकर्षक बनाते हैं।

## जोगिनी नृत्य

जोगिनी नृत्य उत्तराखंड और हिमालयी क्षेत्र की लोकसंस्कृति का एक आध्यात्मिक रूप है। यह देवी–उपासना और धार्मिक अनुष्ठानों से जुड़ा हुआ है। इस नृत्य में नर्तक भावावेश में आकर नृत्य करते हैं, जिससे दैवीय अनुभूति का संचार होता है। ढोल, दमाऊ और रणसिंघा जैसे वाद्य यंत्र इसकी ऊर्जा को बढ़ाते हैं। इस प्रकार भारत के लोक नृत्य न केवल मनोरंजन के साधन हैं, बल्कि वे देश की सांस्कृतिक पहचान, सामाजिक जीवन और ऐतिहासिक परंपराओं का सजीव प्रतिबिंब भी प्रस्तुत करते हैं।



## छपेली

छपेली नृत्य उत्तराखंड के कुमाऊं क्षेत्र का एक लोकप्रिय लोकनृत्य है, जो वसंत ऋतु और होली जैसे उत्सवों पर किया जाता है। इसमें स्त्री–पुरुष युगल के रूप में भाग लेते हैं और लोकगीतों की धुन पर संवादात्मक शैली में नृत्य करते हैं। इसमें श्रृंगार, हास्य और सामाजिक जीवन के विविध रंग दिखाई देते हैं। हुड़का और मंजीरा जैसे वाद्य यंत्र इसकी लय को सजीव बनाते हैं।

## पाय डंडा

पाय डंडा नृत्य उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में प्रचलित एक ऊर्जावान लोकनृत्य है। यह नृत्य मुख्यत: फसल कटाई, मेलों और धार्मिक अवसरों पर किया जाता है। इसमें डंडों का तालबद्ध टकराव वीरता और समन्वय का प्रतीक होता है। इसका संबंध प्राचीन युद्धाभ्यास और शारीरिक कौशल से भी जोड़ा जाता है।



## नौटंकी

नौटंकी उत्तर भारत की एक लोकप्रिय लोकनाट्य परंपरा है, जिसमें संगीत, गायन, संवाद और नृत्य का समन्वय होता है। इसका विकास विशेषत: उत्तर प्रदेश में हुआ। नौटंकी में नृत्य कथा–वाचन का महत्वपूर्ण माध्यम है। इसमें कथक की छाप स्पष्ट दिखाई देती है, विशेषकर चक्कर और भाव–भंगिमा में। ढोलक, नगाड़ा और हारमोनियम की ताल पर कलाकार नृत्य करते हुए कथा को जीवंत बनाते हैं। नौटंकी में सम्मिलित नृत्य स्वरूप विविध लोक और शास्त्रीय शैलियों से प्रभावित होते हैं। इनमें कथक की छाप स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, विशेषकर उसकी घूमरदार चाल, चक्कर और भाव–भंगिमा में। इसके साथ ही लोकनृत्य की सरलता और सहजता भी इसमें समाहित रहती है, जिससे यह आम जनमानस के लिए अधिक ग्राह्य बन जाता है। नौटंकी के नृत्य में अभिनय (अभिनयात्मक नृत्य) का विशेष स्थान होता है। कलाकार गीतों और संवादों के बीच नृत्य करते हुए कथा के भावों को अभिव्यक्त करते हैं। स्त्री पात्रों की भूमिका, चाहे पुरुष कलाकार निभाएं या स्त्रियां, उसमें लयात्मकता और नज़ाकत का समावेश होता है। नृत्य की गतियां अधिक जटिल न होकर दर्शकों के साथ संवाद स्थापित करने वाली होती हैं।

आर्ट गैलरी

# सहयोग और जीवन की यात्रा दर्शाती पेंटिंग



यह पेंटिंग आधुनिक शैली की एक प्रभावशाली रचना है, जिसमें मानव जीवन, श्रम और सामाजिक संबंधों को प्रतीकात्मक रूप में दर्शाया गया है। चित्र में कई मानव आकृतियां दिखाई देती हैं, जिन्हें ज्यामितीय आकृतियों जैसे वृत्त, त्रिभुज और आयत के माध्यम से उकेरा गया है। यह शैली चित्र को अमूर्तता प्रदान करती है और दर्शक को गहराई से सोचने के लिए प्रेरित करती है। चित्र के केंद्र में कुछ महिलाएं और पुरुष दिखाई देते हैं, जो अपने–अपने कार्यों में लगे हुए हैं। किसी के हाथ में घड़ा है, तो कोई सहारा देता हुआ प्रतीत होता है। यह सामूहिकता और सहयोग की भावना को दर्शाता है।

आकृतियों के झुके हुए चेहरे और सरल भाव जीवन की गंभीरता, संघर्ष और संवेदनशीलता को व्यक्त करते हैं। रंगों का प्रयोग भी बहुत सूक्ष्म और संतुलित है। हल्के नीले, हरे, भूरे और पीले रंगों का संयोजन शांति और स्थिरता का वातावरण बनाता है। पृष्ठभूमि का हरा रंग प्रकृति और जीवन का प्रतीक है, जबकि धूसर रंग मानव जीवन की कठिनाइयों को दर्शाता है। चित्र में रेखाओं और आकृतियों का संतुलन यह दर्शाता है कि कलाकार ने केवल दृश्य नहीं, बल्कि भावनाओं को भी उकेरने का प्रयास किया है। यह पेंटिंग केवल एक दृश्य प्रस्तुत नहीं करती, बल्कि समाज में परस्पर निर्भरता, सहानुभूति और एकता का संदेश देती है। समग्र रूप से यह पेंटिंग दर्शाती है कि जीवन में संघर्ष और कठिनाइयों के बावजूद, मनुष्य आपसी सहयोग और समझ के माध्यम से आगे बढ़ता है। कलाकार ने अपनी अनूठी शैली के माध्यम से साधारण जीवन को असाधारण अर्थ प्रदान किया है, जो इस कृति को विशेष बनाता है।

### नीरज के बारें में



नीरज गोस्वामी भारत के एक प्रसिद्ध समकालीन चित्रकार और मूर्तिकार हैं, जिन्होंने अपनी अनूठी कला शैली से विशेष पहचान बनाई है। वे विशेष रूप से तेल रंगों के कुशल प्रयोग के लिए जाने जाते हैं, जिनसे उनकी पेंटिंग्स में अद्भुत चमक और जीवंतता दिखाई देती है। उनकी कलाकृतियों में आधुनिकता और भावनात्मक गहराई का सुंदर समन्वय मिलता है। नीरज गोस्वामी की रचनाएं दर्शकों को आकर्षित करने के साथ–साथ विचार करने के लिए प्रेरित करती हैं। उन्होंने भारतीय कला जगत में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और अपनी सृजनशीलता के माध्यम से कला को नई दिशा प्रदान की है। वे सेलेडॉन पोर्सिलेन और ओनिक्स स्टायरेशन के रंगों का उपयोग करते हैं, जिससे उनके कैनवस में एक सौम्य चमक और अद्वितीय रंग संयोजन समाहित हो जाता है। नीरज की पेंटिंग्स कीमती पत्थरों से मिलती–जुलती होने के लिए जानी जाती हैं, जिनमें एक ऐसी पारदर्शिता दिखाई देती है, जो कला जगत में शायद ही कभी देखने को मिलती है। वे अपनी कलाकृतियों में एक उल्लेखनीय दीप्ति प्राप्त करते हैं, जिससे वे एक विशिष्ट और चमकदार गुणवत्ता के साथ अलग दिखती हैं। तेल रंगों पर अपनी महारत और रंगों के अनूठे संयोजन के माध्यम से, नीरज गोस्वामी पारंपरिक सीमाओं को पार करते हुए ऐसी कलाकृतियां बनाते हैं, जो अपनी चमक और दीप्ति से मंत्रमुग्ध कर देती हैं।

अनोखी परंपरा

# नेपाल के न्यिनबा समुदाय में आज भी प्रचलित है 'पांचाली' प्रथा

हिमालय की ऊंची वादियों में स्थित नेपाल अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ कुछ अनोखी और कम ज्ञात परंपराओं के लिए भी पहचाना जाता है। इन्हीं में से एक है 'पांचाली' प्रथा, जिसे भ्रातृ बहुपतित्व कहा जाता है। यह परंपरा महाभारत की द्रौपदी की कथा की याद दिलाती है और आज भी नेपाल के सुदूर हुमला जिले में रहने वाले न्यिनबा समुदाय के बीच प्रचलित है। इस प्रथा के अनुसार, एक ही महिला का विवाह परिवार के सभी भाइयों से कराया जाता है। आधुनिक समाज में यह व्यवस्था असामान्य लग सकती है, लेकिन इसके पीछे गहरे सामाजिक और आर्थिक कारण निहित हैं।

हुमला जिले के दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र में बसे न्यिनबा लोग अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन करते हैं। समुद्र तल से ऊंचाई पर स्थित इन गांवों में खेती सीमित है और संसाधन बहुत कम हैं। ऐसे में परिवार की जमीन का बंटवारा उनके लिए बड़ी समस्या बन सकता है। यदि प्रत्येक भाई अलग विवाह करे, तो जमीन छोटे-छोटे हिस्सों में बंट जाएगी, जिससे उत्पादन घटेगा और आर्थिक स्थिति कमजोर होगी। इस समस्या से बचने के लिए सभी भाइयों की शादी एक ही महिला से कर दी जाती है, जिससे संपत्ति संयुक्त रहती है और परिवार आर्थिक रूप से स्थिर बना रहता है।

इस व्यवस्था में विवाह सामान्यतः बड़े भाई से होता है, जो परिवार का मुखिया भी होता है। विवाह के बाद महिला सभी भाइयों की पत्नी मानी जाती है और परिवार सामूहिक रूप से जीवन जीता है। घर और आजीविका से जुड़े निर्णय बड़े भाई द्वारा लिए जाते हैं, जबकि अन्य सदस्य भी समान रूप से जिम्मेदारियां निभाते हैं। बच्चों को किसी एक पिता से नहीं जोड़ा जाता, बल्कि पूरे परिवार की संतान माना जाता है, जिससे पारिवारिक विवाद की संभावना कम हो जाती है। न्यिनबा समुदाय में महिलाएं घर और खेतों का कार्य संभालती हैं, जबकि पुरुष पशुपालन और व्यापार में लगे रहते हैं। जौ, बाजरा और आलू की खेती तथा नमक और ऊन का व्यापार उनकी आजीविका के मुख्य साधन हैं। हालांकि नेपाल सरकार ने 1963 में इस प्रथा पर कानूनी प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन दूरस्थ क्षेत्रों में इसका प्रभाव सीमित रहा है। 1980 के दशक में मानवशास्त्री नैन्सी लेविन ने इस परंपरा का अध्ययन करते हुए इसे केवल सामाजिक कुरीति नहीं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में जीवित रहने की रणनीति बताया। आज भी यह प्रथा वहां के लोगों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनी हुई है।



# बज्जिकांचल की बसेरी कला और कंचन प्रकाश

मानव की प्रारंभिक अभिव्यक्तियों में चित्रांकन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रागैतिहासिक शैलाश्रय चित्र इस बात के सशक्त प्रमाण हैं कि मनुष्य ने अपनी अनुभूतियों, शिकार-जीवन और प्रतीकों को दृश्य रूप में अंकित किया। भाषा, संकेत और मौखिक परंपराओं के समानांतर विकसित होते हुए भी चित्रकला ने सामाजिक-सांस्कृतिक स्मृति के निर्माण में विशिष्ट योगदान दिया। यही परंपरा गुफा-चित्रों से आगे बढ़ते हुए विभिन्न सभ्यताओं में विकसित हुई और आज भी लोकजीवन में जीवित है। भारत के अनेक अंचलों की लोक चित्रकलाएं समकालीन कला परिदृश्य में अपनी सशक्त उपस्थिति बनाए हुए हैं। आधुनिकता के विस्तार के बावजूद लोकचित्रों की प्रतीकात्मकता और सामुदायिक ऊर्जा आज भी आकर्षण का केंद्र है।

इसी सांस्कृतिक विरासत को रेखांकित करती प्रदर्शनी 'बज्जिका आर्टः कंचन प्रकाश और संजू देवी के बीच एक संवाद' का उद्घाटन 11 फरवरी 2026 को दिल्ली स्थित चंपा ट्री आर्ट गैलरी में हुआ। यह पहल आईसीसीआर, म्यूजियम ऑफ सेक्रेड आर्ट (MOSA) और गैलरी के संयुक्त सहयोग से आयोजित की गई। चित्रकार कंचन प्रकाश और सुजनी कढ़ाई कलाकार संजू कुमारी को साथ प्रस्तुत करते हुए यह प्रदर्शनी रंग और धागे के बीच संवाद रचती है। कथात्मक कढ़ाई और समानांतर चित्रित रूपों के माध्यम से यह आयोजन स्त्री सृजनशीलता और बज्जिका अंचल की जीवित परंपराओं को सामने लाता है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक







बज्जिकांचल की जिस बसेरी (या बंसेरी/देव-सिंगार) लोककला को यहां प्रमुखता दी गई, वह मिथिला या मंजूषा की तरह व्यापक पहचान नहीं पा सकी है। बज्जिका के विद्वान उदय नारायण सिंह के अनुसार बसेरी कला कभी इस अंचल की सांस्कृतिक पहचान थी, जो आधुनिकता की चकाचौंध में धूमिल पड़ रही है। फिर भी कुछ कला अनुरागी इसे जीवित रखे हुए हैं। इस परंपरा को संजोने में चुल्हिया देवी, वासमती देवी, इंदिरा देवी और कृति देवी जैसी महिला कलाकारों का उल्लेखनीय योगदान रहा है।

बसेरी कला मूलतः विवाह-परंपराओं से जुड़ी भित्ति-चित्रकला है। बज्जिकांचल, जिसमें बिहार के मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, शिवहर और वैशाली जिले शामिल हैं, में यह विश्वास है कि विवाह के समय बांस-पूजन से वंश-वृद्धि और समृद्धि होती है। विवाह से पूर्व 'मटकोर' नामक रस्म के अवसर पर घर की बाहरी दीवारों को गोबर-मिट्टी से लीपकर उन पर बांस, पशु-पक्षी, फूल-पत्तियों और मंगल प्रतीकों का अंकन किया जाता है। कुछ स्थानों पर इस कार्य में नाई जाति की स्त्रियों की भी सहभागिता होती है।

मटकोर बिहार के ग्रामीण हिंदू विवाह संस्कारों की एक प्राचीन रस्म है। विवाह से एक-दो दिन पूर्व महिलाएं तालाब या खेत से मंगलगीत गाते हुए शुद्ध मिट्टी लाती हैं, जिससे मंडप (मड़वा) की वेदी तैयार की जाती है। यह मिट्टी धरती माता के आशीर्वाद, उर्वरता और नवजीवन का प्रतीक मानी जाती है। इसी क्रम में बांस के झुरमुट पर जाकर उसकी पूजा की जाती है। रोली, हल्दी, अक्षत और दीप अर्पित कर बांस देवता से अनुमति ली जाती है, तभी चयनित बांस काटा जाता है। बांस स्थायित्व, लचक और वंश वृद्धि का प्रतीक है।

बसेरी चित्र इन्हीं सांस्कृतिक मान्यताओं से प्रेरित होते हैं। दीवारों पर लंबवत बांस-आकृतियां, पत्तियां, चिड़ियां, लताएं और कभी-कभी सूर्य या कलश जैसे प्रतीक अंकित किए जाते हैं। रंगों में गेरुआ, हरा, पीला और नीला प्रमुख होते हैं। रेखांकन सरल, सजावटी और प्रतीकात्मक होता है। यह स्त्रियों की सामूहिक सांस्कृतिक अभिव्यक्ति है, जो विवाह को प्रकृति और समुदाय से जोड़ती है।

राज्य पुरस्कार और भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की सीनियर फेलोशिप से सम्मानित कंचन प्रकाश ने इस दीवार-कला को कागज और कैनवास पर रूपांतरित कर नई पहचान दी है। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के कला संकाय से शिक्षित कंचन आधुनिक और समकालीन कला-भाषा से परिचित होते हुए भी अपने अंचल की परंपरा को संरक्षित और संवर्धित करने में सक्रिय हैं। उनके प्रयासों से यह विलुप्तप्राय कला राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय मंचों तक पहुंच रही है।

वस्तुतः बसेरी कला केवल एक लोकचित्र परंपरा नहीं, बल्कि प्रकृति-सम्मान, स्त्री-सृजन और सामुदायिक एकता का जीवंत सांस्कृतिक दस्तावेज है। इसके संरक्षण और संवर्धन के प्रयास निरंतर जारी रहें, यही अपेक्षा है।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 76,886.91 | 23,995.70 |
| गिरावट | 416.72 | 97.00 |
| प्रतिशत में | 0.54 | 0.40 |

सोना 1,54,300 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,44,000 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, बुधवार, 29 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### इन्फोसिस, एक्सेंचर भारत में करियर के लिए शीर्ष कंपनियां

**नयी दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस भारत में करियर विकास के लिए शीर्ष कंपनी बनकर उभरी है। इसके बाद एक्सेंचर और अमेजन का स्थान है। यह जानकारी मंगलवार को जारी लिंक्डइन की '2026 शीर्ष कंपनियां' सूची में दी गई है। वार्षिक सूची का यह 10वां संस्करण है, जिसमें 25 बड़ी कंपनियों को शामिल किया गया है। इस सूची में प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों, वैश्विक सलाहकार फर्मों और वित्तीय दिग्गजों का दबदबा है। जेपी मॉर्गन चेस और एसएपी ने क्रमशः चौथा और पांचवां स्थान हासिल किया है। वर्ष 2026 की इस सूची में दस नई कंपनियों ने प्रवेश किया है।

### मदर डेयरी की 30 नये उत्पादों की घोषणा

**नयी दिल्ली।** मदर डेयरी ने इस बार गर्मी के सीजन में 30 से अधिक नये उत्पाद बाजार में उतारने की मंगलवार को घोषणा की और कहा कि इससे उसके प्रमुख श्रेणियों में कारोबार 30 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इन मूल्य-वर्द्धित उत्पादों को पूरे सीजन के दौरान चरणबद्ध तरीके से बाजार में उतारा जायेगा। इंडल्जेंस, सेहत, सुविधा और क्षेत्रीय पसंद जैसे प्रमुख पहलुओं पर आधारित ये उत्पाद हर उम्र के उपभोक्ताओं और बदलती जीवनशैली के लिए विविध और आकर्षक विकल्प पेश करते हैं। आइसक्रीम सेगमेंट में ब्रांड लगभग 20 नये उत्पाद ला रहा है।

### विशाखापत्तनम में गूगल डेटा सेंटर का शिलान्यास

**तारलुवाड़ा (आंध्र प्रदेश)।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत की बढ़ती डिजिटल क्षमता का उल्लेख करते हुए मंगलवार को कहा कि 15 अरब डॉलर के आगामी गूगल एआई डेटा सेंटर के साथ विशाखापत्तनम कृत्रिम मेधा (एआई) केंद्र के रूप में उभरेगा। विशाखापत्तनम के तारलुवाड़ा में 'गूगल क्लाउड इंडिया एआई डेटा सेंटर' के शिलान्यास समारोह में उन्होंने कहा कि यह पहल भारत के एआई आधारित डिजिटल ढांचे को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह परियोजना अदाणी कॉनेक्स और एयरटेल नेक्सट्रा के साथ साझेदारी में विकसित की जा रही है।

### मारुति सुजुकी का शुद्ध लाभ 6.45 प्रतिशत घटा

**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 6.45 प्रतिशत घटकर 3,659 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में उसे 3,911.1 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था। कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार यह सूचना दी।

# कच्चे तेल में उछाल से सहमा शेयर बाजार, सेंसेक्स 417 अंक फिसला

## बैंक, वित्तीय एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में गिरावट से भी नुकसान में रहे सूचकांक

**मुंबई, एजेंसी**




**ब्रेंट क्रूड 2.97 % उछलकर 111.4 डॉलर प्रति बैरल**

**नुकसान में रहे शेयर :-** एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक, इंटरग्लोब एविएशन, मारुति सुजुकी, भारतीय स्टेट बैंक और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

**बढ़त के साथ बंद हुए :-** रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा और सन फार्मा।

कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेज उछाल और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव में मंगलवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही। सेंसेक्स 417 अंकों के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी 97 अंक गिरकर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि मुख्य रूप से बैंक, वित्तीय एवं वाहन कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट से मानक सूचकांक नुकसान में रहे।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 416.72 अंक यानी 0.54 प्रतिशत गिरकर 76,886.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 562.57 अंक तक लुढ़ककर 76,741.06 तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 97 अंक यानी 0.40 प्रतिशत गिरकर 23,995.70 अंक पर बंद हुआ।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर अनिश्चितता के जारी रहने से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया और निवेशकों की धारणा पर असर पड़ा। इसके अलावा नियामकीय प्रावधानों के कारण बैंकों के शेयर भी दबाव में रहे।

बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,257 कंपनियों के शेयर गिरकर बंद हुए जबकि 1,998 कंपनियों में तेजी रही और 172 अन्य अपरिवर्तित रहे।

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट में रहे, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बढ़त के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में सकारात्मक रुख देखने को मिला जबकि अमेरिकी बाजार सोमवार को स्थिर बंद हुए थे। इससे पहले, सोमवार को सेंसेक्स 639.42 अंक चढ़कर 77,303.63 और निफ्टी 194.75 अंक बढ़कर 24,092.70 पर बंद हुआ था।

### मिडकैप में 0.27 प्रतिशत की गिरावट

बीएसई स्मालकैप सूचकांक 0.42 प्रतिशत की बढ़त पर रहा जबकि मझोली कंपनियों का मिडकैप सूचकांक 0.27% की गिरावट में रहा। क्षेत्रवार सूचकांकों में पीएसयू बैंक खंड में सर्वाधिक 2.20 प्रतिशत की सुस्ती रही जबकि बैंकेक्स 1.61 प्रतिशत गिर गया। निजी बैंकों के खंड में 1.23 प्रतिशत और वाहन खंड में 0.98 प्रतिशत की गिरावट रही।

- वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड करीब 2.97 प्रतिशत उछलकर 111.4 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।
- विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 1,151.48 करोड़ रुपये के शेयरों की बिकवाली की।

### एक्सपर्ट्स की राय

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख (संपत्ति प्रबंधन) सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि आरबीआई ने बैंकों के लिए 'प्रत्याशित ऋण ह्रास' (ईसीएल) ढांचे को अप्रैल 2027 से लागू करने को अंतिम रूप दे दिया है। इस बदलाव के कारण निकट अवधि में बैंकों की वित्तीय प्रावधान की जरूरत बढ़ सकती है।

एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों का 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाना, रुपये का 94.5 के ऊपर चले जाना और एफआईआई की लगातार निकासी से भारतीय बाजार पर दबाव बना हुआ है।

**कैपिटल सब्सिडी और एसजीएसटी रिइम्बर्समेंट से निवेश लागत में बड़ी राहत**

# गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे उद्योग लगाने पर खर्च होगा कम

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**




**अमृत विचारः** औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति 2022 के तहत गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित हो रहे इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर्स (आईएमएलसी) में निवेश करने वाले उद्योगों को एलिजिबल कैपिटल इनवेस्टमेंट (ईसीआई) पर 42% तक कैपिटल सब्सिडी और 100% नेट एसजीएसटी रिइम्बर्समेंट (ईसीआई के 300% तक) की सुविधा से निवेश लागत में बड़ी राहत दे रही है। आईएमएलसी अब देश के प्रमुख औद्योगिक हब के रूप में उभर रहे हैं।

सरकार द्वारा दी जा रही बहुस्तरीय सब्सिडी, टैक्स छूट और आसान प्रक्रियाओं ने इसे निवेशकों के लिए 'हाई-इंसेंटिव कॉरिडोर' बना दिया है। सरकार ने विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए विशेष प्रावधान किए हैं। सरकारी भूमि पर 80% तक फ्रंट-एंड लैंड सब्सिडी और 35% तक कैपिटल सब्सिडी का लाभ दिया जा रहा है।

इसके अलावा, आईएमएलसी में स्थापित इकाइयों को भूमि पंजीकरण पर 100% स्टाम्प ड्यूटी छूट मिलती है, जिससे उद्योग स्थापना आसान और किफायती हो जाती है। औद्योगिक विकास को गति देने के लिए ऊर्जा और नवाचार पर विशेष जोर दिया गया है।

एफडीआई और फॉर्च्यून ग्लोबल 500 कंपनियों को 5 वर्षों तक 100% बिजली शुल्क (इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी) में छूट दी जा रही है। ग्रीन इंडस्ट्री को प्रोत्साहित करने के लिए 50% तक (अधिकतम 2.5 करोड़) का इंसेंटिव दिया जा रहा है, जबकि रिसर्च एवं डेवलपमेंट के लिए 10 करोड़ तक का अनुदान उपलब्ध है।

### 'निवेश मित्र' से आसान और पारदर्शी प्रक्रिया

निवेश प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए निवेश मित्र सिंगल विंडो पोर्टल को सशक्त किया गया है। इस प्लेटफॉर्म पर 500 से अधिक सेवाएं उपलब्ध हैं, जिनमें भूमि आवंटन, स्वीकृति और इंसेंटिव ट्रैकिंग शामिल है। इससे निवेशकों को अलग-अलग विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते और समय की बचत होती है।

- एफडीआई, भूमि और स्टाम्प ड्यूटी में विशेष रियायतें, पावर, ग्रीन और आरएंडडी इंसेंटिव से इंडस्ट्री को बढ़ावा

### बढ़ेगी प्रतिस्पर्धा

आईएमएलसी में स्थापित उद्योगों को केंद्र सरकार की पीएलआई योजना के साथ 30% तक अतिरिक्त टॉप-अप दिया जा रहा है। इससे मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त मिलती है और बड़े निवेश आकर्षित होते हैं। सरकार का लक्ष्य है कि गंगा एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित ये औद्योगिक क्लस्टर न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि पूरे देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

# निर्यात होगा 25 लाख टन गेहूं, अधिसूचना जारी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य मंत्रालय की इकाई डीजीएफटी ने 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति देने के सरकार के फैसले को अधिसूचित कर दिया है। केंद्र ने 20 अप्रैल को एक और अच्छी फसल की संभावना के बीच भंडार की आरामदायक स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति दी थी।

इसके साथ ही अब कुल 50 लाख टन गेहूं और 10 लाख टन गेहूं उत्पादों के निर्यात की अनुमति मिल गई है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि गेहूं की निर्यात नीति प्रतिबंधित बनी रहेगी। हालांकि, अतिरिक्त 25 लाख टन गेहूं के निर्यात की अनुमति है।

इसमें कहा गया कि इसके लिए विस्तृत तौर-तरीकों को एक अलग आदेश के माध्यम से अधिसूचित किया जाएगा। अधिसूचना में कहा गया कि इसके अलावा 13 मई, 2022 की डीजीएफटी की अधिसूचना में उल्लेखित मौजूदा नीतिगत स्थिति लागू रहेगी, जिसमें भारत सरकार द्वारा अन्य देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए दी गई अनुमति और उनकी सरकारों के अनुरोध के आधार पर भी निर्यात की अनुमति दी जाएगी। यह मात्रा उक्त 25 लाख टन गेहूं निर्यात की अनुमति के अतिरिक्त होगी। कृषि मंत्रालय के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार फसल वर्ष 2025-26 (जुलाई-जून) के लिए देश का गेहूं उत्पादन 12.02 करोड़ टन रहने का अनुमान है।



- **फसली वर्ष 2025-26 में देश में गेहूं का उत्पादन 12 करोड़ टन रहने का अनुमान**

## रुपया 53 पैसे टूटकर 94.68 प्रति डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसी।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को 53 पैसे टूटकर 94.68 पर बंद हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमत और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के कारण निवेशकों का भरोसा कम होने से रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा है कि चालू खाते के घाटे (सीएडी) में संभावित वृद्धि और अस्थिर पूंजी प्रवाह के कारण भी रुपये में तेज गिरावट आई है।

इसके अलावा, विदेशी निवेशकों द्वारा निरंतर निकासी से रुपये पर दबाव पड़ा है। इस साल अब तक विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से 19 अरब डॉलर से अधिक की निकासी की है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.35 पर खुला और कारोबार के अंत में यह 94.68 पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 53 पैसे की गिरावट है।

# एटीएफ कीमतों पर जल्द राहत दे सरकार

**मुंबई, एजेंसी**

देश की प्रमुख विमानन कंपनियों ने एटीएफ कीमतों की वजह से विमानन उद्योग के 'अत्यधिक दबाव' में होने का जिक्र करते हुए कहा है कि तत्काल राहत नहीं दिए जाने पर संचालन ठप होने की भी स्थिति बन सकती है।

फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एफआईए) ने नागर विमानन मंत्रालय को पत्र लिखकर विमानन ईंधन (एटीएफ) की कीमतों, करों में राहत और घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए समान मूल्य निर्धारण व्यवस्था की बहाली की मांग की है।

एयर इंडिया, इंडिगो और स्पाइसजेट की भागीदारी वाले इस संगठन ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई है, जबकि कई क्षेत्रों में हवाई क्षेत्र पाबंदियों ने परिचालन लागत और बढ़ा दी है। विमानन कंपनियों के कुल परिचालन खर्च का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा एटीएफ का ही होता है। एफआईए ने 26 अप्रैल को लिखे पत्र में कहा कि किसी भी प्रकार के तदर्थ मूल्य निर्धारण (घरेलू और अंतरराष्ट्रीय के बीच) या एटीएफ की कीमतों में अनुचित वृद्धि से एयरलाइंस को भारी नुकसान होगा और विमान खड़ा करने की नौबत आ सकती है, जिससे उड़ानें रद्द करनी पड़ेंगी।

एयरलाइंस ने एटीएफ पर 11 प्रतिशत उत्पाद शुल्क को अस्थायी रूप से स्थगित करने की भी मांग की है। उनका कहना है कि ईंधन की बढ़ी कीमतों और रुपये में गिरावट के कारण लागत और अधिक बढ़ गई है। एयरलाइंस संगठन के मुताबिक, सरकार ने पिछले महीने घरेलू उड़ानों के लिए एटीएफ कीमतों में बढ़ोतरी को 15 रुपये प्रति लीटर तक सीमित किया था, लेकिन अंतरराष्ट्रीय परिचालन के लिए कीमतों में 73 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हो गई। इससे वैश्विक उड़ानों पर गंभीर असर पड़ा है और अप्रैल में भारी नुकसान हुआ है।

एयरलाइंस ने चेतावनी दी है कि मौजूदा मूल्य ढांचा यदि जारी रहा तो घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानों का संचालन असंभव हो जाएगा और उद्योग गंभीर संकट में पहुंच सकता है।



- **एयरलाइन संगठन ने पत्र लिखकर सरकार से की मांग**

### विस चुनाव बाद नहीं बढ़ेंगी पेट्रोल, डीजल की कीमतें : सरकार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि सरकार की पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने 29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल में मतदान समाप्त होने के बाद कीमतों में बढ़ोतरी की अटकलों को खारिज किया। पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में रिकॉर्ड चौथे साल भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण पिछले दो महीनों में कच्चा तेल 50 प्रतिशत से अधिक महंगा हो गया है। लागत और बिक्री मूल्य के बीच बढ़ते अंतर के कारण सरकारी तेल कंपनियों को भारी नुकसान हो रहा है। कुछ अनुमानों के अनुसार यह दैनिक नुकसान लगभग 2,400 करोड़ रुपये है। इसी कारण अटकलें लगाई जा रही थीं कि असम, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव बुधवार को संपन्न होने के बाद कीमतों में तत्काल बढ़ोतरी हो सकती है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# निर्वाचन आयोग ने एनआईए से कहा देसी बमों का उपयोग रोका जाए

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के मतदान से पहले राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि शरारती तत्व मतदान में बाधा डालने और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने के लिए बमों का इस्तेमाल न कर पाएं।

आयोग के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह निर्देश चुनावी राज्य में देसी बमों की बरामदगी और एक हल्के विस्फोट की रिपोर्ट के बाद आया है। राज्य में पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को हुआ था, जबकि दूसरे एवं अंतिम चरण का मतदान बुधवार को होगा।

अधिकारियों ने कहा कि आयोग पश्चिम बंगाल में मतदान के दिन या चुनाव के बाद की हिंसा को रोकने के लिए सख्त कदम उठा रहा है। निर्वाचन आयोग का यह निर्देश तब आया जब पुलिस ने 26 अप्रैल को दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ में एक व्यक्ति के घर से बड़ी संख्या में देसी बम बरामद किए, जो बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का कथित कार्यकर्ता है। यह घटना राज्य में विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण से कुछ दिन पहले हुई।

बाद में केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर एनआईए ने राज्य में 79 देसी बमों की बरामदगी की जांच के लिए एक मामला दर्ज किया।

एनआईए के प्रवक्ता ने बीते रविवार को कहा था कि आतंकवाद रोधी एजेंसी ने आज एक मामला दर्ज किया, जो मूल रूप से शनिवार को कोलकाता के भांगड़ संभाग के उत्तर काशी पुलिस थाना में दर्ज किया गया था, और जांच शुरू कर दी है।



कोलकाता के भवानीपुर में 29 अप्रैल को होने वाल मतदान से पूर्व केंद्रीय सुरक्षा बलों की उच्च स्तरीय गश्त जारी है। ● अमृत विचार

# न्यायाधिकरण से मंजूरी प्राप्त 1,468 मतदाता बंगाल चुनाव के दूसरे चरण में कर सकेंगे मतदान : अधिकारी

**कोलकाता, एजेंसी**

एसआईआर से जुड़े न्यायाधिकरण के आदेशों के बाद पश्चिम बंगाल की मतदाता सूची में कुल 1,468 लोगों का नाम जोड़ा गया है, जो 29 अप्रैल को विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग के अनुसार, जिन मतदाताओं के नाम पूरक मतदाता सूची में हैं, वे आयोग की वेबसाइट पर अपना मतदाता पहचान पत्र क्रमांक दर्ज करके अपने विवरण की जांच कर सकते हैं। निर्वाचन आयोग के अधिकारी ने बताया कि जिन मतदाताओं की अपीलों का निपटारा अपीलीय न्यायाधिकरणों द्वारा 27 अप्रैल तक कर दिया गया था, उन्हें एक पूरक मतदाता सूची में शामिल किया गया है, और वे दूसरे चरण में मतदान कर सकेंगे। दूसरे चरण में मतदान पश्चिम बंगाल के सात जिलों में फैले 142 निर्वाचन क्षेत्रों में होगा।

**... चलें बूथ की ओर**



पश्चिम बंगाल : अंतिम चरण के मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना हो गयीं। हावड़ा के बागनान स्थित डीसीआरसी केंद्र से ईवीएम-चुनाव सामग्री लेकर निकलतीं मतदान कर्मी। ● **फोटो :** शुभंकर चक्रवर्ती

# आम जनता बनाम ममता की लड़ाई बन गया है पश्चिम बंगाल चुनाव : समिक भट्टाचार्या

**कोलकाता, एजेंसी**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के अध्यक्ष समिक भट्टाचार्या ने तृणमूल कांग्रेस को 'जीवित अवशेष' मात्र बताते हुए कहा है कि यह चुनाव 'आम जनता बनाम ममता' की लड़ाई बन चुका है। पश्चिम बंगाल चुनाव के पहले चरण में हुए भारी मतदान को अभूतपूर्व बताते हुए श्री भट्टाचार्या ने कहा कि 93.19 प्रतिशत मतदान इस बात का साफ इशारा है कि ममता बनर्जी अब सत्ता से जा रही हैं। श्री भट्टाचार्या ने बातचीत में कहा कि ममता बनर्जी की विदाई तय है। इतनी बड़ी संख्या में हुआ मतदान सत्ता विरोधी लहर को दिखाता है। यही माहौल चुनाव के दूसरे चरण में भी बना रहेगा। हमें भरोसा है कि हम बंगाल में बड़ी जीत हासिल करेंगे और चार मई को सरकार बनाएंगे। पश्चिम बंगाल में दो चरणों के विधानसभा चुनाव के तहत पहले चरण का मतदान 23 अप्रैल को हुआ था और दूसरे चरण की वोटिंग बुधवार को होगी और नतीजों की घोषणा चार मई को की जाएगी। घुसपैठियों पर उन्होंने कहा कि राज्य के कई सीमावर्ती जिलों की आबादी और संरचना में अब तक बहुत बड़ा बदलाव आ चुका है। पश्चिम बंगाल की बांग्लादेश के साथ लगभग 2,216 किलोमीटर लंबी सीमा लगती है, जो किसी भी भारतीय राज्य की सबसे लंबी अंतरराष्ट्रीय थल और नदी सीमा है। श्री भट्टाचार्या ने आरोप लगाया कि बंगाल के सीमावर्ती जिलों की पूरी जनसांख्यिकी बदल गई है। इसमें कोई शक नहीं है कि तृणमूल ने सिर्फ वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों को बढ़ावा दिया और देश की सुरक्षा को खतरे में डाला है।

# उपद्रवियों पर कार्रवाई को लेकर चुनाव आयोग के खिलाफ याचिका दायर

**कोलकाता, एजेंसी**

- **तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं करने का लगाया आरोप**

कलकत्ता उच्च न्यायालय में मंगलवार को एक याचिका दायर की गई, जिसमें आरोप लगाया गया है कि निर्वाचन आयोग पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के मद्देनजर उपद्रवियों के खिलाफ कार्रवाई के सिलसिले में उसकी तरफ से जारी आदेश पर अमल नहीं कर रहा है।

उच्च न्यायालय ने 22 अप्रैल को आयोग की ओर से नियुक्त पुलिस पर्यवेक्षक के उस आदेश पर रोक लगा दी थी, जिसमें कुछ नागरिकों को उपद्रवी करार दिया गया था और संबंधित अधिकारियों को उनके खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था।

तृणमूल कांग्रेस के सांसद एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने मुख्य न्यायाधीश सुजॉय पॉल की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष दायर याचिका में दावा किया कि आयोग ने लगभग 350 लोगों की एक नयी सूची तैयार की है, जिनके खिलाफ कार्रवाई की जानी है। इस खंडपीठ में न्यायमूर्ति पार्थ सारथी सेन भी शामिल हैं। याचिका में बनर्जी ने आरोप लगाया कि उच्च न्यायालय ने आदेश के कार्यान्वयन पर 30 जून तक रोक लगा दी थी, लेकिन निर्वाचन आयोग इसका पालन नहीं कर रहा है। खंडपीठ ने बनर्जी के मुवक्किल को उनकी तरफ से मौखिक रूप से किए गए अनुरोध पर अवमानना याचिका दायर करने की अनुमति दे दी।

हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया था कि यह आदेश नागरिक/पुलिस अधिकारियों को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), जनप्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 या किसी अन्य दंड संहिता के तहत अपराध करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने से नहीं रोकेगा।

# वह 'सिंघम' हैं, तो मैं 'पुष्पा' हूं: तृणमूल नेता

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले की फाल्टा विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार जहांगीर खान ने निर्वाचन आयोग की ओर से पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के उत्तर प्रदेश कैडर के अधिकारी अजय पाल शर्मा के क्षेत्र का दौरा करने पर मंगलवार को आपत्ति जताई। खान ने कहा कि अगर शर्मा सिंघम हैं, तो वह पुष्पा हैं और पार्टी कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने शर्मा पर पश्चिम बंगाल में दूसरे चरण के विधानसभा चुनाव के लिए 29 अप्रैल को होने वाले मतदान से पहले पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने का आरोप लगाते हुए फाल्टा में उनके खिलाफ प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने बताया कि शर्मा को तृणमूल समर्थकों के विरोध का सामना करना पड़ा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पहले चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार के चयन मंडल में भारतवंशी

**लंदन।** पहले चिल्ड्रन बुकर पुरस्कार 2027 के चयन मंडल की मंगलवार को घोषणा की गई, जिसमें उत्तरी लंदन में बच्चों की किताब दुकान चलाने वाली एक भारतवंशी विक्रेता को भी शामिल किया गया है। मसवेल हिल स्थित पुरस्कृत ''बच्चों की किताब दुकान'' की मालिक संचिता बसु डे सरकार लेखक फ्रैंक कॉटरेल-बॉयस और अभिनेत्री लॉली एडेफोपे के साथ मिलकर आठ से बारह वर्ष की आयु के बच्चों के लिए समकालीन सर्वश्रेष्ठ कथा साहित्य का चयन करेंगी। वार्षिक बुकर पुरस्कार की तरह ही बच्चों के लिए इस साहित्यिक पुरस्कार के विजेता को 50,000 पाउंड की राशि दी जाएगी और अंतिम सूची में चयनित लेखकों को 2,500 पाउंड मिलेंगे।

### एस-400 मिसाइल प्रणाली की चौथी इकाई अगले महीने मिलेगी

**नई दिल्ली।** भारत को सतह से हवा में मार करने वाली एस-400 ट्रायम्फ मिसाइल प्रणाली की चौथी इकाई रूस से अगले महीने के पहले हिस्से में प्राप्त होने की उम्मीद है। इससे भारतीय वायुसेना के वायु रक्षा तंत्र को और मजबूती मिलेगी। सुरक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों के मुताबिक अक्टूबर 2018 में भारत ने पांच मिसाइल प्रणालियां खरीदने के लिए रूस के साथ 5 अरब अमेरिकी डॉलर का एक समझौता किया था और इनमें से तीन की आपूर्ति पहले ही की जा चुकी है। मिसाइल प्रणाली की आपूर्ति के लिए संशोधित समयसीमा के अनुसार, पांचवीं इकाई नवंबर तक सुपुर्द कर दी जाएगी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एस-400 मिसाइल प्रणालियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### भ्रष्टाचार मामले में शहबाज की बेटी-दामाद को मिली जमानत

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अदालत ने मंगलवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की बेटी राबिया इमरान और उनके पति इमरान यूसुफ को भ्रष्टाचार और धनशोधन के एक बड़े मामले में जमानत दे दी। न्यायाधीश अशफाक अहमद ने दंपति की जमानत याचिकाएं मंजूर कर लीं और संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) को सात मई तक उन्हें गिरफ्तार करने से रोक दिया। अदालत के एक अधिकारी ने कहा, लाहौर की विशेष अदालत ने प्रधानमंत्री शहबाज की बेटी राबिया इमरान और उनके पति इमरान यूसुफ को भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामले में सात मई तक अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी है।

# ट्रंप को झटका, न्यूयॉर्क में एनपीटी समीक्षा सम्मेलन में ईरान को चुना गया उपाध्यक्ष

## गुट निरपेक्ष आंदोलन के समर्थन से हुआ चयन, अमेरिका ने बताया शर्मनाक और अपमानजनक

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**

एक महत्वपूर्ण कूटनीतिक घटनाक्रम में ईरान को न्यूयॉर्क में चल रहे परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) समीक्षा सम्मेलन का उपाध्यक्ष चुना गया है। इसे अमेरिका के लिए जहां बड़ा झटका माना जा रहा है, वहीं ईरान ने इसे परमाणु हथियार मुक्त दुनिया के लिए अपने प्रयासों की जीत बताया है। हालांकि संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था अंतरराष्ट्रीय परमाणु उर्जा एजेंसी (आईएईए) का कहना है कि ईरान लगातार परमाणु अप्रसार संधि के नियमों का उल्लंघन कर रहा है।

वियना में ईरानी मिशन ने एक बयान में कहा कि यह चुनाव वैश्विक स्तर पर परमाणु हथियारों को खत्म करने के लिए ईरान की भूमिका और वकालत का सम्मान है। ईरान ने अपना पुराना नारा दोहराते हुए कहा, परमाणु ऊर्जा सभी के लिए, लेकिन परमाणु हथियार किसी के लिए नहीं। ईरान ने अपने दावे में यह भी कहा कि उनके यहां परमाणु हथियारों पर धार्मिक रूप से पाबंदी है। इसके लिए उन्होंने अपने दिवंगत सर्वोच्च नेता के उस फतवे का हवाला दिया जिसमें इन हथियारों के इस्तेमाल पर रोक लगाई गई है। गौरतलब है कि पिछले साल आईएईए के 35 सदस्यीय बोर्ड ने एक प्रस्ताव पारित किया था, जिसमें 2005 के बाद पहली बार आधिकारिक रूप से कहा गया था कि ईरान परमाणु नियमों का पालन नहीं कर रहा है। परमाणु एजेंसी का आरोप है कि ईरान ने कई संदिग्ध ठिकानों पर अघोषित परमाणु सामग्री और गतिविधियों के बारे में जानबूझकर जानकारी नहीं दी है।

एनपीटी समीक्षा सम्मेलन में 34 उपाध्यक्ष होते हैं। ईरान उपाध्यक्ष के रूप में सम्मेलन की सामान्य समिति का हिस्सा बन गया है, जो सम्मेलन के संचालन और एजेंडे को व्यवस्थित करने में मदद करती है। ईरान के लिए यह नियुक्ति उसकी परमाणु नीति और परमाणु हथियारों से मुक्त दुनिया के लिए उसकी वकालत की वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता के रूप में देखी जा रही है। ईरान का चुनाव गुटनिरपेक्ष आंदोलन जो 121 विकासशील देशों का समूह है, की ओर से नामांकन के आधार पर हुआ है। यह दर्शाता है कि कई विकासशील देश शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा के अधिकार और परमाणु निरस्त्रीकरण के मुद्दे पर ईरान के साथ खड़े हैं।


न्यूयॉर्क में सोमवार को शुरू हुआ परमाण अप्रसार संधि सम्मेलन।

### अमेरिका समेत पश्चिमी देशों ने किया कड़ा विरोध

इस चुनाव का अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देशों ने कड़ा विरोध किया है। अमेरिका ने इसे शर्मनाक और सम्मेलन की विश्वसनीयता के लिए अपमानजनक बताया है, उसका आरोप है कि ईरान अपनी परमाणु प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन कर रहा है। उपाध्यक्ष के रूप में ईरान प्रक्रियात्मक भूमिका में आ गया है, यह ईरान को वैश्विक परमाणु नीतियों पर चर्चा के दौरान अपनी बात प्रभावी ढंग से रखने का एक बड़ा मंच प्रदान करेगी।

### परमाणु हथियारों के विनाशकारी परिणामों को भूल रही है दुनिया : गुटेरस

- कहा- दुनिया में हो रही है परमाणु हथियारों में चिंताजनक बढ़ोतरी

सम्मेलन के दौरान संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने दुनिया को आगाह करते हुए कहा कि देश परमाणु हथियारों के विनाशकारी परिणामों को भूलते जा रहे हैं और दुनिया भूलने की खतरनाक बीमारी की चपेट में है। गुटरेस ने याद दिलाया कि परमाणु निरस्त्रीकरण की कोशिशें 1946 से ही शुरू हो गई थीं, लेकिन अब दशकों की मेहनत पर पानी फिरता दिख रहा है। परमाणु हथियारों की धमकियां फिर से सुनाई देने लगी हैं, देशों के बीच अविश्वास बढ़ रहा है और हथियार नियंत्रण की नीतियां दम तोड़ रही हैं। गुटेरेस ने कहा कि पिछले साल दुनिया भर में सैन्य खर्च बढ़कर 2.7 ट्रिलियन डॉलर हो गया। इसके साथ ही दशकों बाद पहली बार परमाणु हथियारों की संख्या में भी चिंताजनक बढ़ोतरी देखी गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि परमाणु परीक्षणों को लेकर फिर से चर्चा शुरू होना और नए देशों द्वारा परमाणु हथियार पाने की कोशिश करना एक बड़ा खतरा है। गुटेरेस ने कहा, अतीत में दुनिया केवल इसलिए बची रही क्योंकि नेताओं ने संयम दिखाया। उन्होंने जोर दिया कि परमाणु युद्ध कभी जीता नहीं जा सकता और इसे कभी लड़ा भी नहीं जाना चाहिए।

# होर्मुज में सुरक्षित आवागमन बहाल होना चाहिए : भारत

**न्यूयॉर्क, एजेंसी**



- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हुई बहस में जहाजों पर हमलों की निंदा की
- कहा- ऐसे हमले वैश्विक शांति और ऊर्जा सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की खुली बहस में भारत ने सोमवार को होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित एवं निर्बाध समुद्री आवागमन को तत्काल बहाल करने का आह्वान किया और चेतावनी दी कि इस महत्वपूर्ण जलमार्ग में वाणिज्यिक जहाजों पर हाल ही में हुए हमले वैश्विक शांति, ऊर्जा सुरक्षा एवं आर्थिक स्थिरता के लिए खतरा हैं।

अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के एजेंडे के अंतर्गत समुद्री क्षेत्र में जलमार्गों की सुरक्षा एवं संरक्षण पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की उच्च स्तरीय खुली बहस में भारतीय प्रतिनिधि योजना पटेल ने जोर दिया कि महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों की सुरक्षा वैश्विक व्यापार एवं स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। जलमार्गों की सुरक्षा के लिए नए सिरे से अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आह्वान करते हुए पटेल ने कहा कि ऐसी घटनाएं अस्वीकार्य हैं और इनके परिणामस्वरूप पहले ही भारतीय नाविकों की जान जा चुकी है। उन्होंने कहा कि होर्मुज जैसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापार का एक बड़ा हिस्सा वहन करते हैं और किसी भी व्यवधान के अंतरराष्ट्रीय स्थिरता के लिए दूरगामी परिणाम होते हैं।

पटेल ने कहा कि महत्वपूर्ण जलमार्गों पर नौवहन की स्वतंत्रता का अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार पूरी तरह सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने सुरक्षित एवं निर्बाध समुद्री मार्ग की तत्काल बहाली का आग्रह किया। भारत ने एक स्वतंत्र समुद्री व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### रूस ने कहा- ईरान को होर्मुज पर अपना नियंत्रण रखने का पूरा अधिकार

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वसीली नेबेंजिया ने जोर देकर कहा है कि जंग के समय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए ईरान के पास होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन को विनियमित और प्रतिबंधित करने का अधिकार सुरक्षित है। नेबेंजिया ने सोमवार को इस मसले पर बोलते हुए सारा इल्जाम ईरान पर मढ़ने की कोशिशों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, पूरी जिम्मेदारी ईरान पर डालने की कोशिश की गई, मानो ईरान ने ही अपने पड़ोसियों पर हमला किया हो। होर्मुज में ईरान के कदम का बचाव करते हुए उन्होंने कहा युद्ध की स्थिति में खतरे का सामना कर रहे किसी भी तटीय देश के पास अपनी सुरक्षा के लिए अपने क्षेत्रीय जल क्षेत्र के भीतर आवाजाही को सीमित करने का अधिकार होता है। रूसी दूत ने पश्चिमी देशों पर दोहरे मानदंड अपनाने का भी आरोप लगाया।

# राजीव गांधी हत्या मामले के दोषी ने वकील के रूप में पंजीकरण कराया

**चेन्नई।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हत्याकांड के दोषियों में से एक एजी पेरारिवलन ने अपना नाम तमिलनाडु और पुडुचेरी बार एसोसिएशन में वकील के रूप में पंजीकृत कराया है।

पेरारिवलन को इस मामले में आजीवन कारावास की सजा हुई थी लेकिन उसे 2022 में रिहा कर दिया गया था। पेरारिवलन (54) का वकील के तौर पर पंजीकरण 27 अप्रैल को हुआ। वह मद्रास हाईकोर्ट में वकील के तौर पर काम करेगा और कैदियों को कानूनी सहायता प्रदान करने पर जोर देगा। पेरारिवलन को सोमवार को औपचारिक रूप से बार एसोसिएशन में शामिल किया गया। मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी समारोह में उपस्थित थे। तमिलनाडु और पुडुचेरी बार काउंसिल के अध्यक्ष पी एस अमलराज और उपाध्यक्ष एस प्रभाकरण भी शामिल हुए। सुप्रीम कोर्ट ने 18 मई 2022 को अनुच्छेद 142 के तहत शक्ति का प्रयोग करते हुए पेरारिवलन की रिहाई का आदेश दिया था।


# धर्म पूछा, कलमा पढ़ने को कहा, फिर सुरक्षा गार्डों को चाकू घोंपा

## महाराष्ट्र के ठाणे में पहलगाम जैसी घटना, गिरफ्तार आरोपी से मिले आईएसआईएस के दस्तावेज

**मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र के ठाणे में सोमवार तड़के पहलगाम के आतंकी हमले से मिलती-जुलती घटना हुई। दो सुरक्षा गार्डों से धर्म पूछने और कलमा पढ़ने के लिए कहने के बाद एक शख्स ने उन पर चाकू से हमला कर दिया और दोनों को गंभीर रूप से घायल करने के बाद भाग निकला। बाद में उसे सीसीटीवी फुटेज से पहचान करने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की जांच एटीएस को सौंपी गई है। एटीएस ने उसके आवास से अकेले ही हमला करने और इस्लामिक स्टेट का उल्लेख करने वाला एक नोट, एक लैपटॉप और कुरान की तीन प्रतियां बरामद की हैं।

एटीएस के मुताबिक आरोपी की पहचान 31 वर्षीय जैब जुबैर अंसारी के रूप में हुई है जो 2020 में अमेरिका से भारत लौटा था। सोमवार तड़के उसने ठाणे के मीरा रोड इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत में हुई कहासुनी के बाद सुरक्षा गार्ड से कथित तौर पर उनका धर्म पूछा था। एक पीड़ित के मुताबिक इसके बाद उसने उन्हें कलमा पढ़ने को कहा। वे ऐसा नहीं कर पाए तो उसने चाकू से उन पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इससे पहले आरोपी ने सुरक्षा गार्डों से किसी मस्जिद का पता पूछा था और उन्होंने उसकी जानकारी होने से इन्कार कर दिया था। एटीएस के एक अधिकारी के अनुसार, अभी तक की जांच में पता चला है कि इस हमले में अंसारी अकेले ही शामिल था। महाराष्ट्र सरकार की ओर से जांच सौंपे जाने के बाद एटीएस ने घटना स्थल से करीब 200 मीटर दूर मीरा रोड स्थित नया नगर के स्मिता रीजेंसी भवन स्थित आवास की तलाशी ली, जहां वह अकेले रहता था।


चाकू लेकर खड़ा आरोपी। ● सीसीटीवी फुटेज

### अमेरिका में 20 साल रहकर लौटा था भारत


ठाणे पुलिस ने सील किया घर।

एटीएस ने बताया कि आरोपी 2000 से 2020 तक अपने माता-पिता के साथ अमेरिका में रहता था। वर्क परमिट समाप्त होने के बाद वह भारत लौट आया और कुछ समय तक मुंबई के कुर्ला और पड़ोसी नवी मुंबई के वाशी में रहा। 2022 से वह स्मिता रीजेंसी बिल्डिंग में अकेला रह रहा उसकी पत्नी अफगान है जो उसे छोड़कर अमेरिका चली गई। मीरा भायंदर-वसई विरार क्षेत्र में मिश्रित आबादी रहती है, जिसमें मुस्लिम बहुल एक क्षेत्र भी शामिल है।

### खुद ही कट्टरपंथी बनने जैसा मामला : फडणवीस

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि आरोपी कई वर्षों से अमेरिका में रह रहा था और संभवत: ऑनलाइन सामग्री और किताबों से प्रभावित होकर चरमपंथी मानसिकता अपना बैठा। ऐसा लगता है कि इसी से प्रभावित होकर उसने जिहाद और दूसरे धर्मों के लोगों की हत्या की सोच विकसित कर ली। हालांकि एटीएस और एनआईए जैसी एजेंसियों की मदद से हम इस बात की जांच करेंगे कि इस कट्टरपंथ के पीछे कौन है और क्या इसमें अन्य लोग भी शामिल हैं।

# जामिया मिल्लिया में राष्ट्रीय स्वयं संघ के कार्यक्रम का भारी विरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्रों ने मंगलवार को परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का कड़ा विरोध किया। दिल्ली पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स की भारी तैनाती के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने प्रवेश द्वार को बंद कर अतिथियों को ऑडिटोरियम के अंदर आने से रोक दिया। उन्होंने संघ के कार्यक्रम को केंद्रीय विश्वविद्यालय की गरिमा के खिलाफ बताया और उसे रद्द करने की मांग की।

छात्रों ने इस दौरान 'जामिया हमारा विश्वविद्यालय है, आपकी शाखा नहीं' और 'कैंपस के भगवाकरण को बंद करो' जैसे पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इंकलाब जिंदाबाद के भी नारे लगाए और ऑडिटोरियम के प्रवेश द्वार को अवरुद्ध कर दिया। लेफ्ट विंग के छात्र संगठनों स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) ने इस विरोध का नेतृत्व किया। एक प्रदर्शनकारी ने बताया कि आरएसएस अपने मुख्य अतिथि को ऑडिटोरियम में ले जाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन छात्रों ने मुख्य द्वार पर मोर्चा संभाल लिया और आरएसएस पदाधिकारियों से कैंपस से निकलने को कहा।

आइसा ने एक बयान में कहा कि जामिया में आरएसएस के लिए कोई जगह नहीं है। आइसा ने आरोप लगाया कि जिस संगठन ने स्वतंत्रता आंदोलन में कोई भूमिका नहीं निभाई, वह आज अपनी सत्ता मजबूत करने के लिए राष्ट्रवाद का कार्ड खेल रहा है। एसएफआई ने सोमवार को एक बयान में कहा, अल्पसंख्यक छात्रों वाले परिसर में संघ का कार्यक्रम आयोजित करना एक प्रत्यक्ष उकसावा और उसकी गरिमा व सुरक्षा पर हमला है।

**दूसरे कॉलेजों में भी हो चुका है विरोध:** जामिया में मंगलवार को बढ़ा यह तनाव दिल्ली विश्वविद्यालय के उन कॉलेजों की घटनाओं के बाद हुआ जहां हाल ही में संघ से जुड़े कार्यक्रमों का छात्रों और शिक्षक निकायों ने कड़ा विरोध किया था।


जामिया मिल्लिया के गेट पर पुलिस-प्रदर्शनकारियों में भिड़ंत।

- भारी पुलिस बल की तैनाती के बावजूद मुख्यद्वार बंद कर अतिथियों को आने से रोका
- जामिया हमारा विश्वविद्यालय आपकी शाखा नहीं के नारे लगे

# मेलानिया के चेहरे पर विधवा होने के इंतजार जैसी चमक... भद्दे मजाक पर भड़के ट्रंप

- जिमी किमेल को एबीसी की नौकरी से निकालने की मांग की

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप ने जिमी किमेल के एक आपत्तिजनक मजाक को लेकर एबीसी से उन्हें नौकरी से निकालने की मांग की है। किमेल ने बृहस्पतिवार को 'जिमी किमेल लाइव' के दौरान मजाक करते हुए कहा था कि मेलानिया के चेहरे पर विधवा होने का इंतजार कर रही महिला जैसी चमक है।

मेलानिया ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, किमेल जैसे लोगों को हर शाम टीवी के जरिए घरों में घृणा फैलाने का मौका नहीं दिया जाना चाहिए। राष्ट्रपति ट्रंप ने भी बाद में इसी बात को दोहराया।

इस मामले पर एबीसी की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। किमेल अपनी प्रस्तुतियों के जरिए लंबे समय से राष्ट्रपति ट्रंप को निशाना बनाते रहे हैं तथा पिछले साल प्रशासन के साथ टकराव के बाद उन्होंने अपनी टिप्पणियों को और तीखा कर दिया। रूढ़िवादी नेता चार्ली किर्क की हत्या पर की गई एक टिप्पणी के बाद एबीसी ने उन्हें निलंबित कर दिया था और नेटवर्क के कुछ सहयोगी चैनलों ने भी उनका शो बंद करने का फैसला किया था। ट्रंप के संघीय संचार आयोग के प्रमुख ब्रेंडन कार ने इन कदमों का समर्थन किया था। हालांकि बाद में एबीसी और उससे जुड़े चैनलों ने किमेल को वापस ले लिया।

### होर्मुज में जहाजों की आवाजाही रुकने से 20,000 नाविक फंसे

**दुबई।** होर्मुज जलडमरूमध्य को पार न कर पाने के कारण सैकड़ों जहाजों पर सवार लगभग 20,000 नाविक खाड़ी में फंसे हुए हैं। इनमें गैस और तेल के टैंकर सहित कई मालवाहक जहाज शामिल हैं। समुद्र संबंधी डेटा देने वाली कंपनी लॉयड्स लिस्ट इंटेलिजेंस के अनुसार 13 से 19 अप्रैल के दौरान इस जलडमरूमध्य से लगभग 80 जहाज गुजरे। युद्ध से पहले यहां से रोज 130 से ज्यादा जहाज गुजरते थे। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, युद्ध शुरू होने के बाद अब तक दर्जनों जहाजों पर हमलों में 10 नाविकों की मौत हो चुकी है।

### पाकिस्तान: आंखों के इलाज के बाद इमरान खान को वापस जेल भेजा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में मंगलवार को एक स्थानीय अस्पताल में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की दाहिनी आंख की बीमारी का इलाज किया गया और फिर उन्हें वापस जेल भेज दिया गया। जेल में बंद खान (74 वर्ष) को जनवरी के अंत में दाहिनी 'सेंट्रल रेटिनल वेन आक्कलुजन' का पता चला था और उन्हें 'पाकिस्तान आयुर्विज्ञान संस्थान में लाया गया था, जहां उन्हें एंटी-वीईजीएफ इंजेक्शन दिया गया था, जो हर महीने दोहराया जाता है। उनका आखिरी इलाज 23 मार्च को हुआ था। पीआईएम के प्रवक्ता के अनुसार, खान को मंगलवार को नेत्र संबंधी उपचार के लिए अस्पताल लाया गया था और उन्हें चौथा इंट्राविट्रियल इंजेक्शन दिया गया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नई कार्ययोजनाओं को गति मिलेगी। जल्दबाजी में कोई बड़ा निवेश करने से बचें।

**तुला** – आज साझेदारी के कार्यों में अपेक्षित लाभ मिलेगा। नए व्यावसायिक अवसर प्राप्त होंगे। पुराने मतभेद सुलझेंगे।

**वृष** – आज रुका हुआ धन प्राप्त होने से होगा। परिवार के साथ सुखद समय व्यतीत होगा। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतना जरूरी है।

**वृश्चिक** – आज शत्रुओं पर आपकी विजय सुनिश्चित है। नौकरीपेशा को सुखद समाचार मिल सकता है। कानूनी मामलों में स्थिति पक्ष में रहेगी।

**मिथुन** – आज संपर्कों का लाभ मिलेगा। व्यावसायिक यात्राएं सफल रहेंगी। कार्यक्षेत्र में आपकी बुद्धि और कौशल की सराहना होगी।

**धनु** – आज नई योजनाओं पर काम शुरू करने का सही समय है। रचनात्मक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन उत्तम रहेगा। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी।

**कर्क** – आज कार्यभार बढ़ सकता है। अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। मानसिक शांति के लिए थोड़ा समय एकांत में बिताएं।

**मकर** – आज घरेलू सुख-सुविधाओं पर धन खर्च हो सकता है। माता के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। कार्यस्थल पर काम की अधिकता रहेगी।

**सिंह** – आज भाग्य का पूरा साथ मिलेगा। अटके हुए सरकारी कार्य पूर्ण होंगे। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।


**कुंभ** – आज पराक्रम में वृद्धि होगी। भाई-बहनों का सहयोग मिलेगा। नए विचारों को साझा करने से करियर में उन्नति के नए रास्ते खुलेंगे।

**कन्या** – आज दिन थोड़ा चुनौतीपूर्ण रह सकता है। अनावश्यक खर्चों और वाद-विवाद से दूर रहें। महत्वपूर्ण निर्णय टाल देना बेहतर होगा।

**मीन** – आज धन संचय के प्रयास सफल होंगे। आय के नए स्रोत विकसित होंगे। परिवार में किसी धार्मिक कार्य की रूपरेखा बन सकती है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 29 अप्रैल, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष- शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी 19.51 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- ग्रीष्म।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-हस्त 30 अप्रैल 00.16 तक तत्पश्चात चित्रा।

### सुडोकू - 133 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 1 | 2 | 9 | 5 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 5 | 1 | 6 | 8 | 4 | 9 | 3 | 7 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 7 | 6 | 3 | 1 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 4 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 2 |
| 1 | 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 |
| 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 4 | 1 |

### सुडोकू -134

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 4 | 8 | | | | |
| 1 | | | | 3 | | | 5 | 8 |
| 6 | | | | 2 | | 4 | | |
| | | 7 | | 6 | | | | |
| 4 | | | 2 | | 9 | | | |
| | | | | 4 | | 8 | | |
| | | 3 | | 9 | | | | |
| 9 | 5 | | | | | | | |
| | | 6 | 7 | 5 | 4 | | | |

**कड़े कदम** — केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की ताजा स्थिति रिपोर्ट, ऑनलाइन ठगी के खिलाफ कड़े कदम उठाने की दी जानकारी

# डिजिटल अरेस्ट के मामले में व्हाट्सएप ने बंद किए करीब 9,400 खाते

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि डिजिटल अरेस्ट घोटालों के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए दूरसंचार नियामकों, सेवा प्रदाताओं, भारतीय रिजर्व बैंक, प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों एवं सीबीआई को शामिल करते हुए बहुस्तरीय कार्रवाई की गई है। इसके अलावा व्हाट्सएप ने भी ऐसे अपराधों में शामिल 9,400 खातों पर रोक लगा दी है।

गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने अपनी विस्तृत स्थिति रिपोर्ट में इस कार्रवाई का ब्योरा दिया। यह रिपोर्ट देश में डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के नौ फरवरी के निर्देशों के अनुपालन में दाखिल की गई है। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने डिजिटल अरेस्ट के मामलों का स्वतः संज्ञान लेते हुए कई निर्देश जारी किए थे। इनमें रिजर्व बैंक, दूरसंचार विभाग और अन्य से ऐसे मामलों में मुआवजे की व्यवस्था के लिए रूपरेखा तैयार करने को लेकर संयुक्त बैठक करने को भी कहा गया था। इसी क्रम में अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी के माध्यम से दाखिल स्थिति रिपोर्ट में इस वर्ष जनवरी से 12 सप्ताह में व्हाट्सएप द्वारा की गई कार्रवाई का ब्योरा दिया गया है।

### प्रोफाइल में सरकारी प्रतीक चिह्नों का इस्तेमाल करने पर बंद होंगे खाते

**धोखाधड़ी रोकने के लिए नए कदम**

- नए खातों से कॉल आने पर दी जाएगी चेतावनी

स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षा बढ़ाने के लिए कई नए कदम लागू किए जा रहे हैं। व्हाट्सएप की ओर से इनमें 'लोगो' का पता लगाने का तंत्र भी शामिल है, ताकि प्रोफाइल तस्वीरों में पुलिस या सरकारी प्रतीक चिह्नों का इस्तेमाल करने वाले खातों की पहचान कर उन्हें हटाया जा सके। व्हाट्सएप एक नई सुविधा शुरू करने पर विचार कर रहा है, जिसके तहत लोगों को नए बनाए गए या कम अवधि से सक्रिय खाते से कॉल आने पर चेतावनी दी जाएगी। इसके अलावा दूरसंचार विभाग और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने फर्जी सिम कार्ड निष्क्रिय करने के लिए नई समयसीमा निर्धारित की है और संदिग्ध सिम कार्डों की पहचान होने के दो से तीन घंटे के अंदर उन्हें ब्लॉक करने की व्यवस्था पर काम कर रही है।

### संदिग्ध लेनदेन पर अस्थायी रोक लगाएंगे बैंक

रिपोर्ट के अनुसार, प्रमुख प्रस्तावों में से एक प्रस्ताव बायोमेट्रिक पहचान प्रणाली लागू करना है, ताकि सिम कार्ड जारी करने की प्रक्रिया की सभी नेटवर्क पर निगरानी की जा सके। दूरसंचार विभाग दिसंबर 2026 तक इसे लागू करेगा। रिजर्व बैंक ने एक एसओपी बनाई है, जिसमें बैंकों को संदिग्ध लेनदेन पर अस्थायी रोक लगाने का निर्देश दिया गया है, ताकि धन हस्तांतरण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले फर्जी या मध्यस्थ खातों की गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके।

### 10 करोड़ की ठगी की जांच सीबीआई करेगी

रिपोर्ट के मुताबिक सीबीआई ने डिजिटल अरेस्ट मामले की जांच अपने हाथ में लेने के लिए 10 करोड़ रुपये के नुकसान की सीमा तय की है।



> दिल्ली कैपिटल्स के लिए घबराने का समय नहीं है बल्कि उन्हें यह सब भूलकर नए सिरे से शुरुआत करनी होगी। डीडी के खिलाड़ी सब कुछ भूलकर आगे बढ़ें, सकारात्मक क्रिकेट खेलें। यह सुनिश्चित करें कि ड्रेसिंग रूम में बहुत सकारात्मक माहौल बना रहे। –पियूष चावला


# स्टेडियम

मुरादाबाद, बुधवार, 29 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

सनराइजर्स हैदराबाद

बनाम

मुंबई इंडियंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

## हाईलाइट

### भारतीय भारोत्तोलकों ने जीते चार स्वर्ण पदक

**नई दिल्ली।** भारतीय भारोत्तोलकों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए समोआ के अपिया में चल रही राष्ट्रमंडल युवा एवं जूनियर भारोत्तोलन चैंपियनशिप और संबंधित यूनिवर्सल कप (सीनियर) में प्रतियोगिता के दूसरे दिन चार स्वर्ण पदक जीते। सुनील सिंह ने 65 किलोग्राम पुरुष वर्ग में कुल 271 किलोग्राम (स्नैच में 126 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 145 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक हासिल किया, जबकि ऐसांगफा गोगोई ने 58 किलोग्राम महिला वर्ग में और अभिनव गोगोई ने 71 किलोग्राम पुरुष वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। ऐसांगफा ने कुल 185 किलोग्राम (स्नैच में 79 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 106 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि अभिनव ने कुल 284 किलोग्राम (स्नैच में 129 किलोग्राम और क्लीन एवं जर्क में 155 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यूनिवर्सल कप में अरुणाचल प्रदेश के चारू पेसी ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में 289 किलोग्राम (स्नैच में 127 किलोग्राम और क्लीन एंड जर्क में 162 किलोग्राम) के कुल भार के साथ स्वर्ण पदक जीता।

### विस्मया व श्रीनिवास को नाडा ने किया प्रतिबंधित

**नई दिल्ली :** एशियाई खेलों 2018 में चार गुणा 400 मीटर रिले में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय धाविका वी.के. विस्मया को प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन में दोषी पाए जाने के करीब दो साल बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के डोपिंग रोधी अनुशासनात्मक पैनल ने दो साल के निलंबन की सजा सुनाई है। विस्मया 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाली भारतीय महिला रिले टीम का हिस्सा थीं। उनके नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ क्लोमिफीन की पुष्टि होने के बाद 2024 में उन्हें अस्थायी रूप से निलंबित किया गया था। यह पदार्थ हार्मोन और मेटाबोलिक मॉड्यूलेटर श्रेणी में आता है और खिलाड़ी के लिए हर समय प्रतिबंधित है। उनका नमूना 15 अगस्त 2024 को कोच्चि के पास पेरुंबवूर स्थित उनके घर पर प्रतियोगिता से बाहर परीक्षण के दौरान लिया गया था।

### सिल्वा और उनके कार्यकारी परिषद के सदस्यों ने दिया इस्तीफा

**कोलंबो।** आलोचनाओं का सामना कर रहे श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा और उनकी कार्यकारी समिति के सदस्यों ने मंगलवार को यहां एक विशेष बैठक में अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। यह कदम उस समय उठाया गया जब देश के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने नए प्रशासन के गठन की मांग की थी। कार्यकारी समिति के एक सूत्र ने बताया कि करीब तीन घंटे चले विचार–विमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया। समिति के सदस्य हालांकि इस बारे में चुप्पी साधे रहे कि खेल मंत्री सुनील कुमारा गामगे को इस्तीफा सौंपने के बाद आगे क्या कदम उठाए जाएंगे। राष्ट्रपति के इस्तीफा देने के आग्रह के बाद यह अहम बैठक सिल्वा ने ही बुलाई थी।

# पीएम ने बीसीसीआई की छह इंडोर क्रिकेट अकादमियों का किया उद्घाटन

**गंगटोक, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पूर्वोत्तर भारत में छह अत्याधुनिक इंडोर क्रिकेट अकादमियों का उद्घाटन किया जो इस क्षेत्र में क्रिकेट के बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के कार्यक्रम का हिस्सा हैं।

ये अकादमियां रंगपो (सिक्किम), दोइमुख (अरुणाचल प्रदेश), इंफाल (मणिपुर), मदनकुरक्लांग (मेघालय), आइजोल (मिजोरम) और दीमापुर (नगालैंड) में स्थित हैं। बीसीसीआई ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, ' प्रधानमंत्री ने सिक्किम के गंगटोक में एक राजकीय समारोह के दौरान इन सुविधाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया।

यह खेल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और पूर्वोत्तर क्षेत्र की अपार खेल क्षमता को सामने लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।'' उद्घाटन समारोह में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (अईसीसी) के चेयरमैन जय शाह और बीसीसीआई के पदाधिकारी मौजूद थे जबकि पूर्वोत्तर के अन्य पांच राज्यों के प्रशासक वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इस कार्यक्रम से जुड़े। बीसीसीआई ने कहा, ''इस परियोजना की परिकल्पना बीसीसीआई द्वारा की





गंगटोक में एक समारोह के दौरान वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करते पीएम मोदी।

गई थी और इसे जय शाह के नेतृत्व में आगे बढ़ाया गया। उन्होंने अपने सचिव कार्यकाल के दौरान इस पर विशेष ध्यान दिया जिसका मुख्य उद्देश्य उभरते हुए क्षेत्रों में क्रिकेट के पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना था।'' उन्होंने कहा, ''इन अकादमियों की आधारशिला मई 2024 में शाह द्वारा रखी गई थी। इसके साथ ही पूर्वोत्तर क्षेत्र में विश्व स्तरीय क्रिकेट बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए एक सुनियोजित प्रयास की शुरुआत हुई।'' इन अकादमियों को हाई परफोर्मेंस सेंटर के तौर पर डिजाइन किया गया है।

इनमें इंडोर अभ्यास पिच, अत्याधुनिक जिम, तापमान-नियंत्रित तैराकी पूल और प्रशासन तथा प्रशिक्षण के लिए अलग से ब्लॉक बनाए गए हैं। ये सुविधाएं खिलाड़ियों को पूरे साल प्रशिक्षण की सुविधा देंगी। इससे विशेष रूप से इस क्षेत्र में लंबे समय तक चलने वाले मॉनसून के कारण आने वाली चुनौतियों से निपटने में मदद मिलेगी। साथ ही खिलाड़ियों को पेशेवर प्रशिक्षण के लिए देश के अन्य हिस्सों में जाने की जरूरत भी काफी हद तक कम हो जाएगी। बीसीसीआई के अध्यक्ष मिथुन मन्हास ने कहा, ''यह पहल क्रिकेट के बुनियादी ढांचे को हर क्षेत्र तक पहुंचाने और इस खेल के लिए एक मजबूत, अधिक समावेशी नींव बनाने के हमारे साफ इरादे को दिखाती है।'' उन्होंने कहा, ''यह इस बात को पक्का करने की दिशा में भी एक अहम कदम है कि पूर्वोत्तर के उभरते हुए क्रिकेटरों को भी देश में किसी अन्य जगह की तरह ही अच्छे स्तर की सुविधाएं मिलें।''

### ऑरेंज कैप








- **अभिषेक शर्मा** हैदराबाद –380 रन
- **केएल राहुल** दिल्ली–358 रन
- **वैभव सूर्यवंशी** राजस्थान–357 रन

### पर्पल कैप








- **भुवनेश्वर कुमार** आरसीबी–14 विकेट
- **अंशुल कंबोज** चेन्नई –14 विकेट
- **इशान मलिंगा** हैदराबाद–14 विकेट

# राजस्थान के खिलाफ पंजाब ने बनाए 222 रन

## आईपीएल : प्रभसिमरन सिंह और मार्कस स्टोइनिस के आतिशी अर्धशतकों से पंजाब हुआ मजबूत






प्रभसिमरन सिंह

**मुल्लांपुर, एजेंसी।**

प्रभसिमरन सिंह (59) और मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 62) के आतिशी अर्धशतकों से पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मंगलवार को आईपीएल मुकाबले में चार विकेट पर 222 रन का मजबूत स्कोर बना लिया। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी कर रहे पंजाब के लिए सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन ने 44 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाया जबकि स्टोइनिस ने ज्यादा तीखे तेवर दिखाते हुए मात्र 22 गेंदों में चार चौके और छह छक्के उड़ाए। प्रभसिमरन के 59 रन, प्रियांश आर्य के 29, कोनोली और अय्यर के 30-30 और स्टॉयनिस के 22 गेंद पर 62 धुआंधार रनों की बदौलत पंजाब ने 222 रन बना दिए।

मिडिल ओवर्स में रन गति धीमी हुई थी लेकिन आख़िर के ओवर्स में स्टोइनिस ने काफी धमाकेदार बल्लेबाजी की। आख़िरी 3 ओवर में 55 रन बने। स्टोइनिस ने आखिरी ओवर में 24 रन जड़े जिसमें तीन चौके और दो छक्के शामिल थे। शुरुआत में, प्रियांश ने दूसरे ओवर में आंद्रे बर्गर की जमकर धुनाई की और 21 रन बनाए, लेकिन जोफ्रा आर्चर ने अगले ही ओवर में उन्हें आउट करके तुरंत पलटवार किया। इसके बाद प्रभसिमरन और कोनोली ने मिलकर 50 से ज़्यादा रनों की तेज़ साझेदारी की, जिससे मध्यक्रम के लिए एक मजबूत नींव रखी गई। लेकिन प्रभसिमरन के आउट होने





मार्कस स्टोइनिस

से खेल की गति थोड़ी धीमी पड़ गई, जिसके बाद स्टोइनिस ने मोर्चा संभाला और यह सुनिश्चित किया कि मिली हुई मज़बूत शुरुआत बेकार न जाए।

उनकी 22 गेंदों में खेली गई 62 रनों की तूफ़ानी पारी ने पंजाब किंग्स को इस पिच पर एक औसत स्कोर माने जाने वाले आंकड़े से भी कहीं आगे पहुंचा दिया है। जैसे-जैसे गेंद पुरानी होती जा रही है, वह बल्ले पर उतनी अच्छी तरह से नहीं आ रही है, और धीमी गेंदें पिच पर रुककर आ रही हैं। राजस्थान रॉयल्स के गेंदबाज़ आखिरी ओवरों में इन विविधताओं को ठीक से इस्तेमाल नहीं कर पाए, और यह उन्हें काफ़ी महंगा पड़ा।

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 7 | 6 | 0 | 1 | 13 | 1.333 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 8 | 6 | 2 | 0 | 12 | 1.919 |
| 3. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | 0.815 |
| 4. | राजस्थान रॉयल्स | 8 | 5 | 3 | 0 | 10 | 0.602 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 8 | 4 | 4 | 0 | 8 | -0.475 |
| 6. | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -0.121 |
| 7. | दिल्ली कैपिटल्स | 8 | 5 | 4 | 0 | 6 | -1.060 |
| 8. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 8 | 2 | 5 | 1 | 5 | -0.751 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -0.736 |
| 10. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -1.106 |

# हैदराबाद की बल्लेबाजी को रोकना मुंबई के लिए चुनौती

**मुंबई, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग का 41वां मैच एक ज़बरदस्त "बचने बनाम आगे बढ़ने" का मुकाबला होने वाला है, जिसमें मुंबई इंडियंस मंगलवार को वानखेड़े स्टेडियम में शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स हैदराबाद से भिड़ेगी। मुंबई के लिए समीकरण सीधा है, लेकिन मुश्किल भी। सात मैचों में सिर्फ़ दो जीत के साथ, पाँच बार की चैंपियन टीम टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर है और उसे प्लेऑफ़ की उम्मीदें ज़िंदा रखने के लिए हर हाल में जीत हासिल करनी होगी।

इस सीजन में टीम का प्रदर्शन काफ़ी उतार-चढ़ाव भरा रहा है; बल्लेबाज़ी और गेंदबाज़ी, दोनों ही विभाग एक साथ मिलकर अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं। एक और हार टूर्नामेंट में उनके आगे बढ़ने की संभावनाओं को लगभग पूरी तरह





से खत्म कर सकती है। कप्तान हार्दिक पंड्या के नेतृत्व की कड़ी परीक्षा होने वाली है, क्योंकि उन्हें अपनी खराब प्रदर्शन कर रही टीम को एकजुट करके आगे बढ़ाना है। रोहित शर्मा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की वापसी और मौजूदगी से ऊपरी क्रम को कुछ राहत मिली है, जबकि टीम पारी को संभालने और गति देने के लिए सूर्यकुमार यादव की शानदार बल्लेबाज़ी और स्ट्रोक-प्ले पर काफ़ी हद तक निर्भर रहेगी। हालाँकि, मुंबई की मुश्किलें सिर्फ़ बल्लेबाज़ी तक ही सीमित नहीं हैं। जसप्रीत बुमराह की अगुवाई वाले गेंदबाज़ी आक्रमण में वह पैनापन और नियंत्रण देखने को नहीं मिला है, जिसके लिए वह आमतौर पर जाने जाते हैं।

# हम पिछले मैच की निराशा से उबर ही नहीं पाए थे : अक्षर पटेल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

शनिवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने पंजाब किंग्स के ख़िलाफ़ 264 रनों का पहाड़ सा स्कोर बनाया था, लेकिन फिर भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दो दिन बाद सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) के ख़िलाफ़ उसी बल्लेबाज़ी क्रम का स्कोर चौथे ओवर में आठ रन पर छह विकेट था और जॉश हेज़लवुड व भुवनेश्वर कुमार की टेस्ट मैचों जैसी गेंदबाज़ी के सामने डीसी की पूरी टीम सिर्फ़ 16.3 ओवरों में ही 75 रन पर ऑलआउट हो गई। डीसी के कप्तान अक्षर पटेल ने ना सिर्फ़ ख़राब बल्लेबाज़ी, बल्कि पिछले मैच की निराशा और ख़राब क़िस्मत को भी इस प्रदर्शन का दोष दिया। प्रेस कॉन्फ़्रेंस में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, "पिछले मैच में जो हुआ, उसकी वजह से मुझे लगता है कि टीम में थोड़ी झिझक थी। इतने रन बनाने के बाद अगर आप देखोगे तो 10 में से नौ बार किसी टीम को जीत मिलती है। लेकिन उस हार के बाद हमें लगा कि हम यह विशाल टोटल भी डिफ़ेंड नहीं कर सकते हैं। उन्होंने साथ ही कहा, "इसके अलावा हमारी क़िस्मत भी इस मैच में ख़राब थी। ऐसा नहीं हुआ कि कोई बल्लेबाज़ सेट होकर आउट हुआ।



# ज्वेरेव ने मैड्रिड में लगातार 9वीं जीत की दर्ज

**मैड्रिड, एजेंसी**

अलेक्जेंडर ज्वेरेव सोमवार रात मैड्रिड ओपन में दबाव के बावजूद डटे रहे। उन्होंने मैच के आखिरी पलों में आई थोड़ी सी मुश्किल का सामना करते हुए एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में अपनी शानदार बढ़त को जारी रखा। दूसरी वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी दूसरे सेट में 5-3 के स्कोर पर मैच खत्म करने वाली सर्विस नहीं कर पाए, जब टेरेंस आत्मान ने मैच का पासा पलटने की कोशिश की, लेकिन ज्वेरेव ने खुद को संभाला और 6-3, 7-6(2) से जीत हासिल की। मनोलो सैन्टाना



स्टेडियम में 1 घंटे 37 मिनट तक चले इस मैच में जीत के साथ, दो बार के मैड्रिड चैंपियन ज्वेरेव ने इस टूर्नामेंट में अपने नौवें प्रयास में नौवीं बार अंतिम 16 में जगह बनाई है। 2025 सीजन की शुरुआत थोड़ी उतार-चढ़ाव भरी रही थी-जिसमें ऑस्ट्रेलियन ओपन के फ़ाइनल तक का सफर शामिल था।

### मैड्रिड ओपन के क्वार्टर-फाइनल में सिनर

- जानिक सिनर ने मंगलवार को यहाँ 2026 मैड्रिड ओपन के राउंड ऑफ़ 16 में ग्रेट ब्रिटेन के कैमरन नॉरी को सीधे सेटों में 6–2, 7–5 से आसानी से हरा दिया और अगले मुकाबले में, सिनर सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए राफेल जोडर या विट कोप्रिवा में से किसी एक का सामना करेंगे। क्वार्टर फाइनल के मुकाबले 29 और 30 अप्रैल को होंगे, जबकि फाइनल 3 मई को खेला जाएगा।

**महिला टी20 रैंकिंग**

**भारत की युवा खिलाड़ी श्री चरणी ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की**

# पांचवें स्थान पर खिसकीं स्मृति, दीप्ति चौथे स्थान पर





ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा

**दुबई, एजेंसी**

भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी आईसीसी की नवीनतम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में एक स्थान नीचे खिसककर पांचवें स्थान पर आ गईं जबकि ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा गेंदबाजों की सूची में चौथे स्थान पर पहुंच गईं।

बल्लेबाजों की सूची में अन्य महत्वपूर्ण बदलावों में भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर शामिल हैं जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में संपन्न श्रृंखला में 169 रन बनाने के बाद एक स्थान के फायदे से 646 अंक के साथ फिर से शीर्ष 10 में शामिल हो गई हैं। वहीं ऋचा घोष दो स्थान ऊपर चढ़कर 22वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वोलवार्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से तीसरे स्थान पर हैं और उन्होंने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 786 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। अब वह दूसरे स्थान पर मौजूद बेथ मूनी से सिर्फ दो रेटिंग अंक पीछे हैं। जॉर्जिया वोल 815 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। वोलवार्ट ने 56 गेंद में नाबाद 92 रन बनाकर भारत के खिलाफ पांच मैच की श्रृंखला का अंत 330 रन के साथ किया जो किसी भी महिला द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला में किसी एक खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन हैं। उनकी टीम ने श्रृंखला 4-1 से जीती। टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। इस सूची में पाकिस्तान की स्पिनर सादिया इकबाल शीर्ष पर बनी हुई हैं जबकि टी20 विश्व कप से पहले भारत की ऑलराउंडर दीप्ति और



दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नॉनकुलुलेको मलाबा संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। भारत की युवा खिलाड़ी श्री चरणी ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की है। बेनोनी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के अंतिम मैच में दो विकेट लेने के बाद बाएं हाथ की यह गेंदबाज 12 स्थान की छलांग लगाते हुए 11वें पायदान पर हैं।

# थॉमस–उबेर कप : चीन की पुरुष और महिला टीमों ने दर्ज की जीत

**होरसेंस (डेनमार्क), एजेंसी**

चीन की पुरुष और महिला दोनों टीमों ने सोमवार को 2026 थॉमस और उबेर कप फ़ाइनल में कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की, और व्यस्त कार्यक्रम तथा देर रात की मुश्किलों पर काबू पाया। थॉमस कप के ग्रुप ए के दूसरे दौर में, चीन ने कनाडा को 4-1 से हराया, जबकि उसकी शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी शी यूकी बीमारी के कारण देर से मुकाबले से हट गई थीं। शी, जिन्हें चीन की शीर्ष एकल खिलाड़ी के रूप में सूचीबद्ध किया गया था, को टीम सूची जमा होने के बाद पेट की समस्या हो गई थी।

टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार, एक बार टीमों की सूची का आदान-प्रदान हो जाने के बाद उसमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकता। अपनी शारीरिक स्थिति और आगे होने वाले मैचों को देखते हुए, शी ने मुकाबले से हटने का फैसला किया, जिससे कनाडा को शुरुआती 1-0 की बढ़त मिल गई। चीन की शीर्ष युगल जोड़ी लियांग वेइकिंग और वांग चांग ने शुरुआती कड़ा गेम 24-22 से जीता, और फिर मैच को 21-14 से अपने नाम कर लिया। इसके बाद ली शिफेंग ने ब्रायन यांग को 2-1 से हराकर चीन को बढ़त दिला दी। युगल की दूसरी जोड़ी हे जिटिंग और रेन शियांग्यू, तथा एकल खिलाड़ी वेंग होंगयांग, दोनों ने शेष मुकाबलों में सीधे गेम में जीत हासिल करके टीम की कुल जीत सुनिश्चित की।

### भारत का उबेर कप में सफर ग्रुप स्टेज में ही खत्म

- भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने उबेर कप 2026 के ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में चीन के ख़िलाफ़ ज़ोरदार प्रदर्शन किया, लेकिन 5–0 से हारकर ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई। भारत, जो डेनमार्क से 3–2 से मामूली हार और यूक्रेन पर 4–1 की जीत के बाद इस मुक़ाबले में उतरा था, उसे क्वार्टर–फ़ाइनल में जगह बनाने की दौड़ में बने रहने के लिए जीत की जरूरत थी। ग्रुप की शीर्ष दो टीमें – चीन और मेजबान डेनमार्क – आगे बढ़ गईं, जबकि भारत यूक्रेन से आगे तीसरे स्थान पर रहा। बैडमिंटन रैंकिंग में 12वें स्थान पर मौजूद पीवी सिंधु ने सोमवार को शुरुआती सिंगल्स मैच में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी वांग झीयी को कड़ी टक्कर दी। पूर्व विश्व चैंपियन ने निर्णायक गेम के बड़े हिस्से पर अपना दबदबा बनाए रखा और 18–12 की बढ़त बना ली, लेकिन वांग झीयी ने लगातार सात अंक बनाकर 21–16, 19–21, 21–19 से जीत हासिल कर ली।